संक्षेप

## दो के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस दर्ज

**प्रतापगढ़।** रंजिश को लेकर हुई मारपीट व गालीगलौज की घटना में पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मारपीट, एससीएसटी का मुकदमा दर्ज किया है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के थरिया गांव निवासी शिवमंगल पुत्र रामफेर सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती उन्तीस अक्टूबर की रात उसका भाई उमेश सरोज दीवानगंज बाजार से घर लौट रहा था। आरोप है कि गांव के रास्ते पर बाइक से पहुंचे गांव के शारदा प्रसाद वर्मा पुत्र राधेश्याम वर्मा तथा उसके दामाद निवासी हरमापुर ने जातिसूचक गाली देते हुए पीड़ित के भाई को मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। एसओ मनीष त्रिपाठी का कहना है कि जांच के बाद दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## ईरिक्शा की बैटरी चोरी, दी तहरीर

**प्रतापगढ़।** बैटरी चोरी की घटना को लेकर पीड़ित ने शनिवार को पुलिस को तहरीर दी है। लालगंज कोतवाली के पूरे सेवकराय निवासी हरकेश कुमार विश्वकर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती शुक्रवार की रात उसका ईरिक्शा दरवाजे पर खड़ा था। ईरिक्शा में लगी बैटरी देर रात अज्ञात चोर खोल ले गये। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि मामले की जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

## अज्ञात बाइक चालक पर लापरवाही का केस

**प्रतापगढ़।** मार्ग दुर्घटना में वृद्ध के घायल होने की घटना को लेकर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के कटरा संग्राम सिंह गांव निवासी सुशांत द्विवेदी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती सत्ताईस अक्टूबर की शाम करीब चार बजे उसके पिता शिवबालक द्विवेदी पैदल घर से निकले थे। इसी दौरान गांव रास्ते पर अज्ञात बाइक चालक ने पीछेसे टक्कर मार दिया। दुर्घटना में शिवबालक गंभीर रूप से घायल हो गये। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि घटना की जांच के बाद अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते दुर्घटना करने का केस दर्ज किया गया है।

## दंगल प्रतियोगिता आज

**प्रतापगढ़।** सांगीपुर क्षेत्र के रैचनपुर में आज रविवार को प्रदेश स्तरीय दंगल प्रतियोगिता का आयोजन होगा। दंगल प्रतियोगिता में प्रदेश के प्रयागराज, सुल्तानपुर, वाराणसी, रायबरेली आदि जनपदों से नामी गिरामी पहलवान प्रतिभाग करेंगे। यह जानकारी कार्यक्रम के प्रबन्धक सुरेश मिश्र ने दी है।

## डीएम व एसपी ने कार्तिक पूर्णिमा मेले के दृष्टिगत किया निरीक्षण

**सिद्धार्थनगर।** डीएम शिवशरणप्पा जीएन व एसपी डॉ. अभिषेक महाजन ने संयुक्त रूप से कार्तिक पूर्णिमा मेला के दृष्टिगत भारत भारी मेला डुमरियागंज का निरीक्षण किया गया। दौरान निरीक्षण डीएमशिवशरणप्पा जीएन ने मेले में सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने सम्बन्धित को निर्देश दिए कि मेले के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं प्रदान की जाएं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा में लगे जवानों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और मेले के सफल आयोजन के लिए सभी के साथ समन्वय बनाने पर जोर दिया। मेले में सुरक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

# यातायात माह का शुभारंभ

## एसपी डॉ. अभिषेक महाजन ने जागरूकता बाइक रैली को दिखायी हरी झंडी



- रैली के दौरान पैम्फलेट वितरित कर लोगों को यातायात नियमों का पालन करने का संदेश दिया गया

**सिद्धार्थनगर।** जनपद में 01 नवंबर 2025 को 'यातायात माह नवंबर 2025' का विधिवत शुभारंभ हुआ। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने पुलिस लाइन में आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम में 'यातायात जागरूकता बाइक रैली' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस माह का मुख्य उद्देश्य आम जनमानस को यातायात नियमों के महत्व से अवगत कराना है। इसका लक्ष्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना, सुरक्षित और जिम्मेदार ड्राइविंग के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा यातायात अनुशासन का पालन सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी यातायात और टीएसआई सहित पुलिस विभाग के कई अधिकारी व जवान मौजूद रहे। पुलिस लाइन से शुरू हुई यह बाइक रैली शहर के प्रमुख मार्गों और चौराहों से होते हुए वापस पुलिस लाइन पहुंची। रैली के दौरान पैम्फलेट वितरित कर लोगों को यातायात नियमों का पालन करने का संदेश दिया गया। पुलिस अधीक्षक डॉ. महाजन ने कहा कि सुरक्षित यातायात केवल कानून के पालन से नहीं, बल्कि सामाजिक नैतिक जिम्मेदारी से भी जुड़ा है।

उन्होंने वाहन चालकों से मोबाइल/ईयरफोन का प्रयोग न करने, अनावश्यक ओवरस्पीडिंग से बचने, निर्धारित संख्या से अधिक सवारी न बैठाने और नशे की हालत में वाहन न चलाने की अपील की। उन्होंने सीट बेल्ट और हेलमेट के अनिवार्य उपयोग पर भी जोर दिया। एसपी ने अभिभावकों से विशेष अपील की कि वे 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को वाहन चलाने के लिए प्रोत्साहित न करें। उन्होंने इसे कानूनी रूप से गलत और जीवन को जोखिम में डालने वाला बताया। यातायात माह के दौरान जनपद में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें विद्यालयों और शिक्षण संस्थानों में वर्कशॉप, जनसंवाद कार्यक्रम, रोड शो, सोशल मीडिया कैंपेन और स्कूल प्रतियोगिताएं शामिल होंगी, जिनके माध्यम से यातायात सुरक्षा का व्यापक प्रसार किया जाएगा।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस का उद्देश्य दंडात्मक कार्रवाई के साथ-साथ सामाजिक सहभागिता से सुरक्षित यातायात का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने आम जनता से यातायात नियमों का पालन करने और दूसरों को भी प्रेरित करने की अपील की, क्योंकि सड़क सुरक्षा एक सामूहिक जिम्मेदारी है।

## किशोरी से दुष्कर्म मामले में तीन और आरोपी गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर।** किशोरी से दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग के सनसनीखेज मामले में कपिलवस्तु थाना पुलिस ने गुरुवार को तीन और आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपितों में हफीक, जैद और अफरोज शामिल हैं। यह वही मामला है जिसमें नाबालिग का आपत्तिजनक वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल और कई बार दुष्कर्म किए जाने का आरोप लगा था। पुलिस के मुताबिक, जांच के दौरान एक और नाम सामने आने पर मजिस्ट्रेट के समक्ष नाबालिग के बयान के आधार पर नए आरोपित को उसके गांव के पास से गिरफ्तार किया गया। इससे पहले पुलिस ने आठ नामजद आरोपितों – जुनैद, हलीम, मुमताज उर्फ कमर, रैयान, शादाब, हफीक, वैद्य और सिराजुद्दीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। सभी फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने कई टीमों को अलग-अलग जिलों में भेजा है ! पीड़िता के पिता ने बताया कि पड़ोसी गांव का जुनैद सबसे पहले वीडियो बनाने वाला व्यक्ति था। बाद में उसने यह वीडियो अपने साथियों में बांट दिया, जिन्होंने इसी वीडियो के दम पर किशोरी को ब्लैकमेल कर दुष्कर्म किया। उन्होंने कहा, ‘बेटी कई दिनों से मानसिक तनाव में थी। जब उसने बोलना बंद कर दिया, तब हमें अंदाजा हुआ कि मामला बहुत बड़ा है। एसपी सिद्धार्थनगर ने बताया कि इस केस में किसी भी तकनीकी कमी की गुंजाइश नहीं छोड़ी जाएगी। पुलिस टीम ने पीड़िता का मेडिकल दोबारा कराया है। इसके अलावा डिजिटल फॉरेंसिक, मोबाइल डेटा, सीडीआर, चैट हिस्ट्री और वीडियो मटेरियल को केस डायरी में शामिल किया जा रहा है।नाबालिग को साइकोलॉजिकल काउंसलिंग और विशेषज्ञ सहायता भी दी जा रही है ताकि वह ट्रॉमा से उबर सके। घटना को लेकर राजनीतिक हलचल भी तेज हो गई है।गुरुवार को सदर विधायक श्याम धनी राही और डुमरियागंज के पूर्व विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह कपिलवस्तु थाने पहुंचे।दोनों ने पुलिस अधिकारियों से मुलाकात कर कहा कि नाबालिग के साथ हुए इस जघन्य अपराध में किसी भी तरह की देरी या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।उन्होंने पीड़िता के परिवार से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की और सभी आरोपितों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। जिला स्तर से भी निर्देश जारी कर दिए गए हैं कि इस केस में जीरो टॉलरेंस नीति के तहत ही कार्रवाई की जाए। एसपी कार्यालय की मॉनिटरिंग सेल हर अपडेट पर नजर रख रही है।पीड़िता के परिवार की सुरक्षा बढ़ा दी गई है और थाना क्षेत्र को संवेदनशील जोन के रूप में चिह्नित किया गया है।

## खाटू श्याम जन्मोत्सव पर भव्य निशान यात्रा निकली



**श्रावस्ती।** पूर्व सांसद एवं जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा की अध्यक्षता में ह्लहारे का सहारा, बाबा श्याम हमाराह्व के पावन उद्घोष के साथ खाटू श्याम जन्मोत्सव के अवसर पर भिनगा नगर में एक भव्य पैदल निशान यात्रा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर नगर का वातावरण भक्ति, श्रद्धा और आस्था के रंग में रंग उठा। यात्रा में सम्मिलित श्याम भक्तों ने ह्लजय श्री श्यामह्व के गगनभेदी नारों से समूचे नगर को गुंजायमान कर दिया। कीर्तन, भजन, पुष्प वर्षा, ध्वज पूजन तथा दीप सज्जा से पूरा नगर मानो धर्म, प्रेम और अध्यात्म का केंद्र बन गया। पूर्व सांसद दद्दन मिश्रा ने कहा कि ह्लशीश के दानीह्व श्री खाटू श्याम जी का जन्मोत्सव कलियुग में प्रत्यक्ष देवता के अवतरण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जो त्याग, करुणा और समर्पण का अद्वितीय प्रतीक है। कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं ने प्रसाद वितरण, श्याम आरती और भक्तिगीतों के माध्यम से बाबा श्याम के प्रति अपनी अनन्य निष्ठा, कृतज्ञता और विश्वास व्यक्त किया। श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत इस निशान यात्रा में ऐसा दिव्य वातावरण बना कि लगा मानो स्वयं श्याम बाबा की कृपा साक्षात रूप में सभी भक्तों पर बरस रही हो।

## आयीं 139 शिकायतों में बारह निस्तारित

**प्रतापगढ़।** तहसील सभागार में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम व सीओ ने फरियादियों की समस्याओं पर सुनवाई की। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल एक सौ उन्तालिस शिकायतें आयी। जिनमे से अफसरो ने मौके पर बारह शिकायतों का निस्तारण कराया। सर्वाधिक शिकायतें राजस्व विभाग की उन्यासी, पुलिस की अड़तालिस रही। शिकायतों पर सुनवाई करते हुए एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने मातहतो से लंबित शिकायतो की पारदर्शितापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिये। पुलिस से जुड़ी शिकायतों की सुनवाई करते हुए सीओ आशुतोष मिश्र ने शिकायतों पर कार्रवाई के बाबत थानाध्यक्षों को कड़े निर्देश दिये। समाधान दिवस का संचालन तहसीलदार गरिमा वर्मा ने किया। इस मौके पर नायब तहसीलदार वीरेन्द्र मिश्र, ईओ इंद्र प्रताप, एसडीओ विद्युत आशुतोष कुमार, पूर्ति निरीक्षक अमित शुक्ला, वन क्षेत्राधिकारी एसपी मिश्र आदि रहे।

## डीएम ने 46 में 5 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही कराया निस्तारण

**सिद्धार्थनगर।** शनिवार को डीएम शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता एवं एसपी डॉ.अभिषेक महाजन की उपस्थिति में तहसील इटवा में सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस का कार्यक्रम का किया गया । तहसील इटवा में आयोजित सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के आयोजन अवसर पर राजस्व, विकास, शिक्षा, पूर्ति एवं अन्य विभागों से संबंधित शिकायती प्रार्थना पत्रों की सुनवाई ने किया, व उपजिलाधिकारी इटवा कुणाल ने किया जब कि डीएम के साथ उपस्थित पुलिस विभाग से सम्बंधित शिकायतों की सुनवाई पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने किया । डीएम ने तहसील समाधान दिवस में पिछले समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के आख्या का अवलोकन किया गया। अवलोकन के पश्चात जिलाधिकारी ने तत्काल जिला स्तरीय टीम बनाकर मौके का जांच कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि भूमि से संबधित विवाद मौके पर जाकर निरीक्षण कर निस्तारण कराये। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस इटवा में उपस्थित सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि तहसील समाधान दिवस में प्राप्त हो रही शिकायतों एवं आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का समय से एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाये । इसके साथ ही शिकायतकर्ता एवं विपक्षी दोनों के समक्ष जांच कर कार्यवाही किया जाये। जिलाधिकारी ने कानूनगो एवं लेखपालों को निर्देश दिया कि भूमि संपत्ति रजिस्टर एवं भूमि विवाद रजिस्टर अवश्य बना ले। किसी भी विभाग का तहसील दिवस का कोई भी प्रकरण लम्बित नही होना चाहिए यदि किसी भी विभाग का प्रकरण लम्बित पाया जायेगा तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। ऐसे में लेखपाल एवं कानूनगो मौके पर जाकर शिकायत के निस्तारण से पूर्व निरीक्षण कर उसके बाद की आख्या लगायेगे इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नही होनी चाहिए। जिलाधिकरी ने निर्देश देते हुए कहा कि तहसील दिवस में जो भी शिकायते प्राप्त हो रही उन शिकायतों का गम्भीरतापूर्वक पर मौके पर जाकर निस्तारण कराये। इसमें किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं मिलना चाहिए।

## अधिवक्ता सुरक्षा विधेयक को लेकर वकीलों ने भरी हुंकार, किया विरोध प्रदर्शन




**प्रतापगढ़।** अधिवक्ता सुरक्षा विधेयक की मांग को लेकर शनिवार को यहां कचहरी में वकीलों ने विरोध प्रदर्शन किया। वही मांग के समर्थन में परिसर मे हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल, महासचिव अनिल त्रिपाठी महेश व जिलाध्यक्ष अंजनी सिंह बाबा की संयुक्त अगुवाई में वकीलों ने अधिवक्ताओं की सुरक्षा को लेकर कानून बनाए जाने की मांग को लेकर नारेबाजी की। वहीं एसोसिएसन की हुई आम सभा में केन्द्र सरकार से संसद के शीतकालीन सत्र में विधेयक पारित कराए जाने की मांग उठाई गयी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि प्रतापगढ़ जिले समेत प्रदेश व देश के कई हिस्सो में रोज अधिवक्ताओ पर प्राणघातक हमले हो रहे है। उन्होने यूपी बार कौंसिल के आसन्न चुनाव में अधिवक्ताओ से विधेयक के समर्थन में आवाज उठाने वाले अधिवक्ताओ को प्रतिनिधि बनाने पर जोर दिया। राष्ट्रीय महासचिव अनिल त्रिपाठी महेश ने बताया कि प्रदेश भर मे जिला मुख्यालय एवं तहसील मुख्यालयो पर अधिवक्ताओं से सघन संपर्क के जरिए अधिवक्ता सुरक्षा कानून की मुहिम को तेज किया जाएगा। अध्यक्षता जूनियर बार एसोसिएसन के पूर्व महामंत्री जेपी मिश्र व संचालन जिलाध्यक्ष अंजनी सिंह बाबा ने किया। इसके पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल व महासचिव अनिल त्रिपाठी महेश ने कलेक्टेज्ट कचहरी तथा दीवानी परिसर के साथ सदर तहसील मे भी अभियान को लेकर साथी अधिवक्ताओं से मुलाकात की। इस मौके पर विनय सिंह, शक्ति सिंह, दीपक दुबे, सचीन्द्र सिंह, अनिल पाण्डेय, मनीष सिंह, अनिल सिंह, आशीष श्रीवास्तव, उत्तम सिंह, शिवम सिंह, अवधेश गुप्ता, श्रीविलास शुक्ला, राजेश तिवारी, दिनेश सिंह आदि अधिवक्ता रहे।

## दस पर महिला व उसकी बहू की पिटाई का केस दर्ज

**प्रतापगढ़।** भूत-प्रेत के विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में पुलिस ने दस आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के झाऊ का पुरवा बटौली गांव की सिरताजा पत्नी स्व0 भगवानदीन ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती तीस अक्टूबर की शाम करीब पौने चार बजे भूत प्रेत के विवाद को लेकर हरिमती पत्नी राकेश निवासी अर्रो उमरिया तथा हरिमती के देवर दिनेश पुत्र मिलन, कमलेश, अमलेश पुत्रगण रामसुमेर, मंजू देवी पत्नी अमकेश, नन्हें पुत्र रोधई, सोनी पत्नी इन्द्रेश, तारा देवी पत्नी वीरेन्द्र, शोभा पत्नी कमलेश, तराईन पत्नी फूलचन्द्र, दिनेश पुत्र राममिलन एकराय होकर उसके दरवाजे पर पहुंचे और गालीगलौज करने लगे। पीड़िता के मना करने पर आरोपियों ने लाठी डंडे से मारापीटा। शोर सुनकर बीचबचाव को पहुंची पीड़िता की बहू नीशा को भी मारापीटा तथा घरेलू सामानों मे तोडफोड किया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि घटना की जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## साथी की मां के निधन पर वकीलों ने जताया शोक

**प्रतापगढ़।** धारूपुर निवासी संयुक्त अधिवक्ता संघ के पूर्व उपाध्यक्ष अजय शुक्ल की मां गीता देवी 70 का शुक्रवार की देर रात आकस्मिक निधन हो गया। साथियों ने शनिवार को तहसील परिसर में शोक सभा कर न्यायिक कामकाज से विरत रहने का प्रस्ताव पारित किया। सभा की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व संचालन महामंत्री हरिश्चंद्र पाण्डेय ने किया। इस मौके पर उपाध्यक्ष आशीष तिवारी, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, विकास मिश्र, तपन पाण्डेय, राजेश तिवारी, प्रमोद मिश्र, प्रभाकर पाल, संतोष पाण्डेय, राम अंजोर तिवारी, केके शुक्ला, लाल विनोद प्रताप, रामकिंकर शुक्ला, हरिकेश पटेल, मोनू पाण्डेय, पिंटू मिश्र, बीडी पटेल, रवीन्द्र नाथ, राजेन्द्र त्रिपाठी, भास्कर शुक्ल, सत्येन्द्र , अशोक मौर्या आदि अधिवक्ता रहे।

## बरसात से प्रभावित किसानों को मुआवजे के लिए प्रमोद व मोना ने लिखा सीएम को पत्र




**प्रतापगढ़।** विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना व राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने चक्रवाती तूफान मोंथा से खरीफ की फसल को हुए नुकसान पर गहरी चिंता जतायी है। सांसद प्रमोद तिवारी व विधायक आराधना मिश्रा ने शनिवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लिखे पत्र में कहा है कि चक्रवाती तूफान के कारण प्रतापगढ़ समेत प्रयागराज, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर कौशाम्बी, जौनपुर, मीरजापुर, फतेहपुर, सोनभद्र, वाराणसी, भदोही समेत लगभग पूरे प्रदेश में तेज हवा के साथ कई दिनों से बेमौसम बरसात हुई है। नेताद्वय ने सीएम को लिखे पत्र में कहा है कि इस बेमौसम बरसात के कारण किसानों की खरीफ की प्रमुख फसल धान लगभग पूरी तरह से बर्बाद हो गयी है। प्रमोद तिवारी व विधायक मोना ने कहा कि खेतों में धान की फसल की कटाई के साथ खड़ी फसल को बेमौसम बारिश से भारी नुकसान हुआ है। पत्र में विधायक एवं सांसद द्वारा मुख्यमंत्री का ध्यान बेमौसम बरसात के साथ ओलावृष्टि के कारण उत्पन्न भयावह स्थिति पर भी आकृष्ट किया गया है। प्रमोद तिवारी ङ्क विधायक आराधना मिश्रा ने कहा आलू, मटर, सरसों आदि के भी उत्पादन में ओलावृष्टि और बारिश विपरीत प्रभाव अत्यन्त चिन्ताजनक है। सीएम को लिखे पत्र में कहा गया है कि खरीफ की फसल के साथ ही इस बेमौसम बरसात से रवी की फसल भी प्रभावित होगी। नेताद्वय ने कहा है कि इससे किसानों को दोहरी मार पड़ेगी। वहीं इस आपदा से किसान परिवारों के सामने भरण-पोषण व बच्चों की शिक्षा पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। वहीं मवेशियों के लिए चारे की व्यवस्था न हो सकने की स्थिति में छुटटा जानवरों की संख्या में भी बढ़ोत्तरी होगी। सांसद प्रमोद तिवारी एवं विधायक आराधना मिश्रा ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में अनुरोध किया है कि फसल नुकसान की गंभीर समस्या को देखते हुए किसानों को प्रति एकड़ के हिसाब से अधिक से अधिक मुआवजा दिया जाय। नेताद्वय के द्वारा सीएम को लिखे पत्र की जानकारी यहां मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने जारी विज्ञप्ति मे दी है।

## विधायक के बयान पर आप का पलटवार आप नेता बोले- ऐसे बयान अपमान जनक

**सिद्धार्थनगर।** बयानबाजी का पारा एक बार फिर चढ़ गया है। हिंदू युवा वाहिनी के प्रदेश प्रभारी और भाजपा के पूर्व विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह के बयान के बाद राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। वीडियो सामने आने के बाद विपक्षी दलों ने भाजपा और पूर्व विधायक पर निशाना साधा है। कांग्रेस ने अपने हैंडल पर लिखा, धर्म के नाम पर नफरत फैलाना, समाज को तोड़ना और बेरोजगार युवाओं को भटकाना, यही भाजपा की असली राजनीति है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने भी कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि इस तरह के बयान समाज को खोखला करते हैं। ह्लऐसी राजनीति समाज में आग लगाने वाली है। सरकार को इस पर संज्ञान लेकर तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। आम आदमी पार्टी ने इस मामले को लेकर मोर्चा खोल दिया है। शनिवार को पार्टी की महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष नीलम यादव सिद्धार्थनगर पहुंचीं और एडिशनल एसपी से मिलकर पूर्व विधायक के खिलाफ औपचारिक शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने कहा ,ह्लखुले मंच से मुस्लिम लड़कियों को लेकर ऐसा बयान देना महिला सम्मान के खिलाफ है और युवाओं को अपराध की ओर धकेलने वाला है। अगर प्रशासन कार्रवाई नहीं करता तो पार्टी आंदोलन करेगी। अअढ के पूर्वांचल प्रांतीय अध्यक्ष इमरान लतीफ ने भी कहा कि राघवेंद्र प्रताप सिंह लगातार नफरत की राजनीति कर रहे हैं और समाज में सांप्रदायिक तनाव फैलाने की कोशिश कर रहे हैं।पूर्व विधायक ने 16 अक्टूबर को धनखरपुर गांव में कहा था, अगर मुस्लिम लड़के दो हिंदू लड़कियों को लेकर जा रहे हैं, धर्मांतरण करा रहे हैं तो इसके बदले 10 मुस्लिम लड़कियों को लेकर आओ। हम उन्हें हिंदू बनाएंगे, शादी करवाएंगे और नौकरी का इंतजाम भी करेंगे। उन्होंने मंच से यह भी कहा कि अब ह्यअखिलेश यादव वाला जमाना नहीं है, योगी जी का जमाना है। डरने की जरूरत नहीं है, जो करना है करो, हम तुम्हारे साथ हैं।

## सीताद्वार मेला तैयारी बैठक संपन्न



**श्रावस्ती।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर सीताद्वार मन्दिर परिसर में लगने वाले ऐतिहासिक सीताद्वार मेले को सकुशल एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से विधायक श्रावस्ती रामफेरन पाण्डेय, जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय, एसपी राहुल भाटी एवं मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों तथा मेला प्रबन्ध समिति के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक से पूर्व विधायक, डीएमएवं पुलिस अधीक्षक ने मेला क्षेत्र का भ्रमण कर तैयारियों का जायजा लिया। ज्ञात हो कि सीताद्वार मेला 05 नवम्बर से प्रारम्भ होकर 09 नवम्बर तक आयोजित किया जाएगा। विधायक पाण्डेय ने कहा कि कार्तिक मेला असंख्य श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीक है, जो वर्षों से भव्य और पारंपरिक रूप में आयोजित होता आ रहा है। उन्होंने सभी विभागों एवं मेला समिति के सदस्यों से आग्रह किया कि इस बार भी मेले को पूर्व की भांति श्रद्धा और व्यवस्था के साथ सम्पन्न कराया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी विभागीय अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी तत्परता से करें। उन्होंने कहा कि मेले में लगने वाली दुकानों को क्रमबद्ध ढंग से लगाया जाए, ताकि श्रद्धालुओं के आवागमन में कोई बाधा न हो। साथ ही विद्युत विभाग को वायरिंग की गुणवत्ता जांचने, 24 घंटे अग्निशमन कैम्प संचालित करने और आवश्यक स्टाफ की तैनाती के निर्देश दिए। नगर पंचायत एवं पंचायतीराज विभाग को सफाई व्यवस्था, मोबाइल टॉयलेट, पेयजल, घाटों पर बैरिकेटिंग, गोताखोर, नाविक, प्रकाश व्यवस्था, महिलाओं के चेंजिंग रूम एवं वालंटियर की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## थाना नवीन मार्डन से निकली रैली

**कटरा, श्रावस्ती।** नवीन मॉडर्न थाना कटरा में प्रभारी निरीक्षक लाल साहब सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को राष्ट्रीय एकता दिवस के पावन अवसर पर एक भव्य व प्रेरणादायक एकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में चौधरी राम बिहारी बुद्ध इंटर कॉलेज के उत्साही छात्र-छात्राओं, शिक्षकगणों तथा थाना पुलिस बल के समर्पित आरक्षियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। रैली राष्ट्रीय एकता, अखंडता, सौहार्द और भाईचारे का संदेश देती हुई नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए पुनः विद्यालय परिसर में जाकर सफलतापूर्वक संपन्न हुई। रैली के दौरान छात्रों ने तिरंगा झंडा लहराते हुए देशभक्ति नारों के माध्यम से लोगों को एकता और राष्ट्रीय एकजुटता का संदेश दिया। पूरा नगर ह्लएकता में ही शक्ति हैह्व, ह्लभारत माता की जयह्व और ह्लसरदार पटेल अमर रहेंह्व जैसे नारों से गूंज उठा।इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक लाल साहब सिंह ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल हमारे राष्ट्रीय एकीकरण के शिल्पी थे। उन्होंने अपने त्याग, तपस्या, कर्मनिष्ठा और दूरदर्शिता से देश को अखंड भारत के रूप में एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया। उन्होंने आगे कहा कि आज के युग में युवाओं को पटेल जी के देशप्रेम, निष्ठा और संगठन कौशल से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। इसी क्रम में राजकीय महामाया इंटर कॉलेज और राजकीय महामाया डिग्री कॉलेज में भी सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती बड़े श्रद्धा भाव और उत्साह के साथ मनाई गई। इस दौरान प्राचार्य धर्मेंद्र कुमार गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि पटेल जी हमारे देश के सच्चे कर्मयोगी और महान नेतृत्वकर्ता थे। उन्होंने अपने दृढ़ संकल्प, समर्पण भाव और राष्ट्रनिष्ठा के बल पर देश की अनेक रियासतों को एकीकृत किया। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है। कार्यक्रम में प्रोफेसर उपेंद्र कुमार सोनी, प्रधानाचार्य राजेश कुमार यादव, शशि भूषण शुक्ला, कल्पना द्विवेदी एवं पंकज द्विवेदी सहित अनेक शिक्षकगण और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# संपूर्ण समाधान दिवस में हुआ त्वरित निस्तारण



**श्रावस्ती।** तहसील इकौना में शनिवार को जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस/तहसील दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और तत्काल समाधान के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि भूमि विवादों से संबंधित मामलों का निस्तारण राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा निष्पक्ष ढंग से किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने मौके पर ही 05 शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कराया और सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान प्रार्थी बच्चाराम पुत्र मनीराम निवासी बेलहाराघव ने गाटा संख्या 23 रकबा 1.303 हे0 में अंश गलत दर्ज होने की शिकायत की, जिस पर जिलाधिकारी ने तत्काल उपजिलाधिकारी को कार्यवाही के निर्देश दिए और शिकायत का मौके पर निस्तारण कराया गया। इसी प्रकार निर्भयदास पुत्र कोयले निवासी अंधरपुरवा की खतौनी में हुई त्रुटि का भी तुरंत सुधार कराया गया। वहीं शिवकुमार मिश्र निवासी रामपुर पैड़ा द्वारा माता-पिता के मृत्यु प्रमाणपत्र निर्गत न होने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने तत्काल प्रमाणपत्र जारी करने के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी ने थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि पुलिस विभाग से संबंधित सभी शिकायतों का निस्तारण समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि महिलाओं से जुड़ी जनशिकायतों को गंभीरता से लिया जाए और गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी थानाध्यक्ष द्वारा लापरवाही बरती गई तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान तहसील इकौना में कुल 16 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिनमें से 05 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। भिनगा तहसील में 06 में से 02 तथा जमुनहा तहसील में 10 में से 02 शिकायतों का निस्तारण हुआ।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी पीयूष जायसवाल, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 ए0के0 सिंह, क्षेत्राधिकारी इकौना, तहसीलदार इकौना, अधिशासी अभियंता के0पी0 मिश्रा, जिला समाज कल्याण अधिकारी डा0 अमरनाथ यति, जिला पूर्ति अधिकारी दीपक वार्ष्णेय, खण्ड विकास अधिकारी इकौना एवं गिलौला, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल, विभागीय अधिकारी एवं फरियादी उपस्थित रहे।

## यातायात माह का शुभारंभ, जागरूकता रैली रवाना

**श्रावस्ती।** एसपी राहुल भाटी ने पुलिस लाइन श्रावस्ती से यातायात माह नवम्बर-2025का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने हरी झंडी दिखाकर बाइक जागरूकता रैली को रवाना किया। कार्यक्रम का आयोजन पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं आमजन में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित पुलिस कर्मियों को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई। बाइक रैली पुलिस लाइन से निकलकर ईदगाह तिराहा, अस्पताल तिराहा, पुरानी बाजार, को0 भिनगा, दहाना तिराहा होते हुए पुनः पुलिस लाइन में समाप्त हुई। एसपीने बताया कि यातायात निदेशालय के निर्देशानुसार एक माह तक जनपद में जागरूकता एवं प्रवर्तन अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान स्कूलों, सार्वजनिक स्थलों व थाना क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होंगे। उन्होंने कहा कि पुलिस स्वयं यातायात नियमों का पालन करेगी और आमजन को भी पालन हेतु प्रेरित करेगी। एसपी ने जनपद वासियों से अपील की कि दो पहिया वाहन चालक हेलमेट लगाएँ, चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट का प्रयोग करें, वाहन उचित स्थान पर पार्क करें तथा सभी कागजात साथ रखें। उन्होंने कहा कि ओवरलोडिंग, तेज गति और नशे में वाहन चलाना पूर्णतः वर्जित है। कार्यक्रम में सीएमओ, एएसपी मुकेश चन्द्र उत्तम, क्षेत्राधिकारी यातायात/इकौना भरत पासवान आदि उपस्थित रहे।

संक्षेप

## महिला आयोग की सदस्य 6 को इटावा में

**इटावा।** जिला प्रोबेशन अधिकारी, विनय कुमार द्वारा बताया जाता है कि 6 नवंबर को पूनम द्विवेदी सदस्य राज्य महिला आयोग द्वारा पूर्वाहन 11 बजे प्रेरणा सभागार, विकास भवन इटावा में महिला जनसुनवाई की जायेगी। सुनवाई के समय विभिन्न विभागों के अधिकारीगण भी महिलाओं की समस्याओं के समाधान हेतु उपस्थित रहेगें। उक्त दिवस में द्वितीय सत्र की अवधि में महिलाओं सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं विषयक जाकरूकता चौपाल का आयोजन आंगनवाडी केन्द्र चितभवन में अपरान्ह 2 से 4 बजे तक किया जायेगा। जागरूकता चौपाल में उपस्थित व्यक्तियों को विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दिलाये जाने हेतु योजनाओं से सम्बन्धित साहित्य उपलब्ध रहेगें। जनपद पीड़ित महिलाएँ नियत समय पर उपस्थित होकर अपनी समस्याओं को रख सकती हैं।

## मां-बेटी पर हमला और छेड़खानी का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**इटावा।** शहर के एक मोहल्ले में रविवार शाम एक महिला और उसकी बेटी पर एक परिवार ने जानलेवा हमला कर दिया। पीड़ित पक्ष की ओर से सात लोगों के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 26 अक्टूबर की शाम करीब 4:30 बजे उसकी पत्नी का फोन आया कि मोहल्ले के ही एक ही परिवार के मोहम्मद इलियास, मोहम्मद इदरीश, अरवाज, मुबीना बेगम, स्वीटी, बजमी और मोहम्मद शोहिब उर्फ बब्लू ने बिना किसी कारण गालियां देना शुरू कर दिया। विरोध करने पर सभी ने उसकी पत्नी को बुरी तरह मारा-पीटा। आरोप है कि इस दौरान इदरीश ने महिला के साथ छेड़खानी की, जबकि शोहिब ने उसके बाल पकड़कर जमीन पर पटक दिया। मुबीना से धारदार हथियार मंगवाकर कहा गया कि इसे जान से मार देंगे। जब महिला की बेटी ने बीच-बचाव किया तो उस पर गैस का सिलेंडर फेंककर मारा गया, जिससे वह बाल-बाल बच गई। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिन्होंने किसी तरह मां-बेटी की जान बचाई। पुलिस आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई है।

## व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष का निधन

**भरथना, इटावा।** ईश्वर द्वारा रचित कहानी का अगला अध्याय क्या होगा इसकी किसी को जानकारी नहीं होती। व्यापार मण्डल भरथना के उपाध्यक्ष बॉबी पोरवाल ने 50वें जन्मदिवस के दिन ही अन्तिम साँस ली। आकस्मिक हुई मृत्यु से परिवारीजनों में चीख पुकार के साथ व्यापारियों व इष्टमित्रों में शोक व्याप्त हो गया। सभी ने उनके आवास पर पहुँचकर शोक संवेदना व्यक्त की। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल भरथना के उपाध्यक्ष व पोरवाल धर्मशाला भरथना के अध्यक्ष अजय पोरवाल (बॉबी) निवासी इन्द्रा नगर भरथना का बीते दिवस 31 अक्टूबर को ह्रदय गति रूक जाने के कारण आकस्मिक निधन हो गया। इसी दिन उनका 50वाँ जन्मदिन था। सुबह से लेकर दोपहर तक शुभचिन्तकों की जन्मदिवस पर बधाईयों का क्रम रहा। इसी बीच दोपहर करीब 2 बजे अचानक उनकी तबियत बिगडने लगी। आनन-फानन में परिजनों द्वारा उन्हें उपचार हेतु सैंफई चिकित्सालय ले जाया गया। जहाँ उनकी ह्रदयगति रूक जाने के कारण आकस्मिक मृत्यु हो गयी। उनके निधन की सूचना पर पत्नी अंजू, दो पुत्रियां गौरी, जया सहित परिवारीजनों में चीख पुकार के बीच कोहराम मच गया। वहीं व्यापारियों व अन्य शुभचिन्तकों में शोक व्याप्त हो गया। सभी ने उनके आवास पर पहुँचकर शोक संवेदना व्यक्त की।

# बारिश और तूफान ने तोड़ी किसानों की उम्मीदें

### खेतों में गिरी तैयार धान की फसल



**मंझगांवा,गोरखपुर।** मोंथा तूफान के असर से हो रही लगातार वर्षा और तेज हवाओं ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। सबसे अधिक असर किसानों पर पड़ा है। तैयार धान की फसलें खेतों में गिर गई हैं, जिससे भारी नुकसान की आशंका जताई जा रही है। वहीं, गेहूं की बुआई में भी देरी के आसार बन गए हैं।

गगहा क्षेत्र में सोमवार से शुरू हुई बारिश शुक्रवार तक जारी रही। गुरुवार को चली तेज हवाओं और हुई भारी वर्षा ने जहां मौसम को सर्द कर दिया, वहीं किसानों की चिंता बढ़ा दी। क्षेत्र के डिहुलपार, गेरुआखोर, सिहाईजपार ,रावतपार ,अतायर,करवल मझगांवा सहित आसपास के गांवों के किसान कुछ दिनों पहले तक अपनी अच्छी खड़ी धान की फसल देखकर खुश थे, लेकिन अचानक आई इस प्राकृतिक आपदा ने उनकी सारी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। धान की फसलें गिर जाने से कटाई में भारी कठिनाई आ रही है। खेतों में पानी भरने से मशीन द्वारा हार्वेस्टिंग करना मुश्किल हो गया है। इससे फसल का बड़ा हिस्सा खेत में ही रह जाने का खतरा है। किसान बता रहे हैं कि जहां धान की फसल अधपकी है, उसका गिरना बेहद नुकसानदेह है। ऐसे में लागत निकालना भी मुश्किल हो जाएगा। किसान उदय प्रताप शाही शैलेंद्र पांडे महेंद्र पांडे शिव गोविंद पाल पप्पू तिवारी अरविंद शाही नवनाथ गिरी ने बताया कि पहले से ही बढ़ी लागत ने खेती को घाटे का सौदा बना दिया है, ऊपर से अब मौसम की मार ने स्थिति और बिगाड़ दी है। उन्होंने कहा कि गिरी हुई फसल की कटाई में समय और श्रम दोनों अधिक लगते हैं। यदि मौसम जल्द नहीं सुधरा तो गेहूं की बुआई पिछड़ जाएगी, जिससे अगली फसल पर भी असर पड़ेगा। लगातार वर्षा और हवा से किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें साफ झलक रही हैं।

## युवाओं के प्रशिक्षण को सीएम से मिला मार्गदर्शन और प्रोत्साहन

**गोरखपुर।** कार्यक्रम में इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर स्किल कॉउंसिल ऑफ इंडिया (ईएसएससीआई) के अध्यक्ष विनोद शर्मा ने कहा कि सैमसंग इनोवेशन कैंपस के कार्यक्रम को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निरंतर मार्गदर्शन और प्रोत्साहन दिया है। उनके मार्गदर्शन से युवा सशक्तिकरण को नई ऊंचाई प्राप्त हो रही है। श्री शर्मा ने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त युवा भारत के डिजिटल भविष्य को नई दिशा देंगे।

## भाजपा नेता रमेश सिंह के आवास पहुंचे सीएम, दिवंगत पिता को दी श्रद्धाजंलि

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार दोपहर वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश सिंह के रेलवे स्टेशन रोड स्थित आवास पर जाकर उनके दिवंगत पिता अयोध्या सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। रमेश सिंह के पिता अयोध्या सिंह का विगत दिनों निधन हो गया था। गोरखपुर दौरे पर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार पूर्वाह्न गोरखपुर पुस्तक महोत्सव और सैमसंग इनोवेशन कैंपस के प्रमाणपत्र वितरण समारोह में शामिल होने के बाद रेलवे स्टेशन रोड स्थित श्री सिंह के आवास पर गए। उन्होंने स्मृतिशेष अयोध्या सिंह के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी और महायोगी गुरु गोरखनाथ से दिवंगत आत्मा की चिर शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर उन्होंने रमेश सिंह और अन्य परिजनों के साथ आत्मीय बातचीत कर उन्हें ढांढस भी बंधाया।



## कौशल से नवाचार के मार्ग पर चल पड़े हैं यूपी के युवा : प्रो. पूनम टंडन

**गोरखपुर।** कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन से उत्तर प्रदेश के युवा कौशल से नवाचार और नवाचार से रोजगार के मार्ग पर चल पड़े हैं। उन्होंने कहा कि डिजिटल प्रशिक्षण से एक नई यात्रा की शुरूआत कर ये युवा अपने कौशल से अपना भविष्य संवारने के साथ समाज और राष्ट्र के निर्माण में भी योगदान देंगे। इस अवसर पर सांसद रविकिशन शुक्ल, विधायक विपिन सिंह, श्रीराम चौहान डॉ. विमलेश पासवान, प्रदीप शुक्ला, सरवन निषाद, राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी सहित कई गणमान्यजन तथा सैमसंग इनोवेशन कैंपस से जुड़े युवा उपस्थित रहे।

## आयुक्त मेरठ मंडल भानु चंद्र गोस्वामी ने ग्रहण किया कार्यभार



**मेरठ।** नवागत आयुक्त मेरठ मंडल मेरठ भानु चन्द्र गोस्वामी ने शनिवार को आयुक्त कार्यालय पहुंचकर कार्यभार ग्रहण किया। उन्होने कहा कि शासन की प्राथमिकता के दृष्टिगत टीमवर्क के साथ समस्त विभागो से समन्वय स्थापित करते हुये विकास कार्यों को तीव्र गति प्रदान की जायेगी। पात्र लाभार्थियो को सरकार की योजनाओ का लाभ दिलाया जायेगा। ताकि लोगों को उसका लाभ मिल सके ,उन्होने बताया कि जनप्रतिनिधियों, आमजन व मीडिया से समन्वय स्थापित कर आमजन की समस्याओ का प्राथमिकता पर निस्तारण कराया जायेगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी डा0 वी0के0 सिंह, एसएसपी डॉ विपिन ताडा, उपाध्यक्ष एमडीए संजय कुमार मीणा, सीडीओ नूपुर गोयल, अपर आयुक्त अमित कुमार, सचिव एमडीए आनंद कुमार सिंह ,एसडीएम सदर ,प्रशासनिक अधिकारी रतन कुमार के अलावा कमिश्नरी के अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## पीएनबी एफटीसी सैफई के निदेशक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

इटावा। पंजाब नेशनल बैंक किसान प्रशिक्षण केंद्र सैफई के निदेशक विपिन कुमार यादव के विरुद्ध थाना फ्रेंड्स कॉलोनी में फोन पर जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया गया है। यह मुकदमा इटावा कलेक्ट्रेट के अधिवक्ता मलखान सिंह ने दर्ज कराया है। अधिवक्ता मलखान सिंह ने बताया कि वह हर प्रकाश शुक्ला एडवोकेट वरिष्ठ अधिवक्ता के साथ बैठकर वकालत करता है मेरे पास अनिल कुमार पुत्र ईश्वर दयाल निवासी ग्राम नगला सुभान थाना सैफई जिला इटावा, केंडी इण्टर प्राइजेज की कैंटीन का संचालक है, जो पंजाब नेशनल बैंक किसान प्रशिक्षण केन्द्र सैफई इटावा पर स्थित है, जिसमें उसका 30,405 रुपये केन्टीन सेवाओं का भुगतान बाकी था, जो कि केन्द्र का प्रबन्धक विपिन यादव नही दे रहा है, और लगातार चार महीने से टरका रहा था उसने अनिल कुमार को भी गाली धमकी दी थी जिसकी शिकायत उसने भी थाना सैफई पुलिस को की थी। उक्त मामले में बिधिक राय लेने के लिए अनिल कुमार मेरे पास आया और अपनी समस्या बताई तब मैने उसके बताये अनुसार उसका प्रार्थना पत्र लिखकर पीएनबी मण्डल कार्यालय इटावा को दिया जिसकी जानकारी विपिन यादव को किसी प्रकार से हुई तो विपिन यादव ने 16 अक्टूबर को शाम 5:39 बजे मेरे मोबाइल पर कॉल करके जान से मारने की धमकी दी। जिसकी कॉल रिकाडिंग मेरे पास मौजूद है।

## पौराणिक सूर्यकुंड में मछलियों की मौत पर लोगों ने किया प्रदर्शन

गोरखपुर। गोरखपुर में लोगों के एक समूह ने शनिवार को ऐतिहासिक और पौराणिक सूर्यकुंड तालाब में मछलियों की लगातार हो रही मौत और अधिकारियों की कथित निष्क्रियता पर नाराजगी जताते हुए प्रदर्शन किया। सूर्यकुंड धाम जीर्णोद्धार समिति के अध्यक्ष अमरदीप के नेतृत्व में लोगों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने कहा कि पवित्र सूर्यकुंड में 29 अक्टूबर से बड़ी संख्या में मछलियां मर रही हैं, लेकिन नगर निगम और मत्स्य विभाग के अधिकारियों ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि समस्या का समाधान करने के बजाय अधिकारी मरी हुई मछलियों को ठिकाने लगाकर घटना को छुपाने की कोशिश कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने तत्काल तालाब का पानी साफ करने, तालाब से गाद निकालने और ऑक्सीजन का स्तर बहाल करने के लिए फव्वारे लगाने की मांग की। सूर्यकुंड धाम जीर्णोद्धार समिति के महासचिव शीतल मिश्रा ने चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगों को नजरअंदाज किया गया तो स्थानीय लोग बड़ा आंदोलन शुरू करेंगे।

## पत्नी को मारपीट कर घर से निकाला,केस दर्ज

**सरहरी,गोरखपुर।** चिलुआताल थाना क्षेत्र के फर्टिलाइजर चौकी अन्तर्गत इन्द्रप्रस्थ नगर निकट करीमनगर में एक पति द्वारा अपनी पत्नी को मारपीट कर घर से निकाल गेट बन्द कर दिया। पीड़िता ने पुलिस को घटना की सूचना दी। पीड़िता की तहरीर पर चिलुआताल पुलिस बी एन एस की 85, 115 (2) व 35 2 के तहत मुकदमा कायम कर जाँच पड़ताल शुरू कर दी है। इन्दप्रस्थ कालोनी निवासी प्रतिमा त्रिपाठी पत्नी रविशंकर नाथ त्रिपाठी द्वारा चिलुआताल पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताया गया कि दिनांक 26 अक्टूबर को रात लगभग 8 बजे मेरे पति नशा करके घर आये तो उसका विरोध करने पर गाली गलौज के साथ ही मारपीट किये मेरा बाल पकड़ कर घसीटते हुये गेट के बाहर ढकेल गेट बन्द कर दिये। डायल 112 की सूचना पर पहुंची पी आर बी पुलिस मौके पर पहुच दोनो पक्षो को चौकी पर पहुच अपना पक्ष रखने की बात कर चले गये। वह चौकी पहुच तहरीर देकर घटना से अवगत कराया मगर मेरे पति चौकी नहीं आये थक हार कर मैं राप्ती नगर मायके जा कर वही रह रही हूँ पुलिस केस कायम कर जाँच शुरू कर दी है।

# भगवत कथा सुनने से होता है जीवन कृतार्थ : आचार्य महेंद्र नाथ



**मझगांवा,गोरखपुर।** गगहा विकास खण्ड के घेवरपार गांव में चल रही सप्त दिवसीय भगवत कथा में अयोध्या धाम से आये आचार्य महेंद्र नाथ पाण्डेय श्रोताओं को कथा सुनाते हुऐ कहे कि जो मानव जीवन में सत्कर्म न किया हो धर्म न किया हो भगवत कथा का एक श्लोक या आधा श्लोक अगर मनुष्य के कानों में पड़ गया तो वह मनुष्य सारे पापो से मुक्ति पा लेता है ।जिन सनातनी हिन्दू भाइयों को अपने भेद शास्त्र देबी देवताओं पर विश्वास नहीं हुआ उनका बड़ा नुकसान हुआ ।उसका प्रमाण माता सती जी है जिस समय सती जी भगवान शिव के साथ कैलाश पर जा रही थी उसी समय मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम दंडक वन में लीला कर रहे थे भगवान शिव ने उन्हें बार-बार प्रणाम किये और सती जी से कहा सती इनको प्रणाम करिये यही ब्रह्म है ।सती जी को भ्रम हो गया कि यह साधारण मानव ब्रह्म कैसे हो सकते हैं परिक्षा लेने के लिए मां जानकी का रूप धारण करके सती भगवान राम के समझ प्रकट हुई और उन्हें राम दरबार का दर्शन प्राप्त हुआ। इसलिए अपने शरीर का अपने पिता दक्ष के यज्ञ में आहुति देना पड़ा ।कथा के मुख्य यजमान श्रीभागवत शाही रहे।

### भगवत कृपा के बिना कुछ भी संभव नहीं

**उरुवां, गोरखपुर।** उरुवा क्षेत्र के रामपुर सनाथ में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन आचार्य अनिल कुमार पाण्डेय जी महाराज ने कथा का रसपान कराया। उन्होंने कहा कि भागवत कथा के श्रवण मात्र से ही मनुष्य को पापों से मुक्ति मिलती है। और कहा कि जिस स्थान पर कथा का आयोजन होता है, वहां स्वयं भगवान विराजमान होते हैं। भगवान के नाम का जाप करने से सभी विपत्तियां दूर हो जाती हैं। इस संसार में भगवत कृपा के बिना कुछ भी संभव नहीं है। उन्होंने मनुष्य को समाज में अच्छे कर्म करने की प्रेरणा दी। और भगवान श्रीकृष्ण के उपदेश का जिक्र करते हुए कहा कि कर्म ही प्रधान है। बिना कर्म के कुछ भी संभव नहीं होता। जो मनुष्य अच्छे और सत्कर्म करता है, उसे अच्छा फल मिलता है, जबकि बुरे कर्म करने वाले को हमेशा बुरा फल भोगना पड़ता है। इसलिए सभी को अच्छे कर्मों की ओर आकर्षित होना चाहिए। उन्होंने गोकर्ण और उनके दुराचारी भाई धुंधकारी का उदाहरण दिया, जिन्होंने मनोयोग से कथा सुनकर मोक्ष प्राप्त किया।

## पत्रकार की ताई को श्रृद्धांजलि देने पहुंचे समाजसेवी

**इटावा।** दिगंबर जैन पंचायती मंदिर, पंसारी टोला में पत्रकार चौ. अभिनंदन जैन नंदू की ताई शकुंतला देवी जैन की उठावनी एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में शहर के अनेक गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों एवं राजनीतिक प्रतिनिधियों ने दिवंगत आत्मा के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की गई ।इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री डॉ. ज्योति वर्मा, सभासद शरद बाजपेयी सहित अन्य लोगों ने पुष्प अर्पित कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई ।कार्यक्रम के दौरान श्रद्धांजलि स्वरूप मौन धारण किया गया तथा परिवारजनों ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शोकाकुल परिवार के सदस्य चौ. सुरेश जैन, अखिलेश जैन, स्वदेश जैन, आलोक जैन, प्रशांत जैन, भोलू जैन, सम्यक जैन, निखिल जैन सहित समस्त चौधरी परिवार उपस्थित रहा ।सभी ने मिलकर स्वर्गीय शकुंतला देवी जैन के द्वारा समाज में दिए गए योगदान और उनके सरल, सौम्य व्यक्तित्व को भावपूर्ण शब्दों में याद किया।

## साहब ! शिकायत के बाद भी नहीं हो रहा निस्तारण




**चकरनगर, इटावा।** डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं एएसपी की अध्यक्षता में तहसील चकरनगर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र से पहुंचे 34 फरियादियों ने शिकायत पंजीकृत कराईं, जिसमें पांच शिकायतों का निस्तारण किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में क्षेत्र के गांव गढ़ीमंगद से पहुंचे एक दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने तहसील गेट पर हाथ उठाकर विरोध प्रदर्शन के बाद शिकायत पंजीकृत करते हुए बताया कि गांव के कुछ सत्ताधारी पार्टी के लोग अनुसूचित जाति के लोगों के मोहल्ले का रास्ता बंद कर रहे है और गांव में न रहने देने की धमकी दे रहे है। शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया कि इससे पहले भी वह एसडीएम से शिकायत कर चुके हैं, बावजूद इसके भी उनकी समस्या का निस्तारण नहीं हो पा रहा है। गांव के लोग चबूतरा आदि बनाकर जबरदस्ती रास्ता बंद कर रहे हैं। विधिपुर से कांती देवी ने पैतृक भूमि को कब्जा मुक्त कराने, बदनपुरा से विशंभर सिंह ने बाबा के द्वारा जगह-जगह ईंट रखकर मंदिर का नमूना बनाते हुए झंडे लगाकर अवैध कब्जा की जा रही भूमि की पैमाइश के संबंध में शिकायत पंजीकृत कराई। टिटावली हुकुम सिंह ने भूमि की पैमाइश कराने, बंसरी से बाबूराम ने विद्युत लाइन हटवाने, गढ़ीमंगद से शिव सिंह ने घरौनी में चढ़ाए गए गलत नाम का शुद्धिकरण कराने, गौहानी से गंगा सिंह व विवेक सिंह ने दीवार से सटाकर चलाए जा रहे पानी को रोकने, नौगांव से कुलदीप ने कानूनी कार्रवाई कराए जाने सहित क्षेत्र से कुल 34 शिकायतें पंजीकृत कराई गई, जिसमें सर्वाधिक शिकायतें राजस्व से संबंधित रही। इस मौके पर पैरालेगल वालंटियर अश्वनी त्रिपाठी ने फरियादियों की मदद की। इन शिकायतों में पांच शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। उक्त अवसर पर एएसपी श्री चंद, उप जिलाधिकारी चकरनगर ब्रह्मानंद सिंह कठेरिया, सीओ रामदवन मौर्य सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# नवजात जीवन की सुरक्षा की दिशा में यूपीयूएमएस की पहल



सैफई, इटावा ! उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय (यूपीयूएमएस), सैफई के बाल रोग विभाग द्वारा इटावा एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स के सहयोग से ह्लफर्स्ट गोल्डन मिनट प्रोजेक्टह्व के अंतर्गत एक दिवसीय बेसिक नियोनेटल रिससिटेशन प्रोग्राम एनआरपी का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में नवजात शिशुओं के जीवन की रक्षा हेतु स्वास्थ्यकर्मियों को जीवनरक्षक तकनीकों में प्रशिक्षित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो. (डॉ.) अजय सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

कुलपति प्रो. (डॉ.) अजय सिंह ने कहा ह्लनवजात शिशु का जीवन पहले स्वर्णिम मिनट पर निर्भर करता है। यदि उसी क्षण सही देखभाल मिले, तो हजारों नवजातों की जान बचाई जा सकती है। यूपीयूएमएस इस दिशा में निरंतर कार्यरत है ताकि ग्रामीण क्षेत्र के प्रत्येक बच्चे को जीवन का अधिकार मिल सके ह्व प्रो. (डॉ.) आदेश कुमार, डीन, फैकल्टी ऑफ मेडिसिन ने कहा कि ह्लएनआरपी प्रशिक्षण केवल तकनीक नहीं, यह संवेदनशीलता और मानवता से जुड़ा दायित्व है। हमारा लक्ष्य है कि हर चिकित्सक और नर्सिंग कर्मी नवजात को सुरक्षित जीवन दे सके।

प्रो. (डॉ.) अमित सिंह, चिकित्सा अधीक्षक ने कहा कि ह्लहम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि अस्पताल में आने वाले हर प्रसव के दौरान प्रशिक्षित कर्मी मौजूद हों ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति में त्वरित जीवनरक्षक कार्रवाई की जा सके। डॉ. आई. के. शर्मा, अध्यक्ष, इटावा एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स ने बताया कि ह्लग्रामीण क्षेत्रों में नवजात मृत्यु दर घटाना एक बड़ी चुनौती है। यूपीयूएमएस जैसे संस्थान इस दिशा में बदलाव के अग्रदूत हैं। डॉ. दिनेश कुमार, आयोजन अध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष, बाल रोग विभाग ने कहा कि ह्लएनआरपी प्रशिक्षण से स्वास्थ्यकर्मियों में आत्मविश्वास बढ़ता है। हमारी कोशिश है कि यह ज्ञान हर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तक पहुँचे। कार्यशाला में कुल 40 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें बाल रोग विभाग के संकाय सदस्य, नर्सिंग स्टाफ, तथा एनेस्थिसियोलॉजी, प्रसूति एवं स्त्री रोग और निवारक एवं सामाजिक चिकित्सा विभागों के स्नातकोत्तर रेज़िडेंट शामिल थे। इस विशेष कार्यक्रम का संचालन विशेषज्ञ प्रशिक्षकों की टीम जिसमें डॉ. पंकज कुमार (विभागाध्यक्ष, बाल रोग, एस.एन.एम.सी., आगरा), डॉ. शिव प्रताप सिंह (सह-प्रोफेसर एवं एस.ए.सी., बेसिक एनआरपी यूपी, सीआईएपी),डॉ. ब्रजेंद्र सिंह (के.एस.जी.एम.सी., बुलंदशहर), तथा डॉ. संतोष कुमार लोधी (जी.एम.सी., ओरई, जालौन) द्वारा किया गया। प्रो. (डॉ.) दुर्गेश कुमार ने आयोजन सचिव के रूप में कार्यक्रम के सफल संचालन में अहम भूमिका निभाई।

## सांसद जितेंद्र दोहरे बोले जनता को मिल रही है विकास की सौगात

**इटावा।** सपा के इटावा लोकसभा सांसद जितेंद्र दोहरे ने अपने आवासीय कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि उनके संसदीय क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर लगातार सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं। उन्होंने बताया कि रेल मंत्रालय ने इटावा सहित आसपास के क्षेत्रों में कई महत्वपूर्ण ओवरब्रिज परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की है, जिससे आम जनता को बड़ी राहत मिलेगी।

**कई ओवरब्रिज निर्माण को मिली मंजूरी**

शनिवार को सांसद जितेंद्र दोहरे ने बताया कि शहर इटावा के महेरा चुंगी फाटक पर ओवरब्रिज का निर्माण कार्य, मलाजनी में ओवरब्रिज, तथा सराय मिट्ठे और अजीतमल में फुट ओवरब्रिज के निर्माण को रेल मंत्रालय से स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं की मंजूरी जनता के हित में एक ऐतिहासिक कदम है, क्योंकि इन स्थानों पर लंबे समय से जाम, भीड़भाड़ और आवागमन की समस्या बनी रहती थी।

प्रेस वार्ता में सांसद ने बताया कि जनता की समस्याओं को लेकर वे लगातार केंद्र सरकार और रेल मंत्रालय के संपर्क में रहे हैं। उन्होंने कहा कि इटावा लोकसभा क्षेत्र की जनता ने जिस विश्वास के साथ उन्हें संसद भेजा है, वे उस भरोसे पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास कर रहे हैं। जनता की समस्याएं मेरी अपनी समस्याएं हैं। मैं दिन-रात क्षेत्र के विकास और सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहा हूं। उन्होंने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि उनके सहयोग से जनपद को यह बड़ी सौगात मिली है। सांसद ने कहा कि इटावा अब विकास की नई दिशा में आगे बढ़ रहा है, जहां हर वर्ग की सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता दी जा रही है। राजनीतिक हालात पर प्रतिक्रिया देते हुए सांसद ने कहा कि सपागरीब, किसान, नौजवान और वंचित वर्ग की सच्ची आवाज है। उन्होंने कहाभाजपा सरकार में जनता महंगाई और बेरोजगारी से त्रस्त है, जबकि सपा लगातार जनहित की नीतियों और विकास कार्यों के लिए संघर्षरत है। 2027 में उप्र में अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी। जनता बदलाव के मूड में है और अब विकास व समानता की राजनीति को आगे बढ़ाएगी।

**कार्यालय ग्राम पंचायत खारा, वि.ख.- धनपतगंज, जनपद-सुलतानपुर**

पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2025-26 दिनांक-01.10.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत- खारा, विकासखंड- धनपतगंज, जनपद-सुलतानपुर मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष- 2025-2026 के क्रम में इच्छुक फर्म मालिक/भठ्ठा मालिक दिनांक- 01.11.2025 से दिनांक- 08.11.2025 तक कार्यालय ग्राम पंचायत खारा पर ग्राम प्रधान/सचिव को निविदा उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 08.11.2025 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 3 बजे खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | खड़ंजा से तिवारी के घर तक खड़ंजा निर्माण कार्य। | 1.77 लाख रुपए। | एस.ओ.बी. ईंट व अन्य निर्माण सामग्री। |
| 2. | सड़क से सत्य साईं आश्रम तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 14.63 लाख रुपए। | इंटरलॉकिंग ईंट व अन्य निर्माण सामग्री। |
| 3. | खड़ंजा से जितेन्द्र के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 5.87 लाख। | इंटरलॉकिंग ईंट व अन्य निर्माण सामग्री। |

**नोट-** समस्त नियम व शर्ते मनरेगा गाइड लाइन के अनुसार लागू होगी।

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्रा.पं.- खारा, वि.ख.- धनपतगंज
जनपद-सुलतानपुर।

# पढ़ने-लिखने व गणितीय समस्या से करें बच्चों की पहचान




**इटावा।** महानिदेशक स्कूल शिक्षा के निर्देश के क्रम में डॉ. राजेश कुमार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा अर्चना सिन्हा जिला समन्वयक समेकित शिक्षा द्वारा के निर्देशन में जनपद के समस्त विकास खण्डों में बेसिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत संचालित परिषदीय विद्यालयों में अभिभावक संगोष्ठी एवं डिस्लेक्सिया जागरूकता रैली/अभियान को आयोजन किया जा रहा है। इसके अन्तर्गत अभिभावको/जनसमुदाय को जानकारी दी जा रही है कि विद्यालय में अध्ययनरत ऐसे बच्चों की पहचान की जाय जो रिडिंग, राईटिंग एवं अर्थमेटिंग में कमजोर है। भारत सरकार द्वारा आरपीडब्लूडी एक्ट, 2016 के अन्तर्गत 21 प्रकार की दिव्यांगताओं को मान्यता दी गयी है। इस 21 प्रकार की दिव्यांगता में एक विशिष्ट अधिगम अक्षमता (स्पेसिफिक लर्निंग डिसेबीलिटी) को भी मान्यता दी गयी है। इसके आधार पर माह अक्टूबर में डिस्लेक्सिया जागरूकता रैली/अभियान मना कर जन समुदाय को जागरूक करना है। पीएमश्री कम्पो0 विद्यालय रजमऊ, जसवन्तनगर तथा पीएमश्री कम्पो0 विद्यालय कॉधनी, बढपुरा में जागरूकता अभियान के अन्तर्गत बताया गया कि स्पेसिफिक लर्निंग डिसआर्डर/ डिसेबीलिटी की पहचान में रिडिंग, राईटिंग एवं अर्थमेटिंग में होने वाली समस्याओं से डिस्लेक्सिया की पहचान की जा सकती है। बच्चा कक्षा-3 या 8 वर्ष या 8 वर्ष से उपर का हो, बच्चें की सुनने तथा देखने की क्षमता अच्छी हो, बच्चा चश्मा का प्रयोग करने के उपरान्त अच्छे से देख पा रहा हो। बच्चा भावनात्क एवं व्यवहरात्मक समस्या से ग्रसित न हो, चंचल या हाईपर एक्टिव न हो। बच्चा घबराहट के कारण किसी कार्य को बार-बार दोहराता न हो।

## कार की टक्कर से घायल युवक की मौत

**इटावा।** फ्रेंड्स कॉलोनी इटगांव निवासी 22 वर्षीय शिवा पुत्र अवतार की मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत हो गई। 18 अक्टूबर की रात करीब आठ बजे शिवा अपने दोस्त आशीष और अंकित के साथ गांव की सड़क किनारे खड़ा होकर बातचीत कर रहा था। तभी तेज रफ्तार कार ने अचानक तीनों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस व ग्रामीणों की मदद से घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। हालत नाजुक होने पर डॉक्टर ने शिवा को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया था। 13 दिनों तक चले इलाज के बाद शिवा ने 31 अक्टूबर को दम तोड़ दिया।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य के लिये ई-निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/प्लांट, यांत्रिक कारखाना, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा आमंत्रित की जाती हैं।

**क्रम सं.-01,** निविदा संख्याः EL-MWS-GKP-2025-26-13, कार्य का विवरण : कोच अल्टरेशन इन इलेक्ट्रिकल सिस्टम इन 4000 कोचेज ऑफ 3-टियर एल.एच.बी., एलॉटेड क्वांटिटी 100 नं. कोचेज। अनुमानित लागत (रू.में): ₹ 76,05,165/-, बयाने की राशि (रू.में): ₹ 1,52,100/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः ₹ शून्य, कार्य पूर्ण करने की समय/अवधि स्वीकार पत्र जारी होने की तिथि से-12 महीना।

• आन लाइन ई-निविदा जमा करने की तिथिः 24-11-2025, समय 11:15 बजे तक। • पूर्ण विवरण एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के वेबसाइट *www.ireps.gov.in* पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

उप मुख्य यांत्रिक इन्जीनियर/प्लांट (कार), गोरखपुर
मुजाधि/यॉत्रिक-88

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

संक्षेप

## पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

निघासन खीरी। कस्बे के महात्मा बुद्ध लोक कल्याण एवं ग्राम विकास संस्थान व अन्य विद्यालयों के विद्यार्थियों को एनसीएल जागरूकता अभियान के तहत जीरो-एफआईआर ई-एफआईआर महिला एवं बाल संरक्षण व नए कानून के बारे में विस्तृत जानकारी साझा किया गया इंस्पेक्टर महेश चंद ने पुलिस के कामकाज का तरीका बताया साथ ही विद्यार्थियों को हेल्प डेस्क पर शिकायत और निवारण के तरीके बताये नया आपराधिक कानून यूपी कॉप कार्यक्रम के तहत इंस्पेक्टर महेश चंद ने भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय एब्लॉन पब्लिक स्कूल व महात्मा बुद्ध लोक कल्याण विकास संस्थान के बच्चों को बीएनएस बीएनएसएस व बीएसए के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही 50 बच्चों ने नए कानून प्रश्नों में प्रतिभाग लिया प्रतिभाग करने के बाद बच्चों द्वारा संक्षिप्त नुक्कड़ नाट्य किया गया जिसमें बच्चों को विस्तार पूर्वक जानकारी प्राप्त हुई व बच्चों का मनोबल बढ़ा जबकि कुछ विद्यार्थी हिचकने लगे तो इंस्पेक्टर महेश चंद ने बताया कि घबराने की जरूरत नहीं है आप पुलिस को मित्र की तरह समझ कर बात करो विद्यार्थियों ने हिचक तोड़ी और आनलाइन एफआईआर दर्ज करने के तरीके से लेकर अन्य जानकारियां प्राप्त की इस अवसर पर पुलिस स्टाफ समेत विद्यालय के प्रधानाचार्य व अध्यापक गण मौजूद रहे।

## पुरानी रंजिश में हमला कई घायल

जौनपुर । केराकत तहसील क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते एक परिवार पर धारदार हथियारों से हमला किया गया। इस हमले में परिवार के कई सदस्य घायल हो गए। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। यह हमला पुरानी रंजिश को लेकर किया गया। आरोप है कि कुशलनाथ निवासी रमेश यादव पुत्र लालचंद और मनीष यादव पुत्र रमेश यादव ने छड़, कुल्हाड़ी और हसिया जैसे धारदार हथियारों से प्रार्थी पर हमला किया। इस हमले में प्रार्थी की बाईं आंख और शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। जब पीड़ित की पुत्री आकांक्षा अपने पिता को बचाने के लिए आगे आई, तो मनीष यादव, रमेश की पुत्री बबीता और नेहा ने उस पर भी हमला कर दिया। उनके पास फावड़ा था। उन्होंने आकांक्षा को गालियां देते हुए छड़ और डंडे से पीटा, जिससे उसके बाएं पैर में गंभीर चोटें आईं। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि बबीता ने हमलावरों को उकसाया और उन्हें जान से मारने की धमकी दी। हमलावरों ने आकांक्षा को स्कूल आने-जाने से रोकने की भी धमकी दी है। पीड़ित ने घटना से संबंधित दस्तावेज और वायरल वीडियो पुलिस को सौंपकर तत्काल और कड़ी कार्रवाई की मांग की है। केराकत कोतवाली प्रभारी दीपेंद्र तिवारी ने बताया कि आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

## खाटू श्याम बाबा की मूर्ति की हुई प्राण प्रतिष्ठा

धौरहरा खीरी। कस्बे के रामनवमी मंदिर परिसर में खाटू वाले श्याम बाबा की मूर्ति लगेगी। इसके लिए मंदिर समिति द्वारा श्याम बाबा जन्मोंत्सव के बीच श्याम मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शोभा यात्रा निकाली गई। प्राप्त विवरण के अनुसार बाबा श्याम प्रभु खाटू वाले के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में शनिवार को श्याम प्रभु की मूर्ति लेकर भक्तों ने शोभायात्रा निकालकर कस्बे में भ्रमण किया। बताया जाता है कि श्याम भक्तो के अनुरोध पर कस्बे के रामनवमी मंदिर परिसर में स्थापित होगी। इस दौरान बाबा के भक्तों में प्रमोद तिवारी, केशव प्रसाद तिवारी, कल्लू तिवारी सहित कई दर्जन भक्तों की मौजूदगी रही।

# समय से शिकायत निपटायें अफसर: डीएम





लखीमपुर खीरी। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील पलिया के सभागार में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा, सीडीओ अभिषेक कुमार ने एक ओर जहां फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं, वहीं दूसरी ओर जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र सौंपे।

जनसुनवाई के दौरान डीएम व एसपी ने अन्य अधिकारियों के साथ प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लिया और स्पष्ट निर्देश दिए कि जनशिकायतों की निष्पक्ष जांच कर समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अधिकारियों से कहा कि शासन की प्राथमिकताओं में जनसमस्याओं का समाधान सर्वोपरि है। गरीब एवं जरूरतमंद व्यक्तियों की समस्याओं का संवेदनशीलता से तुरंत समाधान करते हुए उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि शिकायतकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान करते हुए संतोषजनक निस्तारण करें और भूमि विवादों में राजस्व-पुलिस की संयुक्त टीम तत्काल कार्यवाही करे। इस समाधान दिवस में कुल 74 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत हुए, जिनमें से 06 का मौके पर निस्तारण किया गया। प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग की 35, पुलिस विभाग की 13, विद्युत विभाग की 07, नगर निकाय की 05, विकास विभाग की 04, आपूर्ति 02 और अन्य की 08 शिकायतें शामिल रहीं। सभी प्रार्थना पत्रों को पृष्ठांकित कर संबंधित विभागों को शीघ्र निस्तारण हेतु सौंपा गया। इस दौरान सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, एसडीएम डॉ अवनीश कुमार, पीडी एसएन चौरसिया, डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह सहित जनपदीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## समाधान दिवस पर खिले चेहरे ,लाभार्थियों को मिली योजनाओं की सौगात

संपूर्ण समाधान दिवस जनपद में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का साक्षी बना। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा और सीडीओ अभिषेक कुमार ने मंच से स्वयं लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ सौंपा।

विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत टेलरिंग ट्रेड के तीन लाभार्थियों को सिलाई मशीन और प्रेस प्रदान की गई। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत दो लाभार्थियों को पाँच-पाँच लाख रुपये के प्रतीकात्मक चेक सौंपे गए, जबकि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के पाँच लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र दिए गए। अधिकारियों के हाथों लाभ पाकर लाभार्थियों के चेहरों पर मुस्कान खिल उठी।

## शोध में एसएलआर के महत्व पर हुई कार्यशाला

जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय के व्यवहारिक मनोविज्ञान विभाग में स्नातक, परास्नातक, शोधार्थियों एवं पूर्व छात्रों के लिए ह्वसिस्टेमेटिक लिटरेचर रिव्यू ह्व विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। विषय विशेषज्ञ के रूप में विभाग के पूर्व छात्र डॉ. सेनट थॉमस, असिस्टेंट प्रोफेसर, क्लिनिकल साइकोलॉजी, इनापोया विश्वविद्यालय, बेंगलुरु उपस्थित रहे ।डॉ. थॉमस ने शोध में एसएलआर के महत्व, उसकी प्रक्रिया, तथा प्रयुक्त होने वाले विभिन्न सॉफ्टवेयर और वेबसाइट की जानकारी देते हुए प्रतिभागियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने बताया कि व्यवस्थित साहित्य समीक्षा का उद्देश्य किसी विशिष्ट शोध प्रश्न पर उपलब्ध साक्ष्यों का निष्पक्ष विश्लेषण और सार तैयार कर भविष्य के शोध की दिशा निर्धारित करना है। अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो. अजय प्रताप सिंह ने की। संचालन प्रशिक्षण कार्यशाला के संयोजक डॉ. मनोज कुमार पाण्डेय ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन संजीव यादव ने दिया। इस अवसर पर प्रो अजय प्रताप सिंह, पायल, संजीव यादव, शंभूनाथ आदि उपस्थित रहे।

# आशाओं ने एक दिवसीय हड़ताल कर अधीक्षक को सौंपा 13 सूत्रीय ज्ञापन

पलियाकला खीरी। में संगीता और प्रगतिशील महिला संगठन की जिला अध्यक्ष कामरेड आरती राय की अगुवाई में तमाम आशाओं ने पलिया सीएचसी पर नारेबाजी करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। इसके पश्चात अपना तेरह सूत्रीय



मांग पत्र मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को संबोधित पलिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर भरत सिंह को दिया ।जिसमें उनकी प्रमुख मांगे -राज्य कर्मचारी का दर्जा देना -मानदेय बढ़ाने, 45 / 46 वें श्रम सम्मेलन की सिफारिश को लागू करने ,जीवन बीमा स्वास्थ्य /बीमा , सीएचसी पर ठहरने के लिए एक कमरे की व्यवस्था और अभी तक रुके हुए तमाम कार्यों के भुगतान से संबंधित मांगों को पूरा करने की मांग की है। आशाओं का कहना है कि जब तक सरकार हमारी मांगों को पूरा नहीं करेगी तब तक हम अपनी लड़ाई निरंतर जारी रखेंगी। इसके लिए जल्द ही लखनऊ में एक बैठक करके आगे की रणनीति तय की जाएगी।

## एलडीएम ने 71 लाख रुपये खाताधारकों को दिलवाये

लखीमपुर खीरी। वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित आपकी पूंजी आपका अधिकार अभियान के तहत शनिवार को जिले में एक भव्य कार्यक्रम




आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न बैंक एवं वित्तीय संस्थानों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष श्रीमती इरा श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि यह अभियान उन नागरिकों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है जिनकी धनराशि वर्षों से निष्क्रिय (अंकलामीड) खातों में पड़ी हुई है। उन्होंने इसे आमजन को उनकी भूली-बिसरी पूंजी वापस दिलाने की दिशा में एक सशक्त कदम बताया। इस अवसर पर अग्रिम जिला प्रबंधक अशोक गुप्ता ने अन्क्लेमीड राशि रिनिवल की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने आरबीआई द्वारा संचालित एडीजीएम पोर्टल तथा मित्र पोर्टल के उपयोग एवं महत्व पर विस्तृत चर्चा की और नागरिकों को इन प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से अपनी निष्क्रिय/अनक्लेम्ड राशि प्राप्त करने के तरीकों की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। अधिकारियों ने बताया कि अब तक जिले में इस अभियान के अंतर्गत 234 खातों में कुल 71 लाख रुपये की धनराशि डीईफ (डिपार्चर एजुकेशन एंड अवेयरनेस फंड) से वापस कराई जा चुकी है। विभिन्न बैंकों, बीमा कंपनियों, सेबी, पीएफआरडीएफ द्वारा सूचना स्टॉल भी लगाए गए, जिनमें नागरिकों को अनक्लेम्ड डिपॉजिट्स, बीमा, पेंशन तथा अन्य वित्तीय उत्पादों से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई गई।

# सरस्वती विद्या मंदिर मैगलगंज खीरी में बाल वर्ग की प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम संपन्न



मैगलगंज खीरी। मैगलगंज स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में साक्षात्कार आधारित प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। छात्र सांसद प्रमुख आचार्य आशीष कुमार की पूर्व योजना के अनुसार, बाल वर्ग से 30 भैया-बहिनों का चयन किया गया, जिनसे आमंत्रित निर्णायक बंधुओं ने प्रश्न पूछे। हालांकि सभी 30 प्रतिभागी भैया-बहिनों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, लेकिन कड़ा मुकाबला देखने को मिला। कक्षा 8 के छात्र आशीष कुमार गुप्ता ने 30 अंकों में से 27 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। कक्षा 8 के ही छात्र अंकुश शुक्ला ने भी 30 में से 27 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर जगह बनाई, जबकि कक्षा 7 के छात्र आयुष श्रीवास्तव ने 30 में से 25 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। यह प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम कुल 300 पाठक पुस्तक के प्रश्नोत्तरों पर आधारित था, जिसमें प्रत्येक छात्र से 30 प्रश्न पूछे गए थे और प्रत्येक प्रश्न एक अंक का था। प्रश्नोत्तरी में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया-बहिनों को मेडल पहनाकर और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# युवा ऊर्जा के संग गोला खेल महोत्सव का शुभारंभ सौहार्द का प्रतीक सफेद कबूतर उड़ाये

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। युवा शक्ति को समर्पित गोला खेल महोत्सव का शुभारंभ शनिवार को शांति एवं भाईचारे के प्रतीक सफेद कबूतर उड़ाकर और खेल ध्वज फहराकर किया गया। उद्घाटन मुख्य अतिथि एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि सीओ रमेश तिवारी, अधिशाषी अधिकारी संजय कुमार एवं नगर पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू के सानिध्य में हुआ।

कार्यक्रम की शुरूआत में अतिथियों ने भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। मुख्य अतिथि एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी ने कहा कि खेल जीवन का अहम हिस्सा हैं। यह न केवल शरीर को सुदृढ़ बनाते हैं बल्कि मानसिक क्षमता को भी मजबूत करते हैं। विशिष्ट अतिथि सीओ रमेश तिवारी ने कहा कि खेल अनुशासन और टीम भावना को बढ़ाते हैं तथा प्रतिभाओं को मंच देने की यह पहल सराहनीय है। पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि महोत्सव से नगर के खिलाड़ियों को नया मंच और नई पहचान मिलेगी। नगर की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे।



## रन फॉर यूनिटी ने बढ़ाया उत्साह

महोत्सव की शुरूआत रन फॉर यूनिटी मैराथन से हुई जिसे हरी झंडी दिखाकर स्व. राजेंद्र गिरि स्टेडियम से रवाना किया गया। दौड़ नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः स्टेडियम पर समाप्त हुई। मैराथन में आरिफ ने प्रथम, प्रदीप पाल ने द्वितीय तथा अजीत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में संयोजक श्याम मूर्ति शुक्ला, सभासद नानक चंद वर्मा, आनंद सोनी, कफील अहमद, सहित नगर के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सुजई कुण्डा पुल बनने का रास्ता हुआ साफ

धौरहरा खीरी। तहसील धौरहरा क्षेत्र में धौरहरा सुजई कुण्डा पुल की बहुप्रतिक्षित मांग आखिरकार निर्वाचित तक दिया गया। पुल निर्माण होने के बाद दर्जनों गांवों के लोगों को लाभ के साथ स्कूल आने वाले छात्रों के लिए राहत



जनप्रतिनिधि के प्रयास से पास हो गई। शनिवार को प्रेस कार्यालय धौरहरा में विधायक ने कहा कि पुल की लागत लगभग 4 करोड़ रुपए होगी जिस पर शिक्षा संघर्ष मोर्चा ने खुशी जाहिर की। प्राप्त विवरण के अनुसार विधानसभा व लोकसभा चुनावों में मुद्दा बनने वाले 25 वर्षों से बहुप्रतीक्षित व वादों का पुल (सुजई कुण्डा) को शासन से स्वीकृति कराने की बात शनिवार को विधायक धौरहरा विनोद शंकर अवस्थी ने प्रेस कार्यालय धौरहरा में वार्ता के दौरान बताई। विधायक के अनुसार दिसम्बर आखिर से पुल निर्माण की शुरूआत होगी व इसकी लागत करीब 4 करोड़ रुपए होगी। वैसे तो क्षेत्र की जनता में उपरोक्त पुल को नेताओं किए गए वादों से आजिज आकर वादों का पुल नाम भरी खबर है। इस पुल की स्वीकृति मिलने के बाद शिक्षा संघर्ष मोर्चा फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश गंभीर ने विधायक धौरहरा को साधुवाद ज्ञापित किया। ज्ञात हो उपरोक्त पुल निर्माण को लेकर मोर्चा व छात्र छात्राओं द्वारा किए गए धरना प्रदर्शन व सड़क जाम करने के आरोप में करीब 5 दर्जन लोगों पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था।

## 1986 में बना था टूटा पुल

सन 1986 मे बाबूबनारसी दास के मुख्यमन्त्रित्व काल मे यहाँ से विधायक रहे पं तेजनरायन त्रिवेदी के प्रयासों से पाँच लाख की लागत से पण्डित पुरवा - सुजई कुण्डा मार्ग पर दहोरा नाले पर लगभग 30 मीटर लंबा पुल का निर्माण कराया था। तब से करीब दस वर्ष तक लगभग दो दर्जन गांवों की 50 हजार आबादी के अलावा धौरहरा कस्बे व आसपास के लोग अपना सफर तय करते थे ।1996 में बाढ़ आई और पानी की धारा ने हल्की करवट ली और इसकी दीवारें ही धराशायी हो गयी। क्षेत्रीय लोगों के प्रयास से सन्- 1997 में जिला पंचायत अध्यक्ष रही लीला देवी ने मरम्मत के लिए सवा लाख रूपए उपलब्ध करवाए ।प्राप्त धन व ग्रामीणों के श्रमदान से 1997-1998 मरम्मत करवाई गई ,और क्षेत्रीय लोगों का आवागमन बहाल हो गया । पुनः 2002 मे आई भीषड़ बाढ़ ने पुल का अस्तित्व ही समाप्त कर दिया था ।

## दो दर्जन से ज्यादा गांव वालों को मिलेगा लाभ

पुल बनने के बाद यहाँ के पंण्डित पुरवा , मगरौली , लहसौरी पुरवा , टापर पुरवा , घोसियाना , सुजई कुण्डा ,नज्जापुरवा,भटपुरवा ,धारीदासपुरवा , हरसिंहपुर ,सुनारनपुरवा ,बिन्जहा ,मगरौली , फुटौहापुरवा सहित करीब दो दर्जन गाँवों का सीधा सम्पर्क बरसात मे तहसील मुख्यालय से समाप्त हो जाता था ।ग्रामीण जान जोखिम में डालकर बरसात के समय नाव से अपनी रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने तहसील मुख्यालय आते थे ।

# एमए चित्रकला छात्रों का लखनऊ शैक्षणिक भ्रमण

## संग्रहालय में कला और इतिहास की दुनिया से हुए रूबरू

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। गुरु हरिकिशन महाविद्यालय के एमए चित्रकला



द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने शनिवार को शैक्षणिक भ्रमण के लिए लखनऊ राज्य संग्रहालय एवं नवाब वाजिद अली शाह प्राणी उद्यान का दौरा किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. निर्मल सिंह ने सुबह 5:30 बजे पटेल चौराहा नई बाईपास से 29 विद्यार्थियों के दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

विद्यार्थियों ने राज्य संग्रहालय में मूर्तिकला, चित्रकला, अवध एवं रुहेलखंड पेंटिंग्स, लोक एवं विदेशी कला, जुरासिक पार्क सहित अनेक कला दीघाओं का अवलोकन किया। निदेशक अशोक कुमार वर्मा ने प्राचीन कलाकृतियों एवं ऐतिहासिक वस्तुओं के महत्व और विशेषताओं को विस्तार से समझाया। इस दौरान शिक्षकों शांति वर्मा, पीयूष वर्मा एवं विनीत मोहन ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय प्रबंधक सरदार परमेंदर पाल सिंह का विशेष सहयोग रहा।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में पराविधिक स्वयंसेवकों की बैठक संपन्न

सीतापुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीतापुर के तत्वावधान में शनिवार को पराविधिक स्वयंसेवकों (पी.एल.वी.) की बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक मा० जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुलदीप सक्सेना के निदेशानुसार तथा अपर जिला जजध्सचिव नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में उपस्थित समस्त पराविधिक स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए अपर जिला जज/सचिव नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी ने कहा कि सभी पी.एल.वी. अपने-अपने क्षेत्रों में पूर्ण ईमानदारी, निष्ठा और संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक निःशुल्क विधिक सहायता और न्यायिक सेवाओं की पहुँच सुनिश्चित करना है। श्री त्रिपाठी ने पराविधिक स्वयंसेवकों को यह भी निर्देश दिए कि वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं और गतिविधियों का व्यापक प्रचार-प्रसार करें ताकि अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें। उन्होंने विशेष रूप से आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत, जो 13 दिसम्बर को आयोजित की जाएगी, के प्रचार-प्रसार पर बल दिया और कहा कि सभी पी.एल.वी. अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर लोगों को इस आयोजन की जानकारी दें और अधिक से अधिक मामलों को निस्तारण हेतु लोक अदालत में प्रस्तुत कराएं। बैठक में जिले के सभी पराविधिक स्वयंसेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में किया गया।



# 10 रुपये में भरपेट भोजन देने वाली मां अन्नपूर्णा रसोई के दो वर्ष पूरे



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर में संचालित मां अन्नपूर्णा रसोई सेवा ने जनसेवा के दो सफल वर्ष पूरे कर लिए हैं।

इस उपलक्ष्य में रसोई सेवा समिति के अध्यक्ष एवं नगर पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू, महामंत्री सत्य प्रकाश अग्रवाल, मंत्री दिनेश मिश्र, विकास मिश्रा व रसोई संचालक गौरव ज्ञान त्रिपाठी की उपस्थिति में द्वितीय वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गई। विशेष अवसर पर पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू ने रसोई में आने वाले सभी लाभार्थियों को निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराकर सेवा का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि मां अन्नपूर्णा रसोई नगर के जरूरतमंदों, निराश्रितों एवं असहाय जनों के लिए एक मजबूत सहारा बन चुकी है। मात्र 10 रुपए में स्वादिष्ट व भरपेट भोजन उपलब्ध कराकर अनेक परिवारों को बड़ी राहत मिल रही है। इस खास दिन को पालिकाध्यक्ष के परिवार के लिए और भी विशेष बनाते हुए, उनके सुपुत्र वर्णित शुक्ल के जन्मदिन पर परिवार ने मां अन्नपूर्णा के समक्ष भोग लगाकर उनके दीघार्यु एवं मंगल जीवन की कामना की। समिति अध्यक्ष ने बताया कि रसोई के संचालन में समाजसेवियों व दानदाताओं का महत्वपूर्ण योगदान है। वर्तमान में 371 से अधिक दानदाता निरंतर सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने नगरवासियों का आभार जताते हुए कहा कि सामूहिक सहयोग व सेवा भावना से ही आज यह रसोई जरूरतमंदों की थाली में भोजन का भरोसा बन चुकी है,कार्यक्रम में शामिल नगरजनों ने रसोई की सेवाओं की सराहना करते हुए इसके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# नये कानूनों और साइबर सुरक्षा पर पुलिस की जागरूकता पहल



## छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक से दिया संदेश

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर गोला पुलिस ने शनिवार को चिल्ड्रेन एकेडमी में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। मिशन शक्ति अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को नए आपराधिक कानून एवं साइबर सुरक्षा के बारे में जानकारी दी गई।

निरीक्षक अपराध संतोष कुमार ने बताया कि नए कानूनों में महिलाओं की सुरक्षा, साइबर ठगी, बैंकिंग फ्रॉड, फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट और ऑनलाइन ब्लैकमेलिंग के खिलाफ कड़े प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में सुरक्षित रहना और सावधानी बरतना युवाओं की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में स्कूल छात्राओं ने एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें रोजमर्रा के जीवन में सतर्क रहकर साइबर अपराधों और महिला उत्पीड़न से बचाव का संदेश दिया गया। दर्शकों ने प्रस्तुति की सराहना की। कार्यक्रम का एक चरण सदर चौराहा पर भी आयोजित किया गया, जहां आम नागरिकों को भी जागरूक किया गया ।इस अवसर पर पूर्व पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल, उपनिरीक्षक देवेंद्र कुमार सिंह, महिला उपनिरीक्षक अपूर्वा शर्मा, उपनिरीक्षक राजन कुमार सहित पुलिस टीम और विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

## साइबर क्राइम के बढ़ते खतरे पर छात्रों को किया जागरूक, डिजिटल अरेस्ट से बचाव के दिए टिप्स

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। स्थानीय पब्लिक इंटर कॉलेज में शनिवार को पुलिस विभाग द्वारा साइबर सुरक्षा जागरूकता एवं नए आपराधिक कानूनों पर विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को डिजिटल ठगी, फेक कॉल, ऑनलाइन धोखाधड़ी और डिजिटल अरेस्ट जैसी बढ़ती घटनाओं से बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उपनिरीक्षक अपूर्वा शर्मा ने कहा कि आजकल साइबर अपराधी तकनीक का दुरुपयोग करके युवाओं को निशाना बना रहे हैं। किसी अनजान लिंक पर क्लिक न करें, बैंक जानकारी, ओटीपी या पिन किसी के साथ साझा न करें। संदिग्ध कॉल या संदेश मिलते ही तुरंत पुलिस या साइबर हेल्पलाइन पर सूचना दें। उपनिरीक्षक बबीता ने छात्रों को नए लागू कानूनों – भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम – के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि अब कानून न्याय केंद्रित हो गए हैं और संगठित अपराध, मॉब लिंचिंग, स्नैचिंग जैसे अपराधों पर कड़े दंड का प्रावधान किया गया है। प्राचार्य बाबूराम सागर ने कहा कि नए कानूनों से देश की न्याय प्रणाली और अधिक प्रभावी व पारदर्शी हुई है। अब देश में कहीं से भी एफआईआर दर्ज कराई जा सकती है। उन्होंने छात्रों को कानून और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी। कार्यक्रम में रमेश कुमार मौर्य, संगीता देवी, सविता देवी, दिनेश कुमार तिवारी, पुष्पेंद्र मिश्रा सहित शिक्षकों और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की।

संक्षेप

## श्री श्याम जयंती महोत्सव आज

आजमगढ़। श्री श्याम जयंती महोत्सव के अवसर पर श्री श्याम भक्त मण्डल आजमगढ़ द्वारा भव्य संकीर्तन एवं प्रसाद का आयोजन आगामी 2 नवंबर 2025 को पहाड़पुर स्थित श्रीकृष्ण गौशाला में शाम 6 बजे से किया गया है। जिसमे अनुपम श्रृंगार, पावन ज्योत, छप्पन भोग के साथ-साथ श्रद्धा भाव, समर्पण का अनूठा समागम होगा। साथ ही साथ महोत्सव में भावपूर्ण भजनामृत रस प्रवाह होगा। महोत्सव में श्याम भक्त गीतकार रवि बेरीवाल कोलकाता, तुषार चौधरी कोलकाता सहित कई नामचीन गायक श्री श्याम के गीतों से समा बांधेंगे। उपरोक्त जानकारी श्री श्याम भक्त मण्डल आजमगढ़ अध्यक्ष शोभित खण्डेलिया ने दी। उन्होंने सभी श्यामभक्तों से उपस्थित होकर महोत्सव को सफल बनाने की अपील की।

## श्रद्धा के साथ मनायी देव प्रबोधिनी एकादशी

जौनपुर। भगवान विष्णु को समर्पित देवउठनी एकादशी का पावन व्रत शनिवार को श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बाजारों में सिंघाड़ा, शकरकन्द, गन्ना खरीदने वालों की भीड़ लगी रही। यह तिथि कार्तिक महीने के शुक्ल पक्ष की एकादशी होती है। इस दिन भगवान विष्णु की भव्य पूजा की जाती है, जिसे देवोत्थान एकादशी या देव प्रबोधिनी एकादशी भी कहा जाता है। हिंदू मान्यताओं के अनुसार, भगवान विष्णु चार महीने की योगनिद्रा (चातुर्मास) के बाद इस दिन जागते हैं। इन चार महीनों में कोई भी शुभ या मांगलिक कार्य नहीं किया जाता, जैसे ही विष्णु भगवान जागते हैं, वैसे ही शुभ कार्यों की शुरुआत फिर से होती है। कहा जाता है कि इस दिन जो भक्त भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूरे विधि-विधान से पूजा करता है, उस पर विशेष कृपा बरसती है। भगवान विष्णु के आशीर्वाद से घर में सुख-समृद्धि आती है, विवाह योग बनते हैं और रुके हुए काम पूरे होते हैं। देवउठनी एकादशी केवल धार्मिक आस्था का दिन नहीं है, बल्कि यह नई शुरुआत और शुभता का प्रतीक है. आज का दिन भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की कृपा प्राप्त करने का विशेष अवसर है. जो भक्त सच्चे मन से पूजा करते हैं, उनके जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का वास होता है।

## श्रीमद्भागवत कथा से होता है जीवन का उद्धार

जौनपुर। खेतासराय क्षेत्र के अतरहीं गांव में श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह का हवन पूजन और भंडारे के पश्चात समापन हो गया। इस दौरान कथावाचक आचार्य बालकृष्ण महाराज प्रयागराज ने कहा कि हमको मनुष्य का जीवन मिला है और श्रीमद्भागवत कथा श्रवण मात्र से ही इस जीवन का उद्धार हो जाता है। हर व्यक्ति को भगवान की भक्ति जरूर करनी चाहिए उन्होंने कहा कि धरती पर मानव ही एक ऐसा प्राणी है जो भगवान की भक्ति होकर बाकी सारे काम करता है, लेकिन जब अंत समय आता है तब वह भगवान की भक्ति करने का प्रयास करता है, हमें ऐसा बिल्कुल नहीं करना चाहिए, बल्कि जब से हम सोचने, समझने लायक हो, तब से ही हमें भगवान की भक्ति करनी चाहिए। इस मौके पर भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। आयोजक सूरज तिवारी ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया।

# 685 जोड़े हुए परिणायाबद्ध



जिला संवाददाता(vol)

सामूहिक विवाह

जौनपुर। बदलापुर क्षेत्र में आयोजित भव्य बदलापुर महोत्सव का शुभारंभ सामूहिक विवाह समारोह के साथ हुआ। सल्तनत बहादुर इंटर कॉलेज परिसर में सजे रंगीन पंडालों में 685 जोड़ों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सात फेरे लेकर वैवाहिक जीवन की नई शुरूआत की।

कार्यक्रम का उद्घाटन हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला ने किया। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह जैसी पहल समाज में समानता और सहयोग की भावना को सशक्त करती है। यह आयोजन जनभागीदारी और सामाजिक समरसता का उत्कृष्ट उदाहरण है। राज्यपाल ने नवविवाहित जोड़ों को सुखी, समृद्ध और आदर्श पारिवारिक जीवन की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री असीम अरुण भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा है कि हर गरीब परिवार की बेटी का विवाह गरिमा और सम्मान के साथ हो। ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

विवाह समारोह के लिए मंडपों को सुंदर ढंग से सजाया गया था। प्रत्येक जोड़े के लिए अलग-अलग मंडप बनाए गए, जहां वैदिक परंपरा के अनुसार सात फेरे पूरे किए गए। वधुएं लाल साड़ी और चुनरी में सजी थीं, जबकि वर पारंपरिक पोशाक में नजर आए। ज्ञात हो कि इसके पूर्व दिनेश कुमार संयुक्त निदेशक पर्यटन विभाग विंध्याचल मंडल मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया अमृत अभिजीत आई यस प्रमुख सहायक पर्यटन विभाग लखनऊ डॉ दिनेश सिंह जिलाधिकारी जौनपुर तत्पश्चात महोत्सव कार्यक्रम की शुरूआत ऊर्जा मंत्री ऐके शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया इस मावे पर भाजपा नेता ज्ञान प्रकाश सिंह कृपा शंकर सिंह रमेश सिंह विधायक शाहगंज पर्यटन अधिकारी मीनाक्षी यादव आदि मौजूद रहे। स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति कर लोगों का मन मोह लिया।

# धूमधाम से मनाया जायेगा प्रकाशोत्सव, निकाली प्रभातफेरी

जिला संवाददाता(vol)



जौनपुर। सिख धर्म के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी महाराज की 557 वाँ पावन प्रकाश पर्व 5 नवम्बर दिन बुधवार को गुरुद्वारा रासमण्डल में बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। इसी क्रम में 26 अक्टूबर रविवार से रोजाना की भाँति श्री सुन्दर गुरुद्वारा ओलंदगंज से प्रभात फेरी प्रात से शुरू हुआ जिसमे महिलाएँ, बच्चे शामिल होकर गुरुवाणी का सबद कीर्तन करते हुए रासमण्डल स्थित गुरुद्वारा तपस्थली श्री गुरु तेग बहादुर साहब पहुंची। जहां पर सबद कीर्तन व अरदास उपरान्त चाय छोले का लंगर वितरण किया गया। यह समस्त कार्यक्रम गुरुद्वारा के ग्रंथी ज्ञानी जीउ पाल सिंह की देख रेख में संपन्न कराया जा रहा है। यह प्रभात फेरी 4 नवम्बर तक चलेगी। सरदार त्रिलोचन सिंह, सरदार कुलवन्त सिंह छाबड़ा, सरदार मनमोहन सिंह, सरदार जगजीत सिंह जग्गा, सरदार कमल सिंह भाटिया, सरदार हरीपाल सिंह, सरदार अमरजीत सिंह, सतीश बाधवा, सरदार नमनदीप सिंह, सरदार उपेन्द्र सिंह, अर्जुन सहगल, राजेंदर खत्री सहित अन्य लोग शामिल रहे।

# भाजपा नेता ने पीड़ित को न्याय दिलाने की मांग, सौंपा पत्रक

आजमगढ़। जनपद के मेहनगर गोपालपुर निवासी राहुल चौरसिया ने भाजपा जिला महामंत्री मिथिलेश चैरसिया के नेतृत्व में एसपी आजमगढ़ एवं एडीएम प्रशासन को प्रार्थना पत्र सौंपकर न्याय की मांग की। पीड़ित ने बताया कि 24 अक्टूबर 2025 की रात करीब 11 बजे दबंग भूमाफिया सुधांशु सिंह, सुगंध सिंह, शिव सहाय सिंह एवं उनके सहयोगियों ने जेसीबी मशीन से उनकी जमीन की बाउंड्री वॉल तोड़ दी। मौके पर पहुंचने पर दबंगों ने जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। राहुल ने तुरंत 112 नंबर पर कॉल किया, पुलिस ने मौका मुआयना किया और थाने बुलाया। प्रार्थना पत्र 24 अक्टूबर को ही थाने में दिया गया, लेकिन पुलिस ने अपराधियों से मिलीभगत कर मामला दबाने की कोशिश की। 28 अक्टूबर को मुकदमा मामूली धाराओं में दर्ज किया गया। अपराधी अभी भी खुले आम घूम रहे हैं और परिवार को जान से मारने की धमकियां दे रहे हैं। युवा प्रदेश अध्यक्ष चैरसिया महासभा कृष्णा चौरसिया ने कहा कि योगी जी का बुलडोजर गरीब चौरसिया परिवार की बाउंड्री तोड़ने वालों पर कब चलेगा? न्याय न मिलने पर पूरे प्रदेश में बड़ा आंदोलन किया जाएगा और समाज का प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री कार्यालय जाकर मिलेगा। इस मौके पर प्रदेश संरक्षण हरिश्चंद्र चौरसिया, जगदीश चौरसिया, डॉ. अरुण चैरसिया, गिरजानंद चौरसिया सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थिति में विवाहिता की मौत, चार पर मुकदमा दर्ज

मीरजापुर। संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता ने मौत को गले लगा लिया है। हालांकि मायके वालों कहना है कि ससुराल वालों की प्रताड़ना से तस्त होकर उनकी बेटी मौत को गले लगाया है जिसकी खबर तक उन्हें नहीं दी गई है ऐसे में पूरा मामला संदिग्ध प्रतीत होता है। चुनार कोतवाली क्षेत्र के मगरहां गांव निवासी शिवेन्द्र कुमार सिंह पुत्र स्वर्गीय रविन्द कुमार सिंह ने चुनार कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उनकी पुत्री आशी सिंह 23 वर्ष का विवाह अजीत सिंह पुत्र पारसनाथ सिंह निवासी ग्राम पचेवरों थाना चुनार के साथ 20 अप्रैल 2025 को हुई थी। विवाह के पश्चात उनकी पुत्री आशी सिंह को दहेज को लेकर उसके पति अजीत सिंह ननद, ससुर तथा सास के द्वारा काफी प्रताड़ित किया जाता रहा है। जिससे वो काफी परेशान थी। इन्हीं प्रताड़ना से तंग आकर उसने अचानक 31 अक्टूबर 2025 को रात में करीब 11 बजे कोई जहरीला पदार्थ खा लिया गया जिसकी इलाज के दौरान नवजीवन अस्पताल कैलहट में मृत्यू हो गयी। आरोप लगाया है कि उनकी बेटी की मृत्यू की सूचना उनको मृत्यू के उपरान्त विलम्ब से दी गयी। इस मामले में पति सहित चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है।

## साइबर क्राइम व तीन नए कानूनों के संबंध में चलाया जागरूकता अभियान

मड़िहान, मीरजापुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन मनीष कुमार मिश्र व पुलिस उपाधीक्षक लालगंज



अशोक कुमार सिंह के नेतृत्व में संतनगर थाना क्षेत्र के सन्तनगर कस्बा में थाना प्रभारी द्वारा साइबर अपराध के संबंध में चलाए गए जागरूकता व तीन नए कानून के संबंध में विधिवत ग्रामीणों को जानकारी दी गई। बताया गया कि यदि किसी भी प्रकार का भ्रामक फोन मैसेज आपके मोबाइल पर आता है तो बिना देर किए पुलिस को सूचना दें, ताकि समय रहते कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार, उपनिरीक्षक सुशील कुमार, उपनिरीक्षक दिनेश कुमार श्रीवास्तव, आरक्षी संजय यादव, हेड आरक्षी पंकज कुमार, महिला आरक्षी झूना कुमारी, आरक्षी विकास कुमार पटवा व आरक्षी आशीष कुमार साहू सहित ग्रमीण मौजूद रहे।

## नौजवान सभा की एकता यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

जौनपुर। राष्ट्रवादी नौजवान सभा के संस्थापक व पूर्व सांसद धनंजय सिंह, संरक्षक एमएलसी बृजेश सिंह और राष्ट्रीय अध्यक्ष नवीन सिंह के नेतृत्व में शहर में आयोजित जन एकता यात्रा में जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही लोगों का हुजूम मोहम्मद हसन डिग्री कॉलेज परिसर में जुटने लगा। भगवान शिव के डमरू वादन से कार्यक्रम की शुरूआत हुई। तत्पश्चात पूर्व सांसद धनंजय सिंह और विधान परिषद सदस्य बृजेश सिंह ने सरदार पटेल तथा पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर यात्रा का शुभारंभ किया। हजारों लोगों की उपस्थिति में यह यात्रा अनुशासित रूप से शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई तिलकधारी कॉलेज स्थित महाराणा प्रताप व्यायामशाला तक पहुँची जहाँ इसका समापन हुआ। व्यायामशाला में प्रधानाचार्य सत्य प्रकाश सिंह ने पूर्व सांसद का स्वागत करते हुए उन्हें विशाल माला पहनाई और सरदार पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने कहा, सरदार पटेल ने देश को अखंडता और एकता का जो संदेश दिया, वह आज भी उतना ही प्रासंगिक है। हमें जाति, धर्म और क्षेत्र से ऊपर उठकर एक भारतद्दश्रेष्ठ भारत के निर्माण में योगदान देना होगा।द्ववहीं एमएलसी बृजेश सिंह ने कहा, युवा वर्ग को सरदार पटेल के जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। एकता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है।द्व कार्यक्रम का संचालन अनिल श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर प्रमुख के.डी. सिंह, पूर्व प्रमुख गप्पू सिंह, पूर्व प्रमुख आशुतोष सिंह, प्रमुख विनय सिंह, अमित सिंह, पुनीत सिंह, माँ सचिव राणा सिंह, जिलाध्यक्ष रत्नदीप सिंह, जय प्रकाश सिंह, शिवेंद्र सिंह, दुर्गेश सिंह सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



## विज्ञान प्रदर्शनी से छात्रों में बढ़ती है वैज्ञानिक सोच

जौनपुर। प्राथमिक विद्यालय ताहिरपुर में एक्शन एड आदित्य विरला कैपिटल फाउंडेशन के द्वारा आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने माडल बनाकर प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विज्ञान प्रदर्शनी में अतिथि ने कहा कि बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. गोरखनाथ पटेल ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी छात्रों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने का एक प्रभावी माध्यम है। जो उन्हें प्रयोगों के माध्यम से वैज्ञानिक सिद्धांतों को समझने, रचनात्मकता और आलोचनात्मक सोच को बढ़ावा देने के साथ अंधविश्वास को दूर करने में मदद करती है। उन्होंने कहा कि स्कूलों में होने वाले ऐसे आयोजनों से छात्रों को पाठ्य पुस्तकों से परे जाकर विभिन्न वैज्ञानिक अवधारणाओं को व्यावहारिक रूप से समझने में मदद करती है। प्रदर्शनी में लगे स्टाल पर जाकर उन्होंने बच्चों से उनके बनाये गए माडल से सम्बंधित सवाल पूछा तो बच्चों ने भी बेबाकी से जबाब भी दिया। बीएसए ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रमाणपत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया। खंड शिक्षा अधिकारी अजीत सिंह ने ऐसे आयोजनों से छात्रों को अपने माडल और प्रयोगों के माध्यम से रचनात्मक और आलोचनात्मक सोच विकसित करने का अवसर प्रदान करती है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक व प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष अमित सिंह ने अभ्यागतों का स्वागत करते हुए छात्रों द्वारा बनाए गए माडल की जमकर सराहना किया। संस्थान की जिला समन्वयक बीनू सिंह ने बताया कि संस्था का उद्देश्य छात्रों में रचनात्मक सोच को आगे बढ़ाना है। कार्यक्रम में जिसमें 8 टीम के बच्चों के द्वारा, ज्वालामुखी, वायु से चलने वाली गाड़ी, स्वशनतंत्र, बैट्री से चलने वाला पंखा, मानव मस्तिष्क की संरचना, प्रदूषण से बचाव, कार्बन डाइऑक्साइड को पौधे कैसे अवशोषित करते हुए आदि बच्चों के द्वारा तैयार करके उसका प्रस्तुतिकरण किया गया संचालन अभय कुमार सिंह ने किया।

# समाधान दिवस :मण्डलायुक्त व डीएम ने सुनीं जन समस्याएं



मीरजापुर। जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के दृष्टिगत शासन के निदेर्शानुसार जनपद के सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील मड़िहान में मण्डलायुक्त राजेश प्रकाश व जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार द्वारा आए हुए फरियादियों के समस्याओं को सुना गया तथा सम्बन्धित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में ज्योति सिंह पत्नी विजय बहादुर ग्राम लेदुकी के प्रार्थना पत्र पर मण्डलायुक्त द्वारा पत्रावली की जांच की गई जिसमें पाया गया कि विजय बहादुर बनाम सरकार, बावत मौजा लेदुकी तप्पा उपरौध परगना कंतित तहसील मड़िहान अन्तर्गत धारा-30 (2) के पत्रावली को उप जिलाधिकारी द्वारा उक्त के सम्बंध में नायब तहसीदार व पेशकार के माध्यम से करूण शंकर पाण्डेय राजस्व निरीक्षक से आख्या मांगी गई थी, परन्तु काफी समय व्यतीत हो जाने के बाद भी उक्त प्रकरण में आख्या उपलब्ध नहीं कराया गया जिस पर मण्डलायुक्त द्वारा पत्रावली परीक्षण के उपरान्त यह पाया गया कि उक्त प्रकरण में नायब तहसीलदार राहुल मिश्रा व पेशकार सुशील कुमार गुप्ता के द्वारा निर्देश के बाद भी भी रूचि न लेने तथा राजस्व निरीक्षक करूण शंकर पाण्डेय के द्वारा समय पर आख्या उपलब्ध न कराना घोर लापरवाही का द्योतक है जिससे फरियायदी के समस्याओं का समय से समाधान नहीं हो सका। मण्डलायुक्त ने नायब तहसीलदार राहुल मिश्रा, पेशकार सुशील कुमार गुप्ता को कड़ी चेतावनी देते हुए राजस्व निरीक्षक करूण शंकर पाण्डेय को तत्काल प्रभाव से प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई। मण्डलायुक्त ने तहसील दिवस में कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतो का सम्बन्धित विभागीय अधिकारी संतुष्टिपरक ढंग से ससमय निस्तारण करते हुए आख्या सम्बन्धित तहसील मे उपलब्ध करा दे। समाधान दिवस में जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार व मुख्य विकास अधिकारी द्वारा एक-एक जन सामान्य की शिकायतो को सुनते हुए सम्बन्धित अधिकारी को मौके पर बुलाकर निस्तारण करने का निर्देश देते हुए कहा कि भूमि विवाद सम्बंधी मामलो में गठित टीम के अधिकारी मौके पर जाकर शिकायतकर्ता सहित अगले पक्ष के सामने स्थलीय निरीक्षण करते हुए गुणवत्तापूर्ण समाधान कराए। समाधान दिवस में कमलेश पुत्र जग नारायन ग्राम देवरी कला द्वारा प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया कि वह जन्म से ही गूंगा व बहरा है तथा गरीब परिवार से है दिव्यांग प्रमाण पत्र न होने के कारण सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिस पर जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि आज ही सांय तक दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने हेतु रिपोर्ट लगाते हुए प्रमाण पत्र जारी करना सुनिश्चित करें।

# डीएम एसपी ने यातायात माह का किया शुभारंभ, चेतना रथ को दिखाई हरी झण्डी

मीरजापुर। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा ने पुलिस लाइन स्थित मां विन्ध्यवासिनी सभागार कक्ष में यातायात माह नवम्बर-2025 का दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ व जागरूकता रैली, चेतना रथ को हरी झण्डी रवाना किया गया। यातायात जागरूकता के सम्बन्ध में स्कूली छात्र, छात्राओं व एनसीसी कैडेट्स, रिक्रूट आरक्षीगण को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए जागरूक किया गया।

यातायात सम्बन्धी नियमों के पालन करने के प्रति जागरूक कर नियमों को पालन करने हेतु सभी को निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का इस्तेमाल अवश्य करें, यह भी बताया गया की यातायात नियमों का पालन करके ही वाहन दुर्घटनाओं में कमी लायी जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि यातायात माह का प्रमुख उद्देश्य है कि सड़क सुरक्षा को लेकर यातायात नियमों का पालन करने के अलावा ट्रैफिक सिक्योरिटी को लेकर आवश्यक उपाय किए जाते हैं दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रो में रिफ्लेक्टर लगाना आदि सभी कार्य यातायात माह के दौरान किए जाएंगे। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें। उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय धूमपान न करे। जनजागरण को प्रभावी बनाये जाने हेतु यातायात जागरूकता चेतना रथ व डेल्ही पब्लिक सेकेण्डरी, कमला मेमोरियल पब्लिक स्कूल व संस्कार पब्लिक स्कूल के छात्र, छात्राओं, एनसीसी कैडेट्स, रिक्रूट आरक्षियों द्वारा यातायात जागरूकता रैली को पुलिस लाइन मीरजापुर से जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा हरी झण्डी दिखा कर पीएसी बैण्ड पार्टी सहित पर्याप्त संख्या में पुलिस बल के अधिकारी, कर्मचारीगण के साथ रवाना किया गया। यातायात माह नवम्बर-2025 के दौरान जनपद के विभिन्न स्कूलों, कालेजों में यातायात पुलिस व स्वयं सेवी समूहों के सहयोग से नुक्कड़ नाटक, पेंटिंग, निबन्ध लेखन एवं अन्य आयोजनों के माध्यम से जागरूक किया जायेगा।

# यातायात जागरूकता रैली निकाली

जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर। यातायात माह नवम्बर महा की जागरुकता अभियान की रैली का शुभारम्भ अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर किया ग।

क्षेत्राधिकारी यातायात सुनील चन्द्र तिवारी, प्रभारी याताया सुशील कुमार मिश्र, व समस्त उप निरीक्षक यातायात व कर्मचारीगण के साथ-साथ गुलाबी देवी इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य व 100 छात्र-छात्रायें , जनक कुमारी इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य व 100 छात्र-छात्रायें, छब्ब 98 बटालियन जौनपुर के 100 कैडेट, व पुलिस के जवानों द्वारा जागरुकता रैली निकाली गयी । रैली पुलिस लाईन मुख्य द्वार से, डाकबंगला चैराहा से, कचगाँव तिराहा से, लाइनबाजार थाना से गाँधी तिराहा होते हुए अम्बेडकर तिराहा से सिवील लाइन से कलेक्ट्रेट होते हुवे वापस पुलिस लाईन लायी गयी रैली के दौरान आम जनता के लोगों को यातायात नियमों से सम्बन्धित पम्पलेट व हैण्डबिल वितरित किये गये, सार्वजनिक स्थानों पर बैनर पोस्टर लगवाते हुये वाहनों पर स्टिकर चिपकाये गये तथा पम्पलेट व हैण्डबिल वितरित किये गये, मुख्य मार्गों तथा सड़क पर वाहनों को खड़ा करके दुर्घटना का कारण बनने व जाम लगाने वाले वाहनों को उनके मालिकों को आगे ऐसा न करने की चेतावनी देते हुये हटवाया गया न हटाने वाले वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की गयी । तथा लाउडस्पीकर से अनाउंसमेंट कर यातायात नियमों के बारे में जागरुक किया गया ।

# रील बनाने की सनक कहीं बन न जाए मौत की डगर



मीरजापुर। इंस्टाग्राम से लेकर सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर इन दिनों रील बनाने की सनक ने युवाओं से लेकर किशोर किशोरियों को इस कदर अपने चंगुल में फांस लिया है कि उन्हें इससे उबर पाना मुश्किल सा होता दिखाई देने लगा है। हालांकि रील बनाने की यह सनक उनके लिए कहीं मौत की डगर न बन जाएं, इसको लेकर समाज के प्रबुद्ध वर्ग को चिंतित भी देखा जा सकता है। ऐसा ही एक मामला मीरजापुर के अति पिछड़े इलाके हलिया विकासखंड क्षेत्र के मतवार चौकी क्षेत्र का सामने आया है जहां का वायरल हो रहा वीडियो लोगों को हैरत में डाल देरहा है तो वहीं सोचने पर भी विवश कर दे रहा है कि यदि कोई हादसा हुआ तो जिम्मेदार कौन? आएं दिन पानी टंकी की उंचाई पर चढ़ रील बनाने की सनक में जान जोखिम में डाल रहे किशोर-किशोरी का वीडियो वायरल होने के बाद तरह-तरह के सवाल उठ रहे हैं।

दरअसल यह पूरा मामला मीरजापुर के हलिया थाना क्षेत्र के मतवार चौकी क्षेत्र का है जहां नाबालिग किशोर-किशोरी को रील बनाने का सनक इस कदर हावी हुआ है कि वह दोनों रील बनाने के बुखार में तपते हुए जल निगम की पानी की टंकी पर चढ़ कर रील बनाने में मशगूल हो जा रहे हैं? जिन्हें ना तो किसी हादसे का भय है और ना ही समाज का भय दिखाई दे रहा है। पानी टंकी की उंचाई पर चढ़ आकाश से बाते करते हुए रील बनाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हलिया थाना क्षेत्र के मतवार चौकी अंतर्गत रामपुर नौडिहा स्थित पुलिस चौकी के ठीक सामने पानी की टंकी पर चढ़कर नाबालिग को चढ़ा रील बनाने का बुखार घातक साबित हो सकता है। मजे की बात है कि जल निगम की पानी की टंकी पर चढ़ कर रील बनाने से इन्हें कोई रोकने टोकने वाला भी दिखाई नहीं दे रहा है। ऐसे में किसी दिन हो सकता है बड़ा हादसा

# दो बार भुगतान फिर भी नहीं बनी कुएं की जगत

जिला संवाददाता



मीरजापुर। सरकार के ग्रामीण विकास के सपने को किस प्रकार से और कैसे साकार किया जा रहा है इसकी बानगी देखनी हो तो आप चलें आइए हलिया विकास खंड क्षेत्र में जहां आपको धरातल पर तो विकास नहीं दिखेगा, लेकिन प्रधान जी और अधिकारियों के कागजों में जरुर यह विकास कार्य दिखाई दे जायेगा। ऐसे ही एक गांव की मिशाल आपके सामने ला रहे हैं जहां का भ्रष्टाचार देख आप भी हैरत में पड़ जाएंगे।

दरअसल यह पूरा मामला उसी हलिया विकास खंड क्षेत्र का है जो मनरेगा घोटाले की जांच में फंसा हुआ है। इसी हलिया विकास खंड क्षेत्र के मनिगढ़ा गांव में भ्रष्टाचार का एक बड़ा मामला सामने आया है, जहां सरकार की विकास परक योजनाओं को पलीता लगा बिना कार्य कराएं ही भुगतान करा लिया गया है। इस मामले में गांव निवासी अब्दुल समद ने जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार को तीन सौ पेज का शिकायती पत्र सौंपकर गांव में लाखों रुपये के घोटाले का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है। मनिगढ़ा गांव निवासी अब्दुल समद ने जिलाधिकारी को सौंपे गए पत्रक में आरोप लगाया कि उसके घर के सामने स्थित प्राचीन कुएं के जगत के निर्माण के नाम पर दो बार भुगतान किया जा चुका है, लेकिन निर्माण नहीं कराया गया। कुआं और कुएं का जगत आज भी जस-तस हालात में पड़ा हुआ है। इसी कुएं से उनके परिवार सहित आसपास के घरों परिवार के लोग भी पानी पीते हैं, जो पूरी तरह से जर्जर होने के साथ जीर्णोद्धार की आस लगाए बैठा है। ग्रामीण बताते हैं कि कुएं का जगत निर्माण न होने से आसपास के लोगों को खतरा भी बना रहता है। कुएं के बगल से रास्ता होने से उनका आना जाना होता है। बरसात के समय में स्थित नारकीय होने के साथ इधर से आना जाना भी जोखिम भरा हो जाता है। बावजूद इसके कुएं का जगत निर्माण न कराकर सरकारी धन का बंदरबांट कर कागजों पर काम होना दर्शा दिया जाना न केवल सरकार की ग्रामीण विकास योजनाओं की मंशा पर पानी फेरने जैसा है बल्कि एक गंभीर अपराध भी बनता है। यही नहीं गांव के अन्य विकास कार्य भी कागजों पर तो करवा दिए गए हैं, लेकिन धरातल पर कुछ भी नहीं दिखाई दे रहा है। आरोप है कि ग्राम प्रधान का पूरा लेखा-जोखा, लेन-देन कोई और करता है। पिछड़ी जाति की महिला प्रधान को यह भी पता नहीं है कि उसके गांव के विकास कार्य पर कितनी धनराशि खर्च की गई है और कहां कहां खर्च किया गया है। गांव के विकास कार्य के नाम पर लाखों-करोड़ों रुपये गबन करने की आशंका जताते हुए कहा है कि बिना कार्य कराए ही कागज पर कार्य पूर्ण दिखाकर रुपये निकाल लिए गए हैं। डीएम ने जांच कराके कारवाई का आश्वासन दिए है। वहीं डीएम ने इस संबंध में डीपीआरओ को निर्देशित किए है कि मामले की जांच कर तत्काल रिपोर्ट सौंपी जाए। वहीं शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि उसने की बार गांव में विकास कार्य के नाम पर हुए घोटाले की शिकायत की लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई संभव नहीं हुई है, थक-हारकर उसने जिलाधिकारी से शिकायत की है।

## मनरेगा घोटाले की जांच में रहा है हलिया

गौरतलब हो कि वर्ष 2007-2010 में राज्य के कई जिलों में हुए मनरेगा योजना अन्तर्गत घोटाले में मीरजापुर का हलिया विकास खंड क्षेत्र भी शामिल रहा है यहां के 54 लोगों जिनमें कई अधिकारी कर्मचारी और ग्राम प्रधान इस भ्रष्टाचार घोटाले की जांच में घिरे थे, मुकदमा दर्ज कराया गया था। मामला सीबीआई के हवाले होने पर कई बार सीबीआई की टीम भी हलिया धमक चुकी है। बावजूद गांवों के विकास कार्यों में भ्रष्टाचार थमा नहीं है।

# महिला जनसुनवाई का कार्यक्रम का आयोजन 6 नवंबर को

आजमगढ़। अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 गम्भीर सिंह ने बताया है कि उप्र राज्य महिला आयोग द्वारा प्रदेश में महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलायें जाने तथा महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से आवेदक/ आवेदिकाओं की सुगमता के दृष्टिगत प्रदेश के विभिन्न जनपदों के मुख्यालयों/तहसील स्तर पर माह नवम्बर के 6 नवम्बर 2025 को एक दिवसीय कार्यक्रम के प्रथम सत्र में महिला जनसुनवाई का कार्यक्रम सम्बन्धित जिलाधिकारी की ओर से नामित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अथवा उनकी ओर से नामित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, महिला थाना अध्यक्ष एवं सम्बन्धित थाने के क्षेत्राधिकारी की उपस्थिति में व द्वितीय सत्र में जिला प्रशासन के चयनित स्थल पर जागरूकता चैपाल का आयोजन श्रीमती प्रियंका मौर्या, सदस्य, उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्षता में किया जाना है।

उक्त दिवस में प्रथम सत्र की अवधि में जनपद के आयोग में प्रचलित प्रकरणों एवं जनपद में महिला उत्पीडन की नवीन घटनाओं का संज्ञान लेकर जनसुवाई कार्यक्रम का आयोजन कराया जाना है तथा द्वितीय सत्र में महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं विषयक जागरूकता चौपाल का आयोजन कराया जाना है। जागरूकता चौपाल में उपस्थित व्यक्तियों को विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दिलायें जाने हेतु योजनाओं से संबंधित साहित्य उपलब्ध कराये जाने के साथ ही पात्रों का सुसंगत योजनाओं में यथासंभव पंजीकरण भी कराया जायेगा। उ०प्र० शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं में निराश्रित महिला पेंशन, वृद्धा पेंशन, आयुष्मान कार्ड बनवाये जाने, कन्या सुमगला योजनाओं से आच्छादित बालिकाओं को लाभ दिलाये जाने, बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओं योजना से जनपद की महिलाओं को लाभान्वित कराये जाने के संबंध में आवश्यक प्रचार-प्रसार कराये जाने के साथ ही जनपद में उ० प्र० बाल सेवा योजना से लाभान्वित परिवारों/बालिकाओं के संबंध में नियत तिथि पर आख्या उपलब्ध कराये जाने तथा जागरूकता चौपाल में स्वास्थ्य शिविर लगाये जाने हेतु जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित किया गया है।

संक्षेप

## बैकुण्ठपुर सड़क के चौड़ीकरण के लिए धन अवमुक्त

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय विकास खण्ड के नूनखार दुलहू - बैकुंठपुर के सडक निर्माण के लिए शासन ने धन स्वीकृत कर दिया है ।पहली किस्त का धन अवमुक्त कुछ प्रतिबन्धों के साथ भी हो गया है ।शीघ्र ही इस सडक निर्माण कार्य शुरू होगा ।

सडक के निर्माण हो जाने के बाद क्षेत्र के दर्जनों गाँवो के लोगो के लिए बैकुंठपुर आने व जाने में सहूलियत होगी ।सडक के निर्माण के लिए क्षेत्रीय लोगो द्वारा विधायक सुरेन्द्र चौरसिया को पत्रक भी सौपा था ।जिसे शासन से सडक के निर्माण के लिए माँग किया था ।विधायक की पहल रंग लायी वर्षो से पडे इस गड्ढायुक्त सडक के चौडीकरण शुद्दणीकरणके लिए शासन ने 6क ?ोड 78लाख2हजार की धनराशि महामहिम के आदेश पर लोक निर्माण विभागको अवमुक्त हो गयी है ।

साथ ही कुछ प्रतिबन्धों के साथ ही इसमें से पहली किस्त 2करोड3लाख इकतालीस हजार रुपया अवमुक्त हो गया है ।विधायक सुरेन्द्र चौरसिया ने सडक के निर्माण को अपनी प्राथमिकता मे रखते हुए शासन में पहल शुरू किया ।इनके प्रयासों के कारण ही इस सडक के चौडीकरण शुद्दणीकरणके लिए धन अवमुक्त हो गयी ।

जहां सडक के निर्माण कार्य के लिए धन अवमुक्त होने पर क्षेत्रीय जनता ने खुशी का इजहार करते हुए विधायक को धन्यबाद व बधाई दिया है वही विधायक ने प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ महराज जी को हृदय से धन्यवाद दिया है ।इस सडक परियोजना में सडक की चौडाई बढानेयातायात व्यवस्था में सुधार करने के अलावे सुरक्षा चिन्हो को लगाने की व्यवस्था भी शामिल है ।

# शुचिता और पारदर्शिता से निपटायें शिकायतें: डीएम



जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक केशव कुमार की उपस्थिति में तहसील कसया के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा सर्वप्रथम संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर सभागार में आए हुए तहसील क्षेत्र के फरियादियों की समस्याओं व शिकायतों को एक-एक कर गम्भीरता के साथ सुनने के उपरान्त विभागीय अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही उनका निस्तारण किया गया तथा अवशेष प्रार्थना पत्रों के सम्बन्ध में संबंधित अधिकारियों को सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए प्राप्त करा दिये गए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि संपूर्ण समाधान दिवस पर आए हुए शिकायतों को प्राथमिकता पर रखते हुए हर पीड़ित की समस्या का निष्पक्ष निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जिन शिकायतों का निस्तारण तत्काल नहीं हो सका है उनका समय के अंतर्गत शासन की मंशानुसार निर्धारित अवधि के भीतर सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ गुणवत्ता पूर्ण एवं संतुष्टिपूर्ण शत प्रतिशत निस्तारण हो जाना चाहिए। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने पुलिस विभाग से जुड़े मामलों की सुनवायी की व पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं थानाध्यक्षो को प्राप्त सभी सन्दर्भो का निस्तारण राजस्व विभाग की सहायता से टीम बनाकर प्राथमिकता एवं गुणवत्ता के साथ शत प्रतिशत सुनिश्चित कराये जाने का निर्देश दिये। राजस्व व पुलिस विभाग के अधि0/कर्मचारियों को शिकायतों को गम्भीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया ।सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 56 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से राजस्व विभाग के 47 में से 04 को तत्काल निस्तारित किया गया ,पुलिस विभाग से संबंधित 02, तथा अन्य विभाग के 07 प्रकरण प्राप्त हुए। इस प्रकार कुल 56 में से 04 प्रार्थना पत्र का निस्तारण तत्काल एवं अवशेष 52 प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग को समयांतर्गत निस्तारण के निर्देश के साथ सौंपा गया। इस दौरान उपजिलाधिकारी संतराज सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी चंद्र प्रकाश, परियोजना निदेशक पियूष कुमार, डीपीआरओ आलोक प्रियदर्शी, जिला उद्यान अधिकारी कृष्ण कुमार, जिला कृषि अधिकारी डॉ मेनका, डीसी मनरेगा राकेश, सीओ सहित विभिन्न विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी, खंड विकास अधिकारीगण, एवं थानाध्यक्ष के साथ कानूनगो व लेखपाल, आदि उपस्थित रहे।

## 54 शिकायतें मिलीं, 6 का निस्तारण



**देवरिया।** जनता की शिकायतों एवं समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से तहसील भाटपाररानी में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने की, जबकि पुलिस अधीक्षक श्री संजीव सुमन भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने आमजन की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा है कि जनता की समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, पारदर्शी और संतोषजनक ढंग से किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों की नियमित मॉनिटरिंग करें और सुनिश्चित करें कि किसी भी फरियादी को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि जिन मामलों का निस्तारण मौके पर संभव नहीं है, उन्हें प्राथमिकता के साथ निश्चित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण रूप से निपटाया जाए इस दौरान जिलाधिकारी ने तीन पात्र लाभार्थियों को राशन कार्ड और एक परिवार को आयुष्मान कार्ड प्रदान कर त्वरित रहत दी ।पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों की सुनवाई करते हुए अधिकारियों और थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि प्राप्त सभी प्रकरणों का निस्तारण त्वरित और प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 54 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 26 राजस्व विभाग, 05 पुलिस विभाग, 03 विकास विभाग, 01 समाज कल्याण और 19 अन्य विभागों से संबंधित थे। इनमें से 06 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया, जबकि शेष 48 प्रकरणों को संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया ।इस अवसर पर उपजिलाधिकारी भाटपाररानी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी, थानाध्यक्ष सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने की चौपाल के माध्यम से जनसुनवाई



**देवरिया ।** शासन की मंशा के अनुरूप ‌ह्लग्राम की समस्या ग्राम में समाधानह्व के तहत आज विकासखण्ड भाटपाररानी के ग्राम पंचायत रघुनाथपुर में जनपद स्तरीय ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण, सरस्वती वंदना एवं आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुआ चौपाल में जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं शिकायतों को सुना। उन्होंने राजस्व, आवास, पेंशन, राशन, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा अन्य जनसुविधाओं से संबंधित प्रार्थनापत्र प्राप्त कर उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए कार्यक्रम के दौरान गोदभराई एवं अन्नप्राशन संस्कार संपन्न हुए। साथ ही वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने हेतु स्टॉल लगाए गए, जिनका जिलाधिकारी ने अवलोकन किया और अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन को योजनाओं का लाभ सरलता से उपलब्ध कराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि चौपाल का उद्देश्य शासन की योजनाओं को सीधे गाँव-गाँव तक पहुँचाना है, ताकि ग्रामीणों को घर के पास ही सरकारी सेवाएँ सुलभ हो सकें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि चौपाल में आए प्रत्येक व्यक्ति की समस्या का गंभीरता से संज्ञान लिया जाए और उसका त्वरित एवं संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने हेतु सजग एवं जागरूक रहें तथा अपने आसपास के पात्र लोगों को भी इन योजनाओं से जोड़ने में सहयोग करें ।आयोजित चौपाल में विभागीय स्टॉलों के माध्यम से पात्र लाभार्थियों को पात्र गृहस्थी कार्ड, राशन कार्ड, एनआरएलएम प्रमाण पत्र, दिव्यांग प्रमाण पत्र, निराश्रित महिला पेंशन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि आदि प्रमाण पत्र एवं लाभ वितरित किए गए।

## मत्स्य विभाग से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा

**देवरिया।** विकास भवन के गांधी सभागार में मत्स्य जीवी सहकारी समितियों एवं मत्स्य विभाग से जुड़ी योजनाओं की प्रगति को लेकर शनिवार को समीक्षा बैठक आयोजित हुई। मत्स्य जीवी सहकारी संघ के चेयरमैन वीरू साहनी ने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, सघनजी मत्स्य पालन हेतु एयरेशन सिस्टम की स्थापना, मत्स्य पालक कल्याण कोष, निषाद राज बोट सब्सिडी योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, एनएफडीपी पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन, मछुआ दुर्घटना बीमा, मत्स्य जीवी सहकारी समितियों का गठन आदि योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि मत्स्य पलक किसान, मछुआ समुदाय को योजनाओं से कैंप लगाकर लाभांवित कराया जाय। लोगों को कार्यालय का चक्कर न लगाना पड़े। समितियों को आवंटित नदियों के जलक्षेत्र में चोरी से मत्स्य आखेट पर रोक लगाते हुए तालाबों को अवैध कब्जे से मुक्त कराया जाय। श्री साहनी ने कहा कि मछुआरों व मत्स्य पालकों के हित को लेकर सरकार प्रतिबद्ध है। इस अवसर जितेन्द्र भारत, रामकृपाल साहनी, रामधनी निषाद, रामाश्रय निषाद, शिव प्रसाद निषाद आदि ने भी समस्याओं को इंगित कराया। इस दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी विजय कुमार मिश्र, सादर नायब तहसीलदार गंगाराम, एल डी एम मैनेजर आर एस प्रेम, मण्डी सचिव दिवाकर उपाध्याय, रितेश शाही, मुकुल मिश्रा , कुलदीप सक्सेना, आशीष साहनी, विजय निषाद, सोनू निषाद आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहें। इस अवसर पर मछुआ समुदाय के लोगों ने संघ के चेयरमैन वीरू साहनी का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया व भगवान श्री राम व निषाद राज का प्रतिमा भेंट किया।।

## भागवत कथा श्रवण से भगवान के प्रति प्रेम व भक्ति जागृति होती है : साध्वी रिद्धिमा



**देवरिया ।** शहर के रामनाथ देवरिया दक्षिणी मुहल्ले में श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस में साध्वी रिद्धिमा ने बताया कि यह कथा भगवान के भक्तों द्वारा समाज को दिशा देने के प्रयासों का प्रकाशन करती है। भगवान कृष्ण का जीवन , भक्ति, धर्म ,ज्ञान और मोक्ष का सन्देश है। कथा का मूल उद्देश्य भक्ति श्रद्धा की स्थापना कर भगवान के प्रति प्रेम और भक्ति जागृत करना है कथा बताती है कि ईश्वर की भक्ति ही जीवन का सर्वोच्च लक्ष्य है इससे मन बुद्धि और हृदय का शुद्धिकरण होता है और अंतःकरण निर्मल होता है ।श्रीमद् भागवत कथा बताती है कि मनुष्य का जीवन केवल भोग के लिए नहीं बल्कि आत्मबोध और मोक्ष जैसे उच्च उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए है ।भक्त भक्त प्रह्लाद, अजामिल,, भरत ऋषभदेव आदि की कथाओं के अलावा पुरंजनोपाख्यान भी मनुष्य को जीने की कला सिखाता है ।इस प्रकार यह कथा समाज में संस्कार बनाए रखने के लिए एक अद्वितीय दीपक है अतः कथाओं का आयोजन बार बार होना आवश्यक है ।शाद्धवि रिद्धिमा की भावपूर्ण कथा व भजन श्रवण करने लिए भारी संख्या में स्रोता प्रतिदिम पहुचकर रहे हैं ।मुख्य यजमान सपत्नीक कैप्टन वीरेंद्र सिंह और उनके परिजनों समेत ,उपस्थित रहे। कथा में शिवेन्द्र उपाध्याय , आर पी सिंह सूरज ,रावेन्द्र ,गायिका शान्वी तिवारी कलाकार रूप में तथा श्री शुक्ला जी पारायण वाचन कर रहे हैं।

## पेंशनरों के लिए जीवन प्रमाण-पत्र भरने की ऑनलाइन सेवा हुई शुरू

**कुशीनगर।** वरिष्ठ कोषाधिकारी सुनील कुमार यादव ने जनपद कुशीनगर के समस्त पेंशनरों को अवगत कराया है कि उ०प्र० सरकार द्वारा पेंशनरों के लिए जीवन प्रमाण-पत्र भरने की आनलाईन सेवा प्रारम्भ की दी गयी है। उन्होंने बताया कि पेंशनर्स अपने आधार और मोबाईल नं० का उपयोग कर उमंग एप के माध्यम से अपना जीवन प्रमाण-पत्र अपलोड कर सकते है उमंग एप गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। उमंग एप में सर्विस में जाकर जीवन प्रमाण-पत्र सर्च करे। जनरल लाईफ सर्टिफिकेट टैब कर क्लिक करें। आर्थटिकेशन टैब के तहत आधार व मोबाईल नम्बर दिखेगा। इसके बाद जनरेट ओटीपी बटन पर क्लिक करें। ओटीपी नंबर निर्धारित जगह पर सबमिट करें। इसके बाद बायोमीट्रिक डिवाइस से फिंगर प्रिंट स्कैन कर सत्यापित करने पर जीवन प्रमाण-पत्र तैयार हो जायेगा। इसे व्यू सर्टिफिकेट पर क्लिक करने पर आधार नंबर या जीवन प्रमाण पत्र आईडी की मदद से भी देखा जा सकता है। ऐसी स्थिति में पेंशनर्स को कोषागार में उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं रह जायेगी। इस प्रकार घर बैठे इस कार्य को पूरा कर लेने के कारण पेंशनरों को काफी सुविधा प्राप्त होगी। वरिष्ठ कोषाधिकारी ने समस्त पेंशनरों से अनुरोध किया है कि अधिक से अधिक संख्या में जीवन प्रमाण-पत्र की आनलाईन प्रक्रिया में भाग लेने का कष्ट करें।

# बच्चे का नाम कम्प्यूटर सूची में चढ़ाने के नाम पर मांगी घूस

- रुपये न देने पर जातिसूचक शब्दों से किया अपमानित, मारपीट
- विद्यालय के प्रबंधक, प्रिंसीपल समेत तीन पर एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** विद्यालय के हाजिरी रजिस्टर में अंकित नाम को कम्प्यूटरीकृत किये जाने की बात को लेकर विवाद का प्रकरण प्रकाश में आया है। विवाद के दौरान विद्यालय प्रबंधक, प्रधानाचार्य व एक अन्य व्यक्ति पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित करने और दबंगई दिखाते हुये मारपीट कर धमकाने का आरोप लगाया है। मामले को लेकर पीड़ित पक्ष की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है ।ग्राम चढऊ व हाल शान्तिनगर निवासी दरयाव सिंह पुत्र पहलवान सिंह ने पुलिस को दिये शिकायती पत्र में बताया कि उसका पुत्र प्राईवेट विद्यालय के.वी. विद्या मंदिर बड़ी नहर के पास चैकाबाग की कक्षा 5 में अध्ययनरत है। बताया कि उसके पुत्र का नाम हाजिरी रजिस्टर में दर्ज है, जबकि कम्प्यूटर में उसके पुत्र का नाम दर्ज नहीं किया गया है। इस सम्बन्ध में बीती 3 अक्टूबर को जब वह विद्यालय प्रबंधक राजेश साहू के पास पहुंचा तो वहां उसे विगत दो माह पूर्व से गुमराह किया गया। आरोप है कि कम्प्यूटर सूची में बच्चे का नाम चढ़ाने के नाम पर उससे चार हजार रुपये की मांग की गयी। इस प्रकरण की रिकॉर्डिंग भी पीड़ित के पास सुरक्षित है। जब पीड़ित ने इस घटना का विरोध किया तो विद्यालय प्रबंधक राजेश साहू, प्रिन्सीपल समीम बेगम व हरीशंकर साहू नाम के व्यक्ति ने उसके साथ गालियां देते हुये कॉलर पकड़ कर मारपीट की। आरोप तो यह भी है कि जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुये उसे अपमानित भी किया गया, यह घटनाक्रम भी विद्यालय के सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड है। पीड़ित ने बताया कि मामले की जानकारी बीएसए को दी गयी, लेकिन उन्होंने कोई कार्यवाही नहीं की। प्रबंधक को कार्यवाही का पता चला तो उन्होंने बच्चे का नाम कम्प्यूटर की सूची में अंकित करने से मना कर दिया, जिससे सरकारी स्कूल के सुविधा में बच्चे का प्रवेश वर्जित है। पीड़ित का आरोप है कि विद्यालय प्रबंधक काफी दबंग किस्म का व्यक्ति है और वह आये दिन उसे धमका रहा है। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने विद्यालय प्रबंधक राजेश साहू, प्रिन्सीपल समीम बेगम व हरीशंकर साहू के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 115 (2), 351 (3) एस.सी.एस.टी. एक्ट की धारा 3 (1)(द), 3 (1)(घ), 3 (2)(व्ही.ए.) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## रुपये ट्रांजेक्शन कर 32 हजार रुपये हड़पने का आरोप

**ललितपुर।** दोस्त बनकर पहले विश्वास जीता और फिर मोबाइल फोन की गोपनीय जानकारी हांसिल कर धोखाधड़ी से कथित तौर पर रुपयों का ट्रांजेक्शन कर साइबर अपराध को अंजाम दे दिया गया। मामले की शिकायत स्थानीय पुलिस व आलाधिकारियों से की गयी, लेकिन कार्यवाही नहीं हुयी। क्षुब्ध पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली है, अब न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने नामजद मुकद्मा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है ।शहर क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला चैबयाना निवासी सत्यम शंकर कुशवाहा पुत्र ओमप्रकाश ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष दावा प्रस्तुत किया है। सत्यम शंकर ने न्यायालय को अवगत

- दोस्त बनकर दे दिया दगा

कराया कि मोहल्ले में पीली कोठी के पास रहने वाला आकाश कंचन (कुशवाहा) पुत्र अनिल कंचन उसका मित्र है और प्रतिदिन मिलना-जुलना था। बताया कि विश्वास में लेकर आकाश कंचन ने उसके मोबाइल फोन के पासवर्ड, यूपीआई आई.डी., पिन आदि गोपनीय जानकारी ज्ञात कर ली। आगे बताया कि 19 मई से 11 जून के मध्य आकाश कंचन ने उसके मोबाइल फोन का दुरुपयोग कर, बिना अनुमति के लगभग 32 हजार रुपये की राशि यूपीआई के माध्यम से अन्य खातों में स्थानान्तरित कर दी। 16 जून को उसे जब जानकारी हुयी, जब उसने स्वयं ट्रांजेक्शन करने का प्रयास किया, परन्तु खाते में कोई राशि नहीं थी। पूछताछ करने पर आकाश कंचन ने ट्रांजेक्शन करने से इंकार कर दिया। अगले दिन 17 जून को सुबह 8 बजे वह अपने पिता ओमप्रकाश व भाई उमाशंकर कुशवाहा के साथ आकाश के घर पहुंचा और उसके परिजनों को इस धोखाधड़ी के बारे में बताया तो आकाश व उसके परिजनों ने गालियां दीं। न्यायालय ने मामला गंभीरता से संज्ञान लेकर कोतवाली पुलिस को मुकद्मा दर्ज कर कार्यवाही के निर्देश दिये। निर्देश मिलने पर कोतवाली पुलिस ने आकाश कुशवाहा (कंचन) के खिलाफ बीएनएस की धारा 316, 318, 351 (2) व आई.टी. एक्ट की धारा 66 सी व 66 डी के तहत मुकद्मा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## जूम ऐप पर सम्पन्न हुई कार्यकारिणी की बैठक

अयोध्या। कोऑपरेटिव बैंक एम्प्लाइज यूनियन उत्तर प्रदेश के केंद्रीय कार्यालय की केन्द्रीय कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक जूम ऐप पर सम्पन्न हुई। इस ऑनलाइन बैठक में प्रदेश की सभी यूनिटों के मंत्री, अध्यक्ष सहित यूनियन के संरक्षकों ने सहभागिता की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यूनियन का प्रांतीय अधिवेशन एवं साधारण सभा की बैठक आगामी 13 एवं 14 दिसंबर 2025 को जनपद वाराणसी में आयोजित की जाएगी। प्रदेश महामंत्री सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि इस अधिवेशन में उत्तर प्रदेश के सभी जिला सहकारी बैंकों से संबंधित यूनिट मंत्री, अध्यक्ष एवं प्रांतीय प्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल होंगे। बैठक का संचालन महामंत्री सुधीर कुमार सिंह ने किया।

## बौद्ध धर्म गुरु भंते ज्ञानेश्वर के निधन पर लगा श्रद्धांजलि देने वालों का तांता



**कसया, कुशीनगर।** प्रसिद्ध बौद्ध धर्मगुरु, भिक्षु संघ कुशीनगर के अध्यक्ष और म्यांमार मंदिर प्रमुख भदंत ज्ञानेश्वर महाथेरो (90 वर्ष) के देहावसान पर शनिवार को पूरे दिन हजारों श्रद्धालुओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

म्यांमार के राजदूत जा ऊ लिन ने म्यांमार सरकार की ओर से राजकीय शोक प्रकट किया। जिलाधिकारी कुशीनगर महेंद्र सिंह तंबर, पुलिस अधीक्षक कुशीनगर केशव कुमार ने दिवंगत भंते को श्रद्धांजलि अर्पित की। थाई बुद्ध बिहार के प्रमुख डॉ पी सोम पोंग, पी सों क्रान, डॉ कितिफान, डॉ पी पविन, पी नलोंग आदि ने शांति पाठ किया। दिवंगत भंते के उत्तराधिकारी नंदका भंते, भिक्षु शील प्रकाश, श्रीलंका बुद्ध बिहार के प्रमुख भंते डॉ नन्द रतन, भंते अशोक, भंते महेंद्र, भंते यशपाल, भंते आलोक, भंते उपाली, भंते विमल कीर्ति, भंते विनयकीर्ति, भिक्षुणी धम्म नयना, भंते समित, भंते सन्नी आदि शांति पाठ किया। इसी क्रम में पूर्व सांसद और बसपा नेता घनश्याम खरवार, पूर्व कैबिनेट मंत्री ब्रह्मा शंकर त्रिपाठी, राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त राजेश्वर सिंह, सांसद विजय कुमार दूबे, विधायक पीएन पाठक, पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी, बिड़ला मंदिर के प्रबंधक वीरेंद्र तिवारी, डॉ अनिल कुमार सिन्हा, ओमप्रकाश जायसवाल, लिंह सन इंटर कालेज के प्रबंधक दिनेश कुमार वर्मा, प्रधानाचार्य राजेश कुमार सिंह, कुशीनगर पब्लिक स्कूल के प्रबंधक दिनेश कुमार यादव, बुद्ध समाज कल्याण विद्यालय के प्रबंधक प्रभानाथ सिंह, किलकारी विद्यालय के प्रबंधक पप्पू गुरु जी, सरदार पटेल प्राथमिक और जूनियर विद्यालय के प्रबंधक अमोद कुमार सिंह, छत्रपति शिवाजी इंटर कालेज के प्रबंधक ध्रुव सिंह पटेल, माता यशोदा देवी विद्या निकेतन के प्रधानाचार्य संजय कुमार यादव, डीपी बौद्ध, श्यामा प्रसाद सहित सैकड़ों लोगों ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# दूसरी महिला के चक्कर में पत्नी को घर से निकाला

- एक पंचायत तुवन मंदिर पर हुई, जिसमें लोगों ने धमकाया
- कोतवाली पुलिस ने महिला की तहरीर पर दर्ज की एफआईआर

जिला संवाददा

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के मोहल्ला तालाबपुरा स्थित सुधासागर इंटर कॉलेज के पास रहने वाली स्वाति पुत्री गंगाराम सेन ने पुलिस को तहरीर दी है।

बताया कि पांच साल पहले उसकी शादी तालाबपुरा बालाजी मंदिर में मौसम पुत्र गंगाराम के साथ हुयी थी। शादी के बाद पति मौसम, ससुर गंगाराम सेन, सास किरन, देवर आकाश, देवरानी चंचल सोनी व ननद वर्षा उसे परेशान करते आ रहे हैं। स्वाति का आरोप है कि उसके पति मौसम के मोहल्ला चैबयाना निवासी दीपिका झां पत्नी विक्रांत के साथ सम्बन्ध हैं, जिसका उलाहना देने पर पति ने उसे धमकाया।

मामले की जानकारी मिलने पर जब उसके माता-पिता ने ससुराल आकर उसके पति को समझाया तो पति ने उनके साथ गालियां देते हुये अभद्रता की और मंत्री के यहां काम करने की धमकी देते हुये झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी। महिला ने बताया कि शादी के बाद उसे एक पुत्र हुआ, जिसे लेकर वह मायके आकर रहने लगी। यहां रहते हुये उसने नेमवि में प्रवेश लेकर पोस्ट ग्रेजुएशन की तैयारी करने लगी, पढ़ाई के दौरान उसका नाम बीटीसी में आ गया।

अब उसका पति उसे कोई सुविधा, खर्चा इत्यादि नहीं दे रहा है। करीब 2 माह से वह मायके में निवासरत है। बताया कि करवा चैथ की रात करीब 1 बजे मौसम अपने भाई आकाश के साथ घर ग्राम बिल्ला स्थित घर आकर अभद्रता की।

इसके बाद पंचायत करने की बात कहने पर उक्त लोग जाने लगे, इसकी शिकायत थाना बानपुर में करने की बात कही तो उक्त लोगों ने उसके पुत्र को ले जाने का प्रयास किया। इसी बीच डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। महिला ने आरोप लगाया कि उसके पति ने धमकाया है कि उसकी पहुंच लखनऊ तक है, वह उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकती।

इसके बाद एक पंचायत तुवन मंदिर पर हुयी, जिसमें उक्त लोगों ने धमकाया। स्वाति की तहरीर पर पुलिस ने ससुरालियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 85, 352, 115 (2), 351 (3) व दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## कोटहिन मंदिर में संपन्न हुआ किन्नर समाज का श्रीरामचरितमानस पाठ



**मिल्कीपुर-अयोध्या।** मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के कुचेरा बाजार स्थित कोटहिन मंदिर में मंगलमुखी किन्नर समाज द्वारा आयोजित श्रीरामचरितमानस पाठ का समापन शुक्रवार को हवन-पूजन, कन्या पूजन और भव्य भंडारे के साथ हुआ। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम का आयोजन किन्नर समाज की गद्दीपति एवं समाजसेवी पिंकी मिश्रा के नेतृत्व में किया गया। उन्होंने बताया कि पिछले आठ वर्षों से यह परंपरा निरंतर जारी है और हर वर्ष श्रद्धा व भक्ति के साथ श्रीरामचरितमानस पाठ आयोजित किया जाता है। पिंकी मिश्रा ने कहा कि ‌ह्लहम हर वर्ष भंडारा इसलिए करते हैं ताकि सबका आशीर्वाद प्राप्त हो सके। जो कुछ भी हमारे पास है, वह जजमानों का ही दिया हुआ है, इसलिए उसे उन्हीं को समर्पित करते हैं।ह्व

उन्होंने बताया कि उनकी माता कोटहिन देवी के प्रति उनकी गहरी आस्था है और उनकी इच्छा है कि मंदिर का भव्य रूप से पुनर्निर्माण कराया जाए। उन्होंने अयोध्या में चल रही परिक्रमा के दौरान श्रद्धालुओं की मंगलकामना भी व्यक्त की। पिंकी मिश्रा ने बताया कि यह धार्मिक परंपरा उनके गुरुजनोंकृदादी गुलाब किन्नर, गुरु दीदी शांति (बकरीदन किन्नर), स्वर्गीय जन्नतिया और गुलशन बिंदु किन्नरकृद्वारा प्रारंभ की गई थी, जिसे वे आगे बढ़ा रही हैं। कार्यक्रम में पिंकी नायक, नताशा नायक, मंजू नायक, ललिता नायक, पूजा, हेमा, लवली, राखी, काजल, नरगिस सहित बड़ी संख्या में किन्नर समाज के सदस्य तथा स्थानीय श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरे मंदिर परिसर में भक्ति और सौहार्द का वातावरण बना रहा।

## कुंवर रघुराज प्रताप सिंह का जन्मदिन मनाया गया

**अयोध्या।** जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुण्डा विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह का 56वां जन्मदिन जिलाध्यक्ष जेडी सिंह के नेतृत्व में धूमधाम से मनाया गया जिसमें मुख्य रूप से जिला अस्पताल के हर वार्ड में डॉ आशुतोष सिंह की अगुवाई में जिला अध्यक्ष द्वारा फल वितरण,मिष्ठान वितरण एवं केक काट करके जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर छात्रप्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष सैफ कुरैशी, महानगर अध्यक्ष हर्ष निषाद जिला सचिव अमित सिंह युवा अध्यक्ष उमंग श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

## जिला अस्पताल के तीन कर्मी सेवानिवृत्त, दी गयी विदाई



**अयोध्या।** जिला चिकित्सालय में कार्यरत सीनियर नर्सिंग अफसर अजय प्रताप सिंह, सुमन लता व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी राजू के रिटायरमेंट पर समारोह का आयोजन किया गया। चिकित्सालय प्रांगण में न्यू सर्जिकल बिल्डिंग में आयोजित कार्यक्रम को ऑर्थोपेडिक सर्जन चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ एवं नर्सिंग संघ द्वारा किया गया। इसमें कुशीनगर के पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नानक सरएन, पूर्व प्रमुख अधीक्षक डॉ.र रज्जन लाल, पूर्व प्रमुख अधीक्षक डॉ. उत्तम कुमार, डॉ एके श्रीवास्तव, डॉ. रामकिशोर, डॉ. आर पी राय, डॉ. पल्लवी श्रीवास्तव, डॉ. आशीष श्रीवास्तव, डॉ. शिशिर श्रीवास्तव, फार्मासिस्ट संजय गुप्ता, संजीव गुप्ता, हनुमंत दुबे व अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम में गोसाईगंज विधायक अभय सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव सिंह व कृष्ण कुमार तिवारी, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी भी पहुंचे। महंत बावन महाराज व उनके साथ आए महाराज जी द्वारा भी उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर सीनियर स्टाफ नर्स इंदिरा राय ,रजत संध्या, फार्मासिस्ट उपेंद्र मणि, डॉ. एके सिन्हा, डॉ. अनिल वर्मा, फार्मासिस्ट सर्वेश श्रीवास्तव आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

## एनआईए का दरोगा बताकर ठगी करने वाला गिरफ्तार



**अयोध्या।** नगर कोतवाली पुलिस ने खुद को एनआईए का उपनिरीक्षक बता यूपी पुलिस में भर्ती कराने के नाम पर ठगी के आरोपी को गिरफ्तार किया है। नगर कोतवाल अश्विनी कुमार पांडेय ने बताया कि हाईवे स्थित वर्मा ढाबा के पास से आरोपी सिद्धार्थ निषाद (34 वर्ष) निवासी बरहज थाना पटेल नगर जनपद देवरिया को गिरफ्तार किया गया है। इसके खिलाफ लाइब्रेरी संचालक सूरज शर्मा निवासी कोतवालपुर अमोढ़ा थाना छावनी जिला बस्ती ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सिद्धार्थ पर सूरज समेत चार से नौकरी के नाम पर रकम हड़पने का आरोप है। मामले की विवेचना कराई जा रही है।

संक्षेप

## डॉ. फुजैल को भेजा गया देवगांव

**अयोध्या।** जिला अस्पताल में दिवाली से ठीक एक दिन पहले हुआ विवाद अब बड़े संकट में बदल गया है। ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. फुजैल अंसारी के खिलाफ जांच बैठ गई है। अब डॉ. फुजैल को जांच पूरी होने तक देवगांव के 50 शैय्या अस्पताल में चिकित्साधिकारी की ड्यूटी सौंपी गई है। जांच आदेश आते ही ब्लड बैंक प्रभारी छुट्टी पर चले गए।घटना की शुरूआत दिवाली से एक दिन पहले हुई। डॉ. फुजैल अंसारी ने ब्लड बैंक के लिए एचआईवी किट की जरूरत बताते हुए सरकारी वाहन मांगा। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय चैधरी ने नियमों का हवाला देकर मना कर दिया। इससे नाराज डॉ. फुजैल ने डॉ. चैधरी से अभद्रता की और जूता तानकर धमकी दी। डॉ. चैधरी ने तुरंत इसकी शिकायत की। मामला यहीं नहीं रुका। दस दिन बाद प्रभारी सीएमएस डॉ. राजेश सिंह के कक्ष का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। सीएमओ डॉ. सुशील कुमार बनियान ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. राजेश सिंह को पत्र लिखा। पत्र में विवाद की जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम गठित करने का जिक्र किया।

# पंचकोसी परिक्रमा में उमड़ा आस्था का सैलाब



**अयोध्या।** प्रभु श्रीराम नगरी अयोध्या में शनिवार को सुबह चार बजकर दो मिनट पर पंचकोसी परिक्रमा का शुभारंभ हुआ। शुभ मुहूर्त में लाखों श्रद्धालुओं ने ह्लजय श्रीरामह्व के गगनभेदी नारों के साथ परिक्रमा प्रारंभ की। श्रीराम की नगरी भक्ति और आस्था के सागर में डूबी हुई है। हर ओर उल्लास, भजन-कीर्तन और श्रद्धा का अद्भुत वातावरण बना हुआ है। भगवान श्रीराम की पवित्र भूमि की लगभग 15 किलोमीटर की यह परिक्रमा रात 2 बजकर 57 मिनट तक चलेगी। देशभर से पहुंचे लाखों श्रद्धालु इस पावन यात्रा में शामिल हुए हैं। भक्तों ने अनुशासन और श्रद्धा के साथ परिक्रमा पथ पर चलकर भक्ति और विश्वास की मिसाल पेश की। जगह-जगह मंदिरों में राम नाम संकीर्तन, भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण का आयोजन हो रहा है। पूरा नगर ह्लजय श्रीरामह्व के नारों से गूंज उठा है और चारों ओर उत्सव जैसा माहौल है।

प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। परिक्रमा मार्ग पर सुरक्षा बलों की विशेष तैनाती की गई है, जबकि ड्रोन कैमरों से निगरानी रखी जा रही है। स्वास्थ्य शिविर, पेयजल और प्रकाश व्यवस्था, ट्रैफिक नियंत्रण तथा सफाई की मजबूत व्यवस्थाओं से तीर्थयात्रियों को कोई असुविधा न हो, इसका पूरा ध्यान रखा जा रहा है। धार्मिक मान्यता के अनुसार पंचकोसी परिक्रमा मोक्षदायिनी मानी जाती है यह न केवल पापों का नाश करती है, बल्कि श्रद्धालुओं के जीवन को पवित्र और कल्याणकारी बनाती है। रामनगरी की इस अद्भुत आस्था यात्रा ने हर भक्त के हृदय में भक्ति और उल्लास की ऐसी छाप छोड़ी है, जो जीवनभर बनी रहेगी। अयोध्या इस समय सचमुच ह्लभक्ति, विश्वास और मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीरामह्व की नगरी के रूप में जगमगा रही है।अयोध्या नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता एवं महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने भी भोर में ही पंचकोसी परिक्रमा प्रारम्भ कर पूर्ण किया। नगर विधायक की ओर से जियनपुर में परिक्रमार्थियों की सेवा के लिए सेवा शिविर लगाया गया था। शिविर में श्रद्धालुओं के लिए फलाहारी प्रसाद वितरण, मेडिकल जांच, विश्राम स्थल, मोबाइल चार्जिंग की सुविधा तथा प्रसाधन हेतु शौचालय की व्यवस्था की गई थी।

- सेवा कैम्प में श्रद्धालुओं के लिए फलाहारी प्रसाद, मेडिकल सुविधा व विश्राम स्थल की व्यवस्था
- जय श्रीराम के नारों के साथ लाखों भक्तों ने की पंचकोसी परिक्रमा
- अयोध्या विधायक ने अपने सहयोगियों संग पूरी की पंचकोसी परिक्रमा

विधायक वेद प्रकाश गुप्ता एवं महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने शिविर में काफी देर तक रुककर श्रद्धालुओं की सेवा की और स्वयं भी प्रसाद वितरण में सहभागी बने।विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि ह्लअयोध्या की पंचकोसी परिक्रमा हमारी आस्था, परंपरा और संस्कृति का जीवंत उत्सव है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा करना मेरे लिए सौभाग्य और पुण्य का कार्य है।ह्व महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि ह्लभोर पंचकोसी परिक्रमा में अयोध्या की धर्मनिष्ठ जनता का उत्साह देखते ही बनता है। भाजपा परिवार सेवा को ही सर्वोपरि मानता है, और यह सेवा शिविर उसी भावना का प्रतीक है।ह्व मौके पर भाजपा नेता अमल गुप्ता, दीपेन्द्र सिंह, बाल कष्ण वैश्य, मुकेश तिवारी, प्रांशु अग्रवाल, सहित अन्य कार्यकताओं ने परिक्रमा करते हुए सेवा कैम्प में सहयोग दिया।

## समाजसेवी ने सुविधाओं का किया इंतजाम

**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या में पंचकोसी परिक्रमा के दौरान जनपद के प्रसिद्ध समाजसेवी अमरनाथ तिवारी मानस ने श्रद्धालुओं के लिए जलपान और नागरिक सुविधाओं का इंतजाम किया है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमेशा से ही अयोध्या में आयोजित होने वाले धार्मिक आयोजनों में श्रद्धालुओं की सेवा के लिए तत्पर रहते है।अमरनाथ तिवारी मानस ने बताया कि पंचकोसी परिक्रमा में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए उनके द्वारा जलपान और नागरिक सुविधाओं का इंतजाम किया गया है। इसमें पेयजल, अल्पाहार और अन्य आवश्यक सुविधाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य है कि अयोध्या में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और वे अपने आराध्य की भक्ति में लीन रह सकें।

पंचकोसी परिक्रमा के दौरान अयोध्या की गलियां भक्तों के जयकारों से गूंज उठती हैं। श्रद्धालु अपने आराध्य का जयकारा लगाते हुए परिक्रमा कर रहे हैं। परिक्रमा मार्ग पर भक्तों की भीड़ लगी हुई है और हर तरफ जय श्रीराम के उद्घोष सुनाई दे रहे हैं।

## एएसपी ने किया यातायात माह नवम्बर 2025 का शुभारम्भ



**बाराबंकी।** सड़क सुरक्षा एंव यातायात नियमों के प्रति जागरुक हेतु यातायात माह नवम्बर 2025 का शुभारम्भ अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी विकास चन्द्र त्रिपाठी ने पुलिस लाइन से जागरुकता रैली का हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते हुये किया। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्री त्रिपाठी ने लोगों सें सड़क पर हो रही दुर्घटनाओं के रोकथाम करने, लोगों को यातायात के नियमों के बारें में जागरुक करने, दो पहिया वाहन चलाते समय तीन सवारी न बैठने, नशे की हालत में गाड़ी न चलाने, वाहन को ओवर स्पीड़ से न चलाने, परिवार, रिश्तेदारों व आसपास के लोगों को वाहन चलाते समय हेलमेट व सीटबेल्ट के प्रयोग करने हेतु प्रेरित करने की अपील की। अपर पुलिस अधीक्षक ने लोगो को जागरुक करते हुये कहा कि यातायात का पालन करना हम सभी का कर्तब्य है। नियमों का पालन करके अपना और दूसरे का जीवन सुरक्षित कर सकते हैं। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर संगम कुमार, होमगार्ड कमाण्डेण्ट बी0के0 सिंह, प्रतिसार निरीक्षक राजेश कुमार, यातायात प्रभारी रामयतन यादव, समाजसेवी दीपक जैन सहित अन्य मौजूद रहे।

## धर्म परिवर्तन करने पहुंचे दंपती ने अचानक अपनाया पुनः हिंदू धर्म



**रामसनेहीघाट, बाराबंकी।** तहसील परिसर में जब धर्म परिवर्तन की प्रक्रिया पूरी करने पहुंचे एक दंपती ने अचानक अपना निर्णय बदलते हुए पुनः हिंदू धर्म अपनाने का निर्णय लिया। जिसके बाद पति-पत्नी ने न केवल मंदिर में हिंदू रीति-रिवाजों से दोबारा विवाह किया। बल्कि जय श्रीराम के नारों के बीच प्रेम, आस्था और सामाजिक एकता की मिसाल पेश की। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना टिकैतनगर क्षेत्र निवासी रिंकू का करीब चार वर्ष पूर्व मवई थाना क्षेत्र की एक युवती से टेलीफोन पर परिचय हुआ था। जिसके बाद दोनों ने घर छोड़कर दिल्ली जाकर विवाह कर लिया। लगभग एक वर्ष तक दिल्ली में रहने के बाद दंपती गांव लौट आया और उनके दो पुत्र भी हुये। युवती के आग्रह पर रिंकू ने मुस्लिम धर्म अपनाकर अपना नाम अब्दुल्ला रख लिया था। हाल ही में आधार कार्ड में नाम संशोधन कराने के उद्देश्य से दंपती तहसील के एक अधिवक्ता के संपर्क में आने पर दंपति को तहसील बुलाया। तथा प्रकरण की जानकारी से हिंदू संगठनों को दी। इसके बाद मंदिर में वरमाला और फेरे की रस्म पूरी की गई। जंहा उपस्थित लोगों ने इस दृश्य को प्रेम, विश्वास और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बताया। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद, हिंदू युवा वाहिनी और भवनियापुर मठ के महंत गिरी मुकुंद सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न, 69 शिकायतों का निस्तारण



**बाराबंकी।** तहसील हैदरगढ़ स्थित सभागार मे जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता मे सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने जनता की शिकायतों को से सुना और कई प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण कराया। उन्होंने ऐसे प्रकरण जिनमें आवेदक को त्वरित लाभ दिलाया जा सकता है उन्हें प्राथमिकता पर निस्तारित करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने समाधान दिवस में बिना किसी सूचना के अनुपस्थित अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण पर कार्यवाही करते हुए वेतन बाधित करने के निर्देश दिये। जनपद मे सम्पूर्ण समाधान दिवस मे विभिन्न संदर्भों से संबंधित कुल 506 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें से मौके पर 69 शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया। जिलाधिकारी ने भूमि विवाद, राशन कार्ड, आवास, पेंशन, चकमार्ग, सरकारी रास्ते एवं नालियों जैसी जनसामान्य की समस्याओं को प्राथमिकता देने एंव खतौनी में नाम अथवा विवरण की त्रुटियों को शीघ्र सुधारने पर बल देते हुए संबंधित राजस्व अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय, ज्वॉइट मजिस्ट्रेट तेजस के0, उप जिलाधिकारी राजेश विश्वकर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी अवधेश यादव सहित जिला एवं तहसील स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## एएसपी की अध्यक्षता में वादों को निस्तारण के लिए बैठक आहूत



**बहराइच।** पुलिस लाइन सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री रामानन्द कुशवाहा द्वारा मीटिंग आहुत की गयी जिसमें ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी, डीजीसी क्रिमिनल, एडीजीसी क्रिमिनल पॉक्सो कोर्ट व समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष व थाने स्तर पर एक्शन प्लान के अन्तर्गत गठित टीम के सभी सदस्य ( जरिये गूगल मीट ) तथा मॉनीटरिंग सेल, सम्मन सेल, न्यायालय सम्मन सेल व समस्त थानो के न्यायालय पैरोकार उपस्थित हुये। जिसमे एक्शन प्लान के तहत प्राचीनतम वादों ( 10,20,30 वर्ष ) के अति शीघ्र ( माह दिसम्बर तक ) निस्तारण के संबंध में अति आवश्यक बिन्दुओ मा0न्यायालय द्वारा निर्गत समस्त आदेशिकाओं का समयक तामिला व गवाहों/अभियुक्तो की समयक मा0न्या0 में उपस्थिती करने व मा0 न्यायालय में जनपद न्यायधीश की अध्यक्षता में अपार डीजे/ मॉनीटरिंग सेल बैठक के आदेशो/निदेशों के क्रम मे समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष व थाने स्तर पर एक्शन प्लान के अन्तर्गत गठित टीम के सभी सदस्यों को शत प्रतिशत अनुपालन हेतु निर्देशित किया ।

## सपा जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओ को नैतिक जिम्मेदारियों से करवाया अवगत



**बाराबंकी।** राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पार्टी द्वारा आयोजित हर कार्यक्रम में सभी पदाधिकारियों, सेक्टर प्रभारी, विधानसभा अध्यक्षों, सभी फ्रंटल संगठनों अध्यक्ष की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। प्रदेश कार्यालय से जो दिशा निर्देश प्राप्त हुए हैं। वह सब आपको अवगत करा दिए गए उनको पूरा करना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है। उक्त बात समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने पार्टी कार्यालय पर आयोजित मासिक बैठक मे व्यक्त किये। बैठक मे जिलाध्यक्ष ने आगे कहा कि आगामी स्नातक चुनाव के लिए बनाए जा रहे मतदाताओं के फॉर्म भरने एवं भरवाने समेत अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक मे जिला महासचिव हिमांशु यादव, अजय वर्मा बबलू, आशीष सिंह आर्यन सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक



**बहराइच।** मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत थाना दरगाह शरीफ, थाना कैसरगंज, थाना रूपईडीहा, थाना रिसिया, थाना कोतवाली नगर, थाना हुजूरपुर, थाना जरवल रोड, महिला थाना नानपारा, थाना बौण्डी व अन्य थानों में मिशन शक्ति टीम द्वारा भ्रमण कर व चौपाल लगाकर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया । जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी को महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और मिशन शक्ति के तहत उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जागरूक किया गया।

## अयोध्या की पंचकोसी परिक्रमा में लगाया सेवा शिविर



**अयोध्या।** विश्व आयुर्वेद परिषद के तत्वाधान में अयोध्या की पंचकोसी परिक्रमा में डॉ आनंद उपाध्याय डा विवेक श्रीवास्तव व डॉ पंकज श्रीवास्तव के नेतृत्व में कार्तिक मास की देवोत्थानी एकादशी तिथि पर 1 नवंबर 2025 को अयोध्या की पंचकोसी परिक्रमा में कलश आयुर्वेदम देवकाली के सहयोग से रानोपाली निकट ओवर ब्रिज अयोध्या मे चिकित्सा सेवा शिविर आयोजित किया ।विश्व आयुर्वेद परिषद के प्रदेश सचिव डॉ बी पी सिंह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महानगर प्रचार प्रमुख अमित शंकर जी माधव नगर कार्यवाह देवेंद्र जी सह कार्यवाह विशाल जी एवं डॉ पंकज श्रीवास्तव ने भगवान धन्वंतरि की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत शुभारंभ किया ।

परिक्रमार्थियों की चिकित्सा मे वर्ष 2005 से सतत आयोजित हो रहे चिकित्सा शिविर मे असंख्य श्रद्धालुओं की सेवा हेतु पेट दर्द बदन दर्द , सर्दी जुकाम बुखार गैस रोगों से पीड़ित मरीजों की दवा डा आनंद उपाध्याय डा विवेक श्रीवास्तव डा पंकज श्रीवास्तव सहित आम्रपाली त्रिपाठी चंद्रशेखर शिखर श्रीकांत तिवारी मो. गुफरान सीमा अखिलेश त्रिपाठी अभ्युदय अपर्णा अनिमेष आशीष अर्चना त्रिपाठी रेखा मौर्य प्रीति अनिल महेश राजकरन नितेश राम कृष्ण रश्मि श्रीवास्तव शालिनी दीपक डाबर आरोग्य चिकित्सालय के वरिष्ठ प्रबंधक धर्मेंद्र श्रीवास्तव, सुशीला तिवारी अंशू श्रीवास्तव तितिक्षा राम सहस्त्रा शिखा श्रीवास्तव यदुवीर सिंह बृजेशराजेंद्र सुधीर मौर्य वीरेंद्र मौर्य मनीष सिंह सुरेश यादव अंगद वसी सिद्दीकी ने अपना पूरा सहयोग दिया। विश्व आयुर्वेद परिषद अयोध्या के प्रचार प्रमुख व मुख्य संरक्षक डॉ आनंद उपाध्याय ने सेवा कर रहे सभी स्वयंसेवकों को स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र प्रदान कर स्वागत किया।

## वर्ष 2027 में होगी भारत की पहली डिजिटल जनगणना

**बहराइच ।** उप जिलाधिकारी मिहींपुरवा राम दयाल ने बताया कि भारत की पहली डिजिटल जनगणना-2027 के प्रथम चरण अन्तर्गत मकान सूचीकरण और मकानों की गणना कार्य के पूर्व परीक्षण (प्री-टेस्ट) हेतु मिहींपुरवा तहसील की न्याय पंचायत मिहींपुरवा, गोपिया, लौकाही, भगवानपुर कुर्मियाना, विश्वनाथ गांव व झाला के 54 राजस्व ग्रामों का चयन किया गया है। इन चयनित 54 ग्रामों के निवासियों द्वारा 01 से 07 नवम्बर तक स्व-गणना की जा सकती है तथा प्रगणक द्वारा 10 से 30 नवंबर 2025 तक पर्यवेक्षक के द्वारा बनाए गई डिजिटल सीमा में, पहली डिजिटल जनगणना-2027 हेतु प्रयोग किये जाने वाले एप से आंकड़े/स्व-गणना आईडी एकत्र करेंगे। इस प्री-टेस्ट के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण मिहींपुरवा के सर्वोदय इंटर कालेज, मिहींपुरवा में प्रारम्भ हुआ।

## सीडीओ और एसपी की अध्यक्षता में समाधान आयोजित



**बहराइच।** जनपद के प्रत्येक तहसील स्तर परसम्पूर्ण समाधान दिवसका आयोजन किया गया । मुख्य विकास अधिकारी महोदय एवं पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा तहसील नानपारा में उपस्थित रहकर ₹सम्पूर्ण समाधान दिवस₹ की अध्यक्षता की गई । इस दौरान फरियादियों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच कर विधिक निस्तारण करने तथा निस्तारित प्रार्थना पत्रों की आख्या समय से प्रेषित करने के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया गया तथा कुछ शिकायतों के निस्तारण हेतु टीम गठित कर मौके पर जाकर जाँचकर निस्तारण करने हेतु रवाना किया गया इस दौरान प्रशासन, पुलिस व अन्य विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# प्राथमिक शिक्षक संघ ने ऑनलाइन उपस्थिति के खिलाफ किया प्रदर्शन



**अयोध्या।** ऑनलाइन उपस्थिति के खिलाफ उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने पूरे प्रदेश में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को ज्ञापन देकर अपना विरोध दर्ज कराया। ऑनलाइन उपस्थिति के खिलाफ नारे बाजी करते हुए, ऑनलाइन गो बैक की आवाज एक स्वर में बुलंद की, उक्त आदेश के खिलाफ अपनी बात रखते हुए जिला मंत्री अशोक वर्मा ने कहा कि सरकार की तरफ से एक समिति का गठन किया गया था जिसकी रिपोर्ट अभी तक सार्वजनिक नहीं की गई है, पहले उस रिपोर्ट को उजागर किया जाए जिससे उसकी अनुशंसा को देखा जा सके फिर आगे इस विषय पर सरकार को कोई कदम उठाना चाहिए, अशोक वर्मा ने कहा कि प्रदेश संगठन के आह्वान पर आज पूरे प्रदेश में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को ज्ञापन दिया गया है, यदि सरकार अभी इसे वापस नहीं लेती तो लखनऊ तक आंदोलन किया जाएगा, जिला अध्यक्ष अवधेश यादव ने मीडिया को बताया कि अब ये आंदोलन तब तक चलता रहेगा जब तक कि सरकार हमारी मांग को मान नहीं लेती।ज्ञापन लेने आए सिटी मजिस्ट्रेट राजेश मिश्रा ने कहा कि यह ज्ञापन मुख्यमंत्री को प्रेषित कर दिया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में अवधेश यादव जिला अध्यक्ष, अशोक वर्मा जिला मंत्री, फूल चन्द सरोज जिला कोषाध्यक्ष ,डॉ मनुजेश यादव जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष,उमा शंकर ब्लॉक संयोजक सोहावल ,सूरज प्रकाश, अजय वर्मा जिला संयुक्त मंत्री,राम प्रकाश, डॉ मुकेश आनंद, मनोज कुमार यादव, मन्नू कुमार, राज कुमार वर्मा, डॉ सुरेश कुमार मौर्य, योगेश यादव, आशुतोष राव, अनुज कुमार, इंद्रभान वर्मा,प्रदीप कुमार मौर्य, शिव नाथ, अर्जुन यादव, जिला जीत , संजीत यादव , अशोक रावत, शमशाद जकिया, कृपा शंकर वर्मा, डॉ हृदय नारायण, डॉ वासुदेव, अशोक पासवान , हृदय राम ,अतिया शमीम, प्रेम लता यादव, निरंजन कुमार, अवधेश वर्मा, मानवेन्द्र वर्मा , हरीश कुमार, जय प्रकाश,राम अंजोर यादव इंद्रपाल, सुनील मौर्य, रमेश वर्मा सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे।

- सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन

## दशरथ कुंड में भंडारा आयोजित

**अयोध्या।** पवित्र पंचकोसी परिक्रमा के अवसर पर पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने श्रीराम फिलिंग स्टेशन, दशरथ कुंड परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया।

सेवा शिविर में परिक्रमार्थियों के लिए मेडिकल कैम्प, पेयजल सुविधा तथा विश्रामालय की व्यवस्था की गई थी, ताकि श्रद्धालुओं को यात्रा के दौरान किसी प्रकार की कठिनाई न हो।भंडारे स्थल पर श्रद्धालुओं के लिए कई भोजन व प्रसाद स्टॉल लगाए गए थे। बड़ी संख्या में सेवा कार्य में जुटे वालंटियर लगातार भीड़ प्रबंधन में सहयोग करते रहे, वहीं सफाई मित्रों की मदद से परिसर की स्वच्छता बनाए रखी गई।

सेवा शिविर में श्रद्धालुओं को फलाहारी प्रसाद वितरण के साथ-साथ प्राथमिक उपचार की भी व्यवस्था की गई थी। पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से लगातार राम भजन और आवश्यक सूचनाएं प्रसारित की जा रही थीं, जिससे वातावरण में भक्ति और अनुशासन दोनों का समावेश दिखाई दिया।

पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि परिक्रमा केवल यात्रा नहीं, बल्कि आस्था और सेवा का पर्व है।

## कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के पर्यटन सत्र का हुआ शुभारम्भ



**बहराइच ।** कतर्नियाघाट वन्य जीव अभ्यारण्य में पर्यटन सत्र 2025-26 का हुआ भव्य शुभारम्भ। मुख्य अतिथि सांसद डॉ. आनन्द कुमार गोंड ने विशिष्ट अतिथि विधायक बलहा श्रीमती सरोज सोनकर, प्रभागीय वनाधिकारी कतर्नियाघाट सूरज व अन्य अतिथियों तथा अधिकारियों के साथ नावघाट के मुख्य द्वार पर विधि-विधान से हवन पूजन के पश्चात कतर्नियाघाट रेंज के नेचर इण्टरप्रटेशन सेन्टर ( घड़ियाल सेन्टर ) पर फीता काटकर पर्यटन सत्र 2025-26 का शुभारम्भ किया तथा हरी झण्डी दिखाकर जिप्सी सफारी पर सवार पर्यटकों को जंगल भ्रमण के लिए रवाना किया।

पर्यटन सत्र के शुभारम्भ अवसर की विशेषता यह रही कि पिछले बुधवार को कौड़ियाला नदी में हुई दर्दनाक नाव दुर्घटना जिसमें कतर्नियाघाट की हृदय स्थली में बसे भरथापुर ग्राम की 01 महिला की मृत्यु होने तथा 08 लोगों के लापता होने की घटना पर सांसद डॉ. आनन्द कुमार गोंड व विधायक श्रीमती सरोज सोनकर द्वारा गहरा दुख प्रकट करते हुए मौजूद अतिथियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, मीडिया बन्धुओं, गैर सरकारी संस्थाओं के सदस्यों, पर्यटकों एवं प्रकृति प्रेमियों के साथ दिवंगत मृतका की आत्मा की शांति के लिए सामूहिक रूप 02 मिनट का मौन धारण किया गया।

## एसपी ने दो परिवारों में सुलह समझौता कराया



**बहराइच।** आवेदिका द्वारा आपसी पारिवारिक विवाद के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक महोदय के समक्ष सुलह हेतु प्रार्थना पत्र दिया गया, जिसके निस्तारण हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को निर्देशित किया गया। परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर-समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया तथा दोनों पक्षों को समझाया गया, जिसके परिणामस्वरूप दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में लड़ाई-झगड़ा न करने तथा पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करते हुए खुशी-खुशी साथ रहने की बात कही गयी। आपसी सुलह होने पर दोनों पक्षों को एक दूसरे के साथ आपस में सामंजस्य स्थापित कर पारिवारिक दायित्वों को सही प्रकार से निर्वहन करने हेतु सलाह दी गयी

संक्षेप

## पुलिस ने छात्रों को कानून के प्रति किया जागरूक

**कूरेभार, सुलतानपुर।** शनिवार को कूरेभार के चाचा नेहरू इंटर कॉलेज मीरमानिकपुर, कूरेभार में पुलिस विभाग द्वारा छात्रों को नए कानूनों की जानकारी देने हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कूरेभार थाना पुलिस टीम के उपनिरीक्षक गिरजेश कुमार, कांस्टेबल अमित अवस्थी, सिपाही अभिषेक कुमार एवं महिला सिपाही प्रियंका कुमारी ने विद्यालय पहुंचकर नए लागू तीन कानूनों भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम तथा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को बताया कि इन नए कानूनों का उद्देश्य न्याय प्रणाली को अधिक तेज, पारदर्शी और जनसुलभ बनाना है। पुलिस टीम ने छात्रों को बताया कि अब अपराध की रिपोर्टिंग ऑनलाइन भी की जा सकती है और पीड़ितों को त्वरित न्याय के लिए डिजिटल माध्यमों से सहायता मिलेगी। साथ ही साइबर अपराध, सड़क सुरक्षा और महिलाओं की सुरक्षा से संबंधित नए प्रावधानों पर भी छात्रों को जागरूक किया गया।'। इस अवसर पर विद्यालय के दर्जनों शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा सैकड़ों छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में पुलिस टीम को विद्यालय परिवार द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## सांसद खेल प्रतियोगिता के ट्रायल शुरू

**रायबरेली।** हरचंदपुर स्थित जनपद इंटर कॉलेज में एक नवंबर को सांसद खेलकूद प्रतियोगिता के ट्रायल शुरू हो गए। इन ट्रायलों में विभिन्न आयु वर्गों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में 100 मीटर और 200 मीटर दौड़, कबड्डी, खो-खो और लंबी कूद जैसी स्पर्धाएं आयोजित की गईं। ये ट्रायल सब-जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्गों में संपन्न हुए। इस अवसर पर क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी कंचन सिंह, पीटीआई रविंद्र प्रताप सिंह, अनुदेशक दलपति और रामचंद्र सहित कई अधिकारी व प्रशिक्षक उपस्थित रहे। ट्रायलों के अंत में वरिष्ठ नागरिकों के लिए रस्साकसी का भी आयोजन किया गया।

## एसपी से लगायी न्याय की गुहार

**डलमऊ रायबरेली।** डलमऊ कस्बे के शंकर नगर मोहल्ला निवासी रितिक जायसवाल पुत्र विनोद कुमार ने मारपीट एवं छिनैती के मामले में डलमऊ पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने के बाद पुलिस अधीक्षक रायबरेली को प्रार्थना पत्र देखकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करते हुए न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित ने एसपी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया है कि वह बीते 28 अक्टूबर को शाम लगभग 5 बजे अपनी दुकान से ट्रेडर्स का पैसा 20000 रुपए देने जा रहा था। जैसे ही वह कस्बे के सलवन रोड स्थित प्राथमिक विद्यालय के पास पहुंचा तभी वहां पहले से ही घात लगाए बैठे सौरभ अग्रहरि अभय अग्रहरि बॉबी अग्रहरि पुत्रगण कामता प्रसाद उर्फ राजू अग्रहरि निवासी सराय दिलावर डलमऊ रायबरेली ने पीड़ित की गाड़ी में पीछे से टक्कर मार दी और सभी एक राय होकर उसको लात घुसो एवं लाठी डंडों से जमकर मारना पीटना शुरू कर दिया। मारपीट के दौरान आरोपियों ने पीड़ित के पास रखे 20000 एवं गले से सोने की चेन छीन ली राहगीरों एवं आसपास मौजूद लोगों ने बीच बचाव किया जिससे पीड़ित की जान बच सकी आरोपियों ने जाते-जाते ऐलानिया धमकी देते हुए कहा इसकी शिकायत कहीं की तो तुम्हें जान से मार देंगे पीड़ित ने बताया कि मारपीट में उसे अंदरूनी गंभीर चोटे आई हैं।

# यातायात माह का भव्य शुभारंभ

## जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने दिखायी हरी झंडी




**रायबरेली।** सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आज जिलाधिकारी हर्षिता माथुर और पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने पुलिस लाइन परिसर में यातायात माह का विधिवत शुभारंभ किया। दोनों अधिकारियों ने फीता काटकर कार्यक्रम की शुरूआत की और मौके पर उपस्थित एनसीसी के छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की पालना करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर डीएम औरएसपी ने यातायात जागरूकता अभियान के प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह विशेष वाहन शहर के विभिन्न मार्गों, प्रमुख चैराहों, कस्बों और बाजारों में भ्रमण कर आमजन को सड़क सुरक्षा के महत्वपूर्ण नियमों से अवगत कराएगा। अभियान के तहत लोगों को मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य पहनें, वाहनों को कभी तेज गति में न चलाएं, नशे की हालत में वाहन चलाना सख्त वर्जित, हमेशा बायीं लेन में चलें और उतावलेपन से बचें, चौराहा पार करते समय पहले दाहिने-बायीं देखकर आगे बढ़ें, स्टंट बाइकिंग न करें, प्रेशर हॉर्न या मॉडिफाइड साइलेंसर का उपयोग न करें, जेब्रा क्रॉसिंग और अन्य यातायात संकेतों का पालन करें संदेश दिए जाएंगे। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक संजीव सिन्हा, क्षेत्राधिकारी यातायात अमित कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक यातायात इंद्रपाल सिंह सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारीगण उपस्थित रहे। यह माह भर चलने वाला अभियान जिले में दुर्घटनाओं को कम करने और सुरक्षित यातायात संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

## 35 शिकायतों में सिर्फ 4 का हो सका निस्तारण

**महराजगंज रायबरेली।** आज तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी गौतम सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। उप जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के कर्मचारियों को शिकायत के निस्तारण में लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्यवाही की चेतावनी दी। आज नवंबर माह के प्रथम शनिवार को उप जिलाधिकारी गौतम सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया इस दौरान एसडीएम जन समस्याओं के निस्तारण करने को अधिकारियों को पहली प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। मौके पर कुल 35 शिकायतें आई। जिसमें 18 शिकायतें राजस्व विभाग, 7 शिकायतें पुलिस विभाग, 6 विकास विभाग व 4 अन्य शिकायत दूसरे विभागों की रहीं। मौके पर मात्र चार शिकायतों का निस्तारण हो पाया। इस मौके पर तहसीलदार मंजुला मिश्रा, प्रभारी क्षेत्राधिकारी श्रितिक कुमार, खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह, नायब तहसीलदार उमेश चंद्र त्रिपाठी, सत्याराज, कानूनगो आबिद अली, मो.अहमद आदि मौजूद रहे।

## एलआईसी लूटकांड के हिस्ट्रीशीटर ने गोली मारकर की आत्महत्या

**कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)।** शनिवार की सुबह कादीपुर के एलआईसी लूटकांड के दोषी हिस्ट्रीशीटर बदमाश ने सीने पर गोली मारकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव बाहर निकाला और पंचायत नामा भरकर शव पोस्टमार्टम में भेजा है। घटना कूरेभार थाना क्षेत्र के गलिबहा गांव की है।

जानकारी के मुताबिक शनिवार की सुबह जब गांव निवासी हिस्ट्रीशीटर दुर्गेश सिंह ऊर्फ मोनू (38 वर्ष) पुत्र नरेंद्र सिंह के कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो उसके भाई की पत्नी प्रधान के पास गई और उन्हें सूचना दिया। जिस पर प्रधान मौके पर पहुंचे उन्होंने दरवाजा खटखटाया जब कोई आवाज नहीं आई तब उन्होंने सीढ़ी लगवाया। झरोखे से देखा गया तो अंदर दुर्गेश मृत अवस्था में क्षत विक्षत पड़ा था। उसके पास एक तमंचा भी पड़ा हुआ था। प्रधान ने पुलिस को सूचना दिया। कूरेभार थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे दरवाजा तोड़कर शव बाहर निकाला गया। बल्दीराय सीओ आशुतोष कुमार ने बताया सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कमरे निकालाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मृतक के सीने में गोली लगी है। मृतक कूरेभार थाने का हिस्ट्रीशीटर है। हम हर पहलू पर जांच कर रहे हैं। उसने क्यों सुसाइड किया इसकी भी पड़ताल की जा रही है। बता दें कि जिले के कादीपुर में एलआईसी शाखा में 1 सितंबर 2008 को दिन-दहाड़े डकैती हुई थी। दोपहर करीब 12:30 बजे ये घटना हुई। असलहों से लैस बदमाश शाखा के गेट पर खड़े सुरक्षा गार्ड सत्य प्रकाश तिवारी की कनपटी पर रिवाल्वर सटाकर उसकी बंदूक छीन ली और शाखा के अंदर घुस गए थे। बदमाश शाखा से कुल 13 लाख 15 हजार रुपये लूटकर फरार हो गए। शाखा के तत्कालीन प्रबंधक ईश्वर देव सिंह ने इस संबंध में मामला दर्ज कराया था। जिसमें कोर्ट में सुनवाई चल रही थी। जिसमें दुर्गेश आरोपी था। वो बाहर रह रहा था, 29 अक्टूबर को कोर्ट में आरोप तय होना था जिसको लेकर वो घर आया और वहां से कोर्ट गया। कोर्ट ने आरोप तय किया और 5 नवम्बर को फैसला कोर्ट को सुनाना था। कयास लगाया जा रहा है कि सजा की डर से उसने आत्महत्या का रास्ता चुना है।



## गाजे-बाजे के साथ निकली श्रीराम कलश यात्रा



**गौरीगंज, अमेठी।** जनपद मुख्यालय गौरीगंज के पूरे नेमधर पंडित जामों मार्ग पर श्री राम कथा प्रारम्भ होने से पूर्व शनिवार को कलश यात्रा निकाली गई जिसमें कथा व्यास के साथ यजमान ने धार्मिक स्थलों पर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ दर्शन पूजन किया और ग्रामीणों द्वारा कलश यात्रा का जगह जगह पर भव्य स्वागत किया गया। कलश यात्रा में भक्तिमय गीतों पर भक्तों ने खूब धमाल मचाया और वातावरण भक्तिमय रहा। कार्यक्रम स्थल से गाजे बाजे के साथ महामृत्युंजय मठ महाकाल उज्जैन से पधारे कथा व्यास स्वामी श्री प्रणवपुरी जी की अगुवाई में निकली कलश यात्रा पूरे नेमधर पंडित मंदिर से कस्बा गौरीगंज होते हुए यजमान शीतला मिश्र ने वैदिक मंत्रोच्चारण के दर्शन पूजन किया। श्रीराम कथा एक से सात नवंबर तक चलेगी और आठ नवंबर को भण्डारे का आयोजन किया गया है। इस मौके पर विनय मिश्रा, त्रिवेणी शंकर मिश्र, लव मिश्र, विवेक मिश्र, आदित्य मिश्र, सूर्या त्रिपाठी, दिलीप जायसवाल, सोनू सिंह सहित हजारों की संख्या में भक्त मौजूद रहे।

## जल निकासी के विवाद में हत्या, पड़ोसियों ने लाठी-डंडों से पीटकर अधेड़ की ली जान

**अमेठी।** जनपद के रामगंज थाना क्षेत्र के त्रिशुंडी गांव में शनिवार सुबह 8 बजे जल निकासी को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि बात हाथापाई से होते हुए खूनी संघर्ष में बदल गई। इस दौरान एक पक्ष के लोगों ने पड़ोसी मुकेश यादव (पुत्र कन्हैयालाल यादव) पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल मुकेश को परिजन आनन-फानन में अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार, मुकेश यादव अपने घर के बाहर बरसात के पानी और कीचड़ में मिट्टी डाल रहे थे, ताकि रास्ता समतल हो सके। इसी दौरान पड़ोसियों ने इसका विरोध किया, जिससे कहासुनी शुरू हो गई। विवाद बढ़ने पर विपक्षी पक्ष ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिसमें मुकेश यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही रामगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। गांव में तनाव का माहौल देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा के मद्देनजर अतिरिक्त फोर्स तैनात कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## प्र'कट्योत्सव के उपलक्ष में बाबा श्याम की विशाल भजन संध्या का कार्यक्रम आज

**रायबरेली।** श्री श्री मां शीतला शनि सरकार एवं खाटू श्याम सेवा समिति अहियारायपुर रायपुर के तत्वाधान में प्रथम खाटू श्याम मंदिर की स्थापना 17 फरवरी 2025 में हुई थी जिसमें अनवरत हर माह की शुक्ल पक्ष एकादशी को बाबा श्याम का गुणगान बाहर से आए हुए कलाकारों द्वारा हो रहा है।समिति के अध्यक्ष अमिय शुक्ला ने बताया कि इसी क्रम में इस माह बाबा के प्रकाट्योत्सव के उपलक्ष में बाबा श्याम की विशाल भजन संध्या का कार्यक्रम 2 नवंबर को होगा।समिति के प्रबंधक दिनेश खेतान ने बताया कि इस माह बाबा श्याम के भजन कीर्तन करने के लिए बरेली से भजन गायक कुक्की अरोड़ा और फरीदाबाद से भजन गायिका संध्या तोमर आ रहे है, जो अपने मीठे - मीठे भजनों से बाबा श्याम और उनके भक्तों को रिझाएगे। समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी महेश नारायण अग्रवाल ने बताया कि बाबा के प्रकाटोत्सव के उपलक्ष में बाबा का भव्य श्रृंगार दिल्ली से आए हुए कलाकारों द्वारा किया जाएगा जिसमें बाबा के श्रृंगार के लिए पुष्प कोलकाता और दिल्ली से मंगाए गए हैं साथ ही पूरे मंदिर की सजावट भव्य रूप से फूलों और लाइटों के द्वारा की जाएगी और बड़ी धूमधाम से बाबा का जन्म उत्सव मनाया जाएगा। साथ ही उमेश सिकरिया ने बताया कि बाबा के जन्मोत्सव के उपलक्ष में 11 किलो खोये से निर्मित केक काट कर बाबा का जन्मदिन मनाया जाएगा। समिति के कोषाध्यक्ष भवेश अग्रवाल ने बताया कि बाबा के प्रकटोत्सव के उपलक्ष में प्रतीक अग्रवाल के नेतृत्व में बाबा की निशान यात्रा का भी आयोजन किया गया है जिसमें चंदापुर मंदिर सुपर मार्केट से लगभग 50 लोग बाबा का निशान लेकर प्रातः 10 बजे निकलेंगे और पैदल चलकर लगभग 11:30 के आस पास अहिया रायपुर खाटू श्याम मंदिर में पहुंचेंगे जिसमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल होंगे। अशोक श्रीवास्तव ने बताया कि कीर्तन उपरांत मंदिर पर आतिशबाजी की व्यवस्था भी की गई है। अशोक मिश्रा ने बताया कि लगभग 11:30 बजे भजन संध्या का समापन हकर बाबा श्याम की विशाल आरती का आयोजन होगा उसके उपरांत भक्तों को बूंदी प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

# विधायक ने हर्ष नगर में नागरिकों से की मुलाकात जनसमस्याओं के समाधान का दिया आश्वासन



**रायबरेली।** सदर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत स्थित हर्ष नगर में सदर विधायक ने क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों एवं कार्यकताओं से भेंटकर जनसमस्याओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस दौरान लोगों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं एवं आवश्यक विकास कार्यों से संबंधित सुझाव विधायक के समक्ष रखे। सदर विधायक अदिति सिंह ने सभी सुझावों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ताकि जनहित से जुड़े प्रत्येक मुद्दे का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि जनता की सुविधा एवं क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं और शासन स्तर पर भी इन समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु पहल जारी है। स्थानीय नागरिकों ने सदर विधायक के इस संवादात्मक प्रयास की सराहना की और उनके जनहितैषी रुख के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर कामेश्वर मणि त्रिपाठी, सभासद पुष्पा यादव, राजू सिंह आदि नगर के लोग उपस्थित रहे।

## होमगार्ड सम्मानित

**महराजगंज, रायबरेली।** विगत माह की भांति इस माह भी, आज दिन शनिवार को कोतवाली परिसर में प्रभारी निरीक्षक जगदीश यादव एसएसआई देवेंद्र सिंह भदौरिया ने एक होमगार्ड को सम्मानित कर होमगार्ड विभाग का गौरव बढ़ाया। बताते चलें कि कोतवाली क्षेत्र में कार्य करने वाले होमगार्ड व उत्कृष्ट कार्य व अच्छा प्रदर्शन तथा निष्ठा व कार्यशैली के चलते आज कोतवाली परिसर में कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव एवं एस एस आई देवेंद्र सिंह भदौरिया ने होमगार्ड राजीव कुमार मिश्रा को सम्मानित कर उनके द्वारा किये गए कार्यों की सराहना की इस मौके पर ,बी ओ राजेश कुमार राय ,पीसी इंद्रमणि सिंह, छिढई प्रसाद ,रमेश कुमार मौर्य, रामकुमार ,लाल मोहम्मद, मेवालाल गौड़, राम यश मौर्य, रामदास यादव ,रामप्रताप यादव ,आशीष द्विवेदी ,धर्मेंद्र मौर्य, शिवकरण यादव, कमलाकांत, आदि होमगार्ड मौजूद रहे।

## सपा कार्यालय पर सरदार पटेल और आचार्य नरेंद्र देव की जयंती मनायी गयी

**अमेठी।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय गौरीगंज में शुक्रवार को जिला अध्यक्ष राम उदित यादव के नेतृत्व में देश के दो महान स्वतंत्रता सेनानियों और समाजवादी विचारकों सरदार वल्लभभाई पटेल एवं आचार्य नरेंद्र देव की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर कार्यकताओं ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष राम उदित यादव ने कहा कि सरदार पटेल ने राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। आज के दिन को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है, जो देश की एकता, अखंडता और भाईचारे का प्रतीक है। वहीं, आचार्य नरेंद्र देव ने समाजवादी आंदोलन को नई दिशा दी और गरीब, मजदूर तथा किसानों के अधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष किया। समाजवादी पार्टी के जिला प्रवक्ता राजेश मिश्रा ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा उन महान नेताओं के विचारों को आगे बढ़ाने का कार्य करती रही है, जिन्होंने देश की एकता, अखंडता और सामाजिक न्याय की नींव रखी। सरदार वल्लभभाई पटेल ने जहां देश को एक सूत्र में पिरोने का काम किया, वहीं आचार्य नरेंद्र देव ने समाजवाद के माध्यम से समानता और भाईचारे का संदेश दिया। आज पार्टी उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प दोहरा रही है। इस मौके पर अरशद अहमद एडवोकेट, राम सिंह यादव (पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, मजदूर सभा), राकेश यादव कौहार, प्रिंस तिवारी, दीपू तिवारी, सर्वेश कुमार, विजय यादव, आत्माराम पासी, मोहम्मद अकरम, अरविंद यादव, गुंजन सिंह, महेंद्र यादव, मनीराम वर्मा समेत कई पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन दीपू तिवारी ने किया और अंत में सभी कार्यकताओं ने एकजुट होकर समाजवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की जानकारी समाजवादी पार्टी के जिला प्रवक्ता राजेश मिश्रा ने दी।

# संपूर्ण वेतन का भुगतान न होने से आशा बहू ने अस्पताल के सामने किया प्रदर्शन



**लंभुआ, सुलतानपुर।** आशा बहू एवं आशा संगिनी से क्षेत्र में ज्यादा काम लेने के बावजूद वेतन का संपूर्ण भुगतान ना कर वेतन में कटौती करने का विरोध करते हुए आशा बहू एवं आशा संगिनी ने अस्पताल गेट के सामने धरना दिया और कहा 1 नवंबर से अनिश्चितकालीन कलम बंद हड़ताल पर हैं और जब तक सरकार हमारी मांगों को मान नहीं लेती है, तब तक हम लोग हड़ताल पर रहेंगे और आवश्यकता पड़ी तो सड़क पर चक्का जाम कर आंदोलन करेंगे। लंभुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में आशा बहू कल्याण समिति की लंभुआ अध्यक्ष सुमन शुक्ला तथा उपाध्यक्ष उमा सिंह के नेतृत्व में काफी संख्या में आशा बहू एवं आशा संगिनी ने धरना प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र के माध्यम से प्रांतीय अध्यक्ष सीमा सिंह ने बताया कि हम लोग क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा काम करते हैं लेकिन अभी भी हम लोगों का वेतन का संपूर्ण भुगतान नहीं किया गया है। जितना किया गया है उसमें भी कटौती कर ली गई है। बार-बार सरकार से मांग करने के बावजूद इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इसलिए 01 नवंबर से हम लोग कलम बंद हड़ताल पर हैं। जिला अध्यक्ष किरन शुक्ला ने कहा कि हड़ताल के दौरान कोई भी परेशानी अगर आती है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। उन्होंने कहा कि सरकार इस पर शीघ्र विचार करे। मौके पर नीलम मिश्रा, सुनीता देवी, कुसुम, मीना देवी, आशा देवी आदि आशा बहू एवं आशा संगिनी मौजूद रहीं।

## खाटू श्याम के जन्मदिन पर भंडारा संपन्न



**खीरों, रायबरेली।** ग्राम भीतर गाँव स्थित माँ आनंदी देवी प्रांगण में खाटू श्याम बाबा के जन्मदिन पर उनकी प्रतिमा लगाकर नागरिको ने मल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए। भीतरगाँव निवासी एंव जय श्री श्याम सेवा समिति के संस्थापक विपिन कुमार मिश्र द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन संपन्न हुआ, जिसमे बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओ एंव क्षेत्र के नागरिको ने प्रसाद ग्रहण किया।उक्त अवसर पर पूर्व प्राचार्य रामानंद मिश्र, अश्वनी कुमार मिश्र, मनऊ मिश्र, राजेन्द्र कुमार मिश्र, सुनील कुमार तिवारी, राजकुमार मिश्र, अशोक पांडे, रज्जू सिंह, विजय तिवारी, जगदीश सिंह, कमलेश अग्निहोत्री, अनुराग निश्र, शिवशंकर शुक्ला, रामबाबू मिश्रा, आनंद तिवारी, मोनू बाजपेई, कन्हैया लाल मिश्रा, राजन शुक्ला, रुपेश शुक्ला, संदीप सिंह, बलवंत सिंह, दुर्गेश पासवान, कृपाशंकर लोधी, प्रत्यूष मिश्रा, गोविन्द मिश्रा, नितिन तिवारी, सौरभ मिश्रा, सहदेव लोधी, चंद्रप्रकाश लोधी, राजन नाई, आनंद शर्मा, अरुण कुशवाहा, राजेश यादव, रज्जू गौतम, गौरी शंकर नाई, जगदीश पासवान, नरेश पासवान, मोहन पासी, नन्हकऊ पासी, मुकेश निर्मल, अनिल निर्मल सहित समस्त ग्रामवासी व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## यातायात जागरूकता रैली को कप्तान ने झण्डी दिखाकर किया रवाना




**गौरीगंज, अमेठी।** यातायात माह नवंबर 2025 के उपलक्ष्य में जनपद अमेठी पुलिस ने यातायात जागरूकता रैली का आयोजन किया। आयोजन के प्रथम दिन एसपी अमेठी ने पुलिस कार्यालय गौरीगंज से यातायात जागरुकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। जागरूकता रैली में एमजेएस मेमोरियल इण्टर कॉलेज गौरीगंज जनपद अमेठी के छात्र-छात्राओं, यातायात पुलिस व थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा प्रतिभाग किया गया। यातायात जागरूकता रैली एसपी कार्यालय गौरीगंज से प्रारम्भ होकर सब्जी मण्डी तिराह, मुसाफिरखाना तिराहा होते हुए मुसाफिरखाना रोड पर एमजेएस मेमोरियल इण्टर कॉलेज गौरीगंज पर समाप्त हुई। रैली में शामिल पुलिस कर्मियों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा लोगों को यातायात जागरूकता संबंधी बैनरों व स्लोगन के माध्यम से जागरूक किया गया तथा नशे की हालत में वाहन न चलाने, निर्धारित मानक से अधिक सवारी न बैठाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, अवयस्क को वाहन न चलाने देने, सीट बेल्ट का प्रयोग करने, दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, वाहनों को ओवर लोड न चलाने तथा यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई। इस अवसर पर एएसपी अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी यातायात, दिनेश कुमार मिश्रा, प्रभारी निरीक्षक थाना गौरीगंज श्याम नारायण पाण्डेय, प्रभारी यातायात उनि शोभनाथ राम व अन्य कर्मी मौजूद रहे।

## बिजेथुआ धाम में एकादशी पर्व पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**सूरापुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** विजेथुआ महावीरन धाम में एकादशी पर्व पर रविवार को श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। तड़के भोर से ही भक्तों की भीड़ मंदिर परिसर में उमड़ पड़ी। जय-जय बजरंगबली के जयघोष से पूरा धाम गूंज उठा। भक्तों ने विधिवत पूजन-अर्चन कर संकटमोचक हनुमान जी के दरबार में माथा टेका और मन्नतें मांगीं। पारंपरिक मान्यता के अनुसार, एकादशी के दिन विजेथुआ धाम की 5 कोसी परिक्रमा का विशेष महत्व होता है। दूर-दूर से आए श्रद्धालु हनुमान जी के जयघोष के साथ परिक्रमा मार्ग पर निकले। ग्रामीण मार्गों से गुजरते हुए भक्तों ने जगह-जगह हनुमान चालीसा का पाठ किया और प्रसाद वितरित किया। मंदिर के चारों ओर परिक्रमा करने वालों में महिलाओं, वृद्धों और युवाओं की उत्साही भागीदारी देखने को मिली। परिक्रमा मार्ग पर स्थानीय लोगों ने जगह-जगह जलपान और शीतल जल की व्यवस्था की थी। भक्तों ने कहा कि इस पवित्र धाम में एकादशी के दिन दर्शन और परिक्रमा करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। मंदिर प्रशासन और स्थानीय समिति ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए थे। पूरे दिन हनुमान जी के जयकारों से गूंजता रहा विजेथुआ धाम आस्था और उत्सव का केंद्र बना रहा।



# पुस्तकें मानवता की सबसे बड़ी शिक्षक : प्रो.अमिता जैन

- आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी पुस्तक मेला का भव्य शुभारंभ



**रायबरेली।** आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी स्मृति न्यास के तत्वावधान में आयोजित ह्यपुस्तक मेलाह्य का शुभारंभ फिरोज गांधी डिग्री कॉलेज के मैदान परिसर में भव्यता के साथ हुआ। समारोह में साहित्य, चिकित्सीय और समाज के विविध वर्गों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

मुख्य अतिथि के रूप में एम्स रायबरेली की निदेशक डॉ. अमिता जैन ने मेले का उद्घाटन किया। विशेष अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर, राही विकासखंड के प्रमुख धर्मेंद्र यादव, रायबरेली बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अधिवक्ता राकेश तिवारी, सिमहैंस हॉस्पिटल के एमडी डॉ. मनीष चैहान और फिरोज गांधी कॉलेज के प्रबंध मंत्री अतुल भार्गव मंच पर उपस्थित रहे। डॉ. जैन ने कहा कि ह्लपुस्तकें मानवता की सबसे बड़ी शिक्षक हैं। डिजिटल युग में भी पढ़ने की संस्कृति को जीवित रखना समाज की जिम्मेदारी है। दुनिया की 50 भाषण हम पढ़े या जानें लेकिन मातृभाषा का अलग ही महत्व है। मातृभाषा हमें दिलों से जोड़ती है।ह्व

नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर ने कहा कि ह्लरायबरेली की सांस्कृतिक धरोहर को पुस्तक मेले जैसी पहल नया जीवन देती है।ह्व राकेश तिवारी ने कहा कि आचार्य जी के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। डॉ मनीष चैहान ने कहा कि पुस्तकें पढ़कर ही हम जीवन को सफल और सार्थक बना सकते हैं।

पुस्तक मेले में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, शिक्षकों, साहित्यकारों और नागरिकों ने उद्घाटन समारोह में भाग लिया। आने वाले दिनों ये मेले में प्रतिभागियों की संख्या बढ़ सकती है। स्मृति न्यास के पदाधिकारियों ने बताया कि मेला 1 नवम्बर से 9 नवम्बर 2025 तक चलेगा, जिसमें प्रतिदिन अलग-अलग साहित्यिक, सांस्कृतिक और जनजागरण से जुड़े कार्यक्रम आयोजित होंगे। आगामी दिनों में कवि सम्मेलन, नाट्य प्रस्तुति, हेल्थ कैम्प और लोक गीतों की संध्या और बच्चों की निबंध-लेखन प्रतियोगिता जैसे आयोजन होंगे।

कार्यक्रम का संचालन महावीर प्रसाद द्विवेदी स्मृति न्यास के संयोजक गौरव अवस्थी एवं स्वागत कार्यक्रम प्रभारी राजीव भार्गव ने किया ने किया। इस मौके पर प्रमोद त्रिपाठी, विनय द्विवेदी, सभासद परमजीत सिंह गांधी, धर्मेंद्र द्विवेदी, युगल किशोर तिवारी गिरजा शंकर मिश्रा केके मिश्रा, अनुराग त्रिपाठी, लक्ष्मीकांत शुक्ला, अतुल गुप्ता, महेंद्र अग्रवाल, रेनू श्रीवास्तव, डॉ अमिता खुबेले, श्रीमती किरण शुक्ला, हसन रायबरेलवी, रामबाबू मिश्रा, सुधीर द्विवेदी, स्वतंत्र पांडेय, राजेश सिंह आदि मौजूद रहे।

## शिव विवाह की कथा सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु

**तिलोई, अमेठी।** जिस घर में आपके जाने पर लोग प्रसन्न न हों और जिनकी आँखों में प्रेम न हो, ऐसे स्थान पर कभी नहीं जाना चाहिए। भले ही वहाँ कितना भी धन क्यों न हो। यह बाते राजाफत्तेपुर स्थित डॉ प्रताप नारायण मिश्र इण्टर कॉलेज में हो रही सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में कथावाचक आचार्य योगेंद्र कृष्ण शास्त्री जी महाराज ने कही। कथा में उन्होंने कहा कि परस्पर प्रेम और सम्मान के आगे भौतिक लाभ भी बेकार है। उन्होंने कथा राजा दक्ष के द्वारा आयोजित यज्ञ में माता सती भगवान शंकर के बार बार रोकने के बाद भी गई और वहां अपने पति का अपमान देखकर वह खुद को रोक नहीं पाई। इसलिए मनुष्य को बिना बुलाए नहीं जाना चाहिए।श्रीमद्भागवत कथा में उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की कथा एवं नंदोत्सव का वर्णन किया। श्रीकृष्ण जन्म की कथा का वर्णन करते हुए महाराज ने बताया कि कंस की कारागार में देवकी के गर्भ से भादो मास की अष्टमी को रोहिणी नक्षत्र में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। उनका लालन-पालन नंदबाबा के घर में हुआ था। इसलिए नंदगांव में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कृष्ण जन्म की खुशी में कथा स्थल को विशेष रूप से सजाकर नंदोत्सव मनाया गया।

संक्षेप

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से दो की मौत

**मथुरा।** गोवर्धन थाना क्षेत्र में कार की टक्कर लगने से बाइक सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीण एसपी सुरेश चंद्र रावत ने बताया कि शुक्रवार को गोवर्धन थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार कार ने कल्याणी करोति नेत्र चिकित्सालय के निकट बाइक को टक्कर मार दी जिससे दोपहिया वाहन पर सवार एक व्यक्ति और उसके नाती की मौके पर ही मौत हो गई। रावत ने बताया कि इस दुर्घटना के बाद चालक कार को घटनास्थल पर छोड़कर भाग गया। पुलिस ने कार जब्त कर चालक की तलाश शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि हनुमान नगर निवासी मेघश्याम (70) आंखों के इलाज के लिए अपने नाती बसंत (13) के साथ मोटरसाइकिल से नेत्र चिकित्सालय जा रहे थे, तभी कार ने उनके दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए।

## जीआरपी ने बच्चे को परिजनों को सौंपा

**टूंडला।** थानाध्यक्ष जीआरपी मोनू कुमार आर्या ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत एक दस वर्षीय बच्चे को उसके परिजनों को खोजकर उनके हवाले किया। जीआरपी को रात्रि में प्लेटफॉर्म पर एटा से आई पसेंजर ट्रेन में एक 10 वर्षीय बच्चा सोता हुआ मिला, जिसे थाना कार्यालय लाकर पूछताछ की बच्चे ने अपना नाम दीपक पुत्र राजकुमार बताया, मगर वह अपना गली मोहल्ला मोबाइल आदि बताने में सक्षम नहीं था, उक्त लड़के द्वारा सिर्फ इतना बताया गया कि रामबाग चौराहा आगरा पर उसके पिता की मोटरसाइकिल मिस्त्री का छोटा सा खोखा दुकान है, रात्रिधिकारी उ0नि0 धर्मेन्द्र सिंह द्वारा रामबाग चौकी प्रभारी आदि से वार्ता जानकारी करने के उपरांत भी जब लड़के के परिजनों की जानकारी नहीं हुई तो थाना प्रभारी जीआरपी उक्त बच्चे को मय हमराह सरकारी जीप से रामबाग चौराहा आगरा लेकर गए बच्चे की निशादेही पर बच्चे के पारिवारिक जनों को तलाश किया गया तो, बच्चे के पिता राजकुमार पुत्र सुनहरी लाल निवासी मौहल्ला कटरा वजीर खान चीनी का रोजा, कुबेरपुरा आगरा को तलाशकर बच्चे को सुपुर्द किया गया। बच्चे के पारिवारीजन माता पिता ने अपने बेटे को पाकर अत्यधिक प्रसन्न हुए एवं जीआरपी टूण्डला पुलिस की भूरी भूरी प्रशंसा की।

## द्वारकाधीश मंदिर में आज तुलसी शालिग्राम विवाह

**मथुरा।** द्वारकाधीश मंदिर में 2 नवम्बर आज रविवार को देवोत्थान एकादशी मनायी जाएगी। इसको लेकर मंदिर प्रबंध तंत्र द्वारा दर्शनों के समय में परिवर्तन किया गया है। इसके तहत प्रातः काल के सभी दर्शन समयानुसार होंगे। सांयकाल उद्यापन के दर्शन 7:30 पर होंगे और मंडप के दर्शन 8:15 पर होंगे उसके बाद भोग संध्या आरती के दर्शन होंगे और 10:00 बजे जागरण की झांकी होगी 11:45 पर तुलसी शालिगराम विवाह होगा और सेवा चालू रहेगी। प्रातः काल 4:30 से 5:00 तक राजभोग के दर्शन होंगे। 3 नवंबर से दर्शन के समय में परिवर्तन हो जाता है और प्रातः कालीन दर्शन के समय में कोई परिवर्तन नहीं होता है। और सायंकाल आज रविवार के दर्शन निम्न प्रकार रहेंगे। उद्यापन के दर्शन 3:30 से 3:50 तक भोग के दर्शन 4:20 से 4:40 संध्या आरती के दर्शन 4:55 से 5:10 और शयन रविवार 6:00 बजे से 7:00 तक और यह क्रम चैत्र के रामनवमी तक जारी रहेगा।

# 555 बीड़ी मालिक को बेटे ने मारी गोली

## फिर स्वयं को मारी गोली, पिता-पुत्र की मौत



**मथुरा(मधुसूदन शर्मा)।** वृंदावन में गौरा नगर में शुक्रवार रात 555 बीड़ी कारोबारी पिता-पुत्र के बीच हुए विवाद में बेटे ने लाइसेंसी पिस्टल से पिता की गोली मारकर हत्या करने के बाद खुद को भी गोली मारकर जान दे दी। पिता ने बेटे को शराब पीने पर टोका था। घटना के बाद कारोबारी परिवार में कोहराम मच गया। सनसनीखेज घटना की जानकारी मिलने पर काफी संख्या में व्यापारी पीड़ित के घर पहुंच गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

वृंदावन के गौरा नगर में रहने वाले सुरेशचंद्र अग्रवाल (73) का दिनेश बीड़ी 555 के नाम से कोलकाता में कारोबार है। बीड़ी फैक्टरी आदि कोलकाता में होने के कारण बड़े बेटे दिनेश कोलकाता में ही रहते हैं, जबकि दो अन्य बेटे नरेश और महेश वृंदावन में ही रहकर कारोबार संभालते हैं। घर के नजदीक ही नरेश (52) का ऑफिस है, जहां से वह कामकाज देखते थे। पूरे उत्तर प्रदेश में दिनेश बीड़ी वाले के नाम से यह परिवार प्रसिद्ध है। दिनेश बीड़ी ह्य555ह्ण लगभग 50 साल से अधिक अपनी प्रतिष्ठा बनाए हुए है। ऐसे में इनके मालिक जिनका आवास वृंदावन के गौरा नगर कॉलोनी में है, वहां सनसनीखेज वारदात जैसे हुई, इलाके में हड़कंप मच गया। भारी संख्या में लोग घर पर जमा हो गए। दिनेश बीड़ी के मालिक सुरेश चंद्र अग्रवाल और उनके पुत्र नरेश अग्रवाल शुक्रवार रात के समय अपने घर में थे, अचानक पिता-पुत्र में किसी बात को लेकर पारिवारिक विवाद हो गया। देखते ही देखते ये विवाद इतना बढ़ गया कि पुत्र नरेश अग्रवाल ने पिता पर लाइसेंसी पिस्टल तानी और गोली चला दी। गोली चलने पर पिता की मौत हो गई। वहीं पिता की मौत हो जाने के बाद पुत्र नरेश ने खुद को भी गोली मार ली। दो-दो गोली की आवाज सुनकर घर के सभी लोग इकट्ठे हो गए। जब अंदर का मंजर देखा तो सभी हैरान हो गए। आनन फानन में सुरेश और नरेश को अस्पताल ले जाया गया, जहां वृंदावन के रामकृष्ण मिशन अस्पताल में उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। मौके पर पहुंचे एसपी सिटी राजीव कुमार ने बताया कि पिता-पुत्र में किसी बात को लेकर पारिवारिक विवाद हुआ था, जिसके बाद पुत्र नरेश ने पहले पिता सुरेश को गोली मारी और फिर खुद को भी गोली मार ली। परिवार से जानकारी की जा रही है और पुलिस मामले की जांच कर रही है। आगे की वैधानिक कार्रवाई हो रही है।

## वाइल्डलाइफ एसओएस ने किया भारत की पहली ग्लोबल एलीफेंट मास्टरक्लास का आयोजन

● ब्रज की सांस्कृतिक विरासत से भी रूबरू हुए विदेशी छात्र

**मथुरा(मधुसूदन शर्मा)।** फरह स्थित वाइल्डलाइफ एसओएस ने दुनियाभर के पशु समर्थकों और साझेदारों के लिए दस दिवसीय एलिफेंट केयर मास्टरक्लास का आयोजन किया, इसमें गहन वैज्ञानिक अंतर्दृष्टि प्रदान की गई। हाथियों की देखभाल के श्रेष्ठ कार्य को आगे बढ़ाने को एक साझा प्रतिबद्धता दोहराई गई। सीखने को दुनिया के कोने से आए लोगों ने वाइल्डलाइफ एसओएस के हाथी अस्पताल, हाथी संरक्षण एवं देखभाल केंद्र और आगरा भालू संरक्षण केंद्र का दौरा किया।

संस्था के विशेषज्ञ पशु चिकित्सकों और केयरटेकरो द्वारा अत्याधुनिक चिकित्सा उपचारों, उन्नत सुविधाओं और वन्यजीव पुनर्वास कार्यक्रमों का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। पाठ्यक्रम में सामाजिक पुनर्वास और समुदाय-आधारित संरक्षण रणनीतियों जैसे प्रमुख विषयों पर भी जानकारी हासिल की। वाइल्डलाइफ एसओएस के सह-संस्थापक और सीईओ, कार्तिक सत्यनारायण कहते हैं, रहमारे हाथी अभयारण्य, इन कक्षाओं के लिए उपयुक्त स्थल थे, जहाँ लोग हाथियों की देखभाल के बारे में सीख सकते थे। कहा, यही वह जगह है जहाँ बचाए गए हाथी, दशकों के आघात और दुर्व्यवहार से उबर कर स्वस्थ और खुशहाल जीवन जी रहे हैं।

**लर्नर्स ने देखी ब्रज की सांस्कृतिक विरासत :** मास्टर क्लास में हाथियों के रखरखाव और संरक्षण का अध्याय सीखने के बाद फरिन लर्नर्स ने ब्रज की सांस्कृतिक धरोहर देखीं और खुद को धन्य पाया। वे यूनेस्को द्वारा विश्व विरासत घोषित पक्षी अभ्यारण्य केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान, चांदनी में चमकते ताजमहल, अकबर के लाल किले को देखने गए। 16वीं शताब्दी में निर्मित स्मारकों और मंदिरों, फतेहपुर सीकरी जैसे प्रतिष्ठित स्थलों का भी भ्रमण किया। इस अनुभव ने सांस्कृतिक संरक्षण और सह-अस्तित्व के अंतर्संबंध पर एक समग्र दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। एलिफेंट केयर मास्टरक्लास, संस्था की विस्तारित हो रही ट्रैवल विद वाइल्डलाइफ एसओएस श्रृंखला का एक भाग है। इसे शैक्षिक यात्राओं के माध्यम से समर्थकों को जोड़ने के लिए डिज़ाइन किया गया है। 2026 और 2027 में अतुल्य भारत साहसिक कार्य के अंतर्गत एक सर्व-समावेशी अनुभव संकलित होगा। वाइल्डलाइफ एसओएस के रिसर्च एवं पशु चिकित्सा सेवाओं के निदेशक, डॉ. एशा अरुण कहते हैं यह मास्टरक्लास प्रतिभागियों के लिए हमारे कार्यों को नजदीकी से देखने का एक विशेष अवसर है।

## वृंदावन-मथुरा में दिखायी दिया आस्था और श्रद्धा का अभूतपूर्व संगम



**मथुरा(मधुसूदन शर्मा)।** धर्मनगरी मथुरा-वृंदावन में शनिवार को देवोत्थान एकादशी के पावन अवसर पर आस्था और श्रद्धा का अभूतपूर्व संगम देखने को मिला। हजारों-लाखों श्रद्धालुओं ने भगवान विष्णु के जागरण पर्व पर तीन वनों मथुरा, गरुड़ गोविंद और वृंदावन की परिक्रमा लगाकर पुण्य लाभ अर्जित किया। भक्ति गीतों और जय श्रीकृष्ण के जयघोष से पूरी ब्रजभूमि गुंजायमान रही। शनिवार सुबह होते ही श्रद्धालुओं की भीड़ परिक्रमा मार्गों पर उमड़ पड़ी। भक्तजन तुलसी की माला धारण किए, हाथों में पूजा की थाली लिए, भजन-कीर्तन करते हुए भगवान श्रीहरि के दर्शन हेतु निकले। परिक्रमा मार्गों पर मानव श्रृंखला बनी रही जो देर शाम तक लगातार चलती रही। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, देवोत्थान एकादशी के दिन भगवान विष्णु चार महीने की योगनिद्रा से जागते हैं और इसी के साथ शुभ कार्यों की पुनः शुरूआत होती है। इस दिन की जाने वाली ह्लतीन वन परिक्रमा 5 कोस की मथुरा परिक्रमा, 5 कोस की वृंदावन परिक्रमा और 8 कोस की गरुड़ गोविंद परिक्रमा का विशेष धार्मिक महत्व है। श्रद्धालु मानते हैं कि इस दिन परिक्रमा करने से पुण्य लाभ मिलता है। भक्तों ने भगवान शालिग्राम और तुलसी विवाह के इस शुभ अवसर पर पूर्ण समर्पण के साथ परिक्रमा पूरी की। कई श्रद्धालु देर रात से ही यात्रा शुरू कर चुके थे। ह्राधे-राधेह्ण के जयघोष के बीच परिक्रमा मार्गों पर सिर पर पूजा का सामान रखकर श्रद्धालु कदम से कदम मिलाते चले। प्रशासन ने भी भीड़ प्रबंधन के लिए पुख्ता इंतजाम किए। सुरक्षा, यातायात और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी तैनात रहे। वृंदावन में भारी भीड़ को देखते हुए वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित किया गया।

**दो दिनों तक चलेगा देवउठनी पर्व :** इस वर्ष देवउठनी एकादशी दो दिनों तक मनाई जा रही है। शनिवार को लाखों श्रद्धालुओं ने तीन वनों की परिक्रमा पूरी की, जबकि रविवार को भी भक्तों के उमड़ने की संभावना है। भक्ति और आस्था के इस अद्भुत संगम ने ब्रजभूमि को एक बार फिर हरे कृष्ण, हरे राम के स्वर से सराबोर कर दिया।

## सीडीओ ने किया यातायात माह का शुभारंभ

**फिरोजाबाद।** मुख्य विकास अधिकारी एवं अपर पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा यातायात माह का पुलिस लाइन सभागार में दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। और एनसीसी कैडेट्स और पुलिस के जवानों द्वारा पुलिस लाइन से निकाली जा रही रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान बच्चों ने अपने हाथों में ह्यतेज गति करें दुर्गति, नशे में गाड़ी चलाना असमय मौत को बुलाना, हेलमेट पर सर सुरक्षित तो परिवार सुरक्षितह्यजैसे स्लोगनों के साथ यह रैली निकाली गई, जागरूकता रैली पुलिस लाईन मुख्य द्वार से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख चौराहे से होते हुए नालबंद तक निकाली गई। रैली के दौरान आम जनता को यातायात नियमों से सम्बन्धित पम्पलेट वितरित किये गये, सार्वजनिक स्थानों पर बैनर पोस्टर लगाकर एवं लाउडस्पीकर से अनाउंसमेंट कर यातायात नियमों के बारे में जागरुक किया गया। एसपी सिटी रवि शंकर प्रसाद ने इस अवसर पर कहा कि इस रैली का उद्देश्य है कि सभी को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक किया जाए, इसके लिए प्रत्येक थाने में जागरूकता रैली निकाली जाएगी, यह जागरूकता स्कूलों कॉलेजों व्यापारिक संगठनों इत्यादि के बीच में किया जाएगा, हमारा उद्देश्य यही है कि यातायात का पालन करते हुए हमारे नागरिक सुरक्षित रहें। रैली में क्षेत्राधिकारी यातायात, क्षेत्राधिकारी नगर परिवहन विभाग, प्रभारी निरीक्षक यातायात शहर ग्रामीण, सिविल डिफेंस एवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण के साथ-साथ एनसीसी कैडेट, छात्र छात्राओं एवं पुलिस के जवान शामिल रहे।

## छात्रा अनाहिता शर्मा का स्लोवाक टेक्निकल विवि, ब्रिटिश में रिसर्च इंटर्नशिप में चयन



**मथुरा।** ब्रज की होनहार छात्रा अनाहिता शर्मा जो की वनस्थली विद्यापीठ जयपुर से बीटेक कर रही है, बीटेक चैथे वर्ष में स्लोवाकिया की राजधानी ब्रिटिशलावा में स्थित स्लोवाक टेक्निकल यूनिवर्सिटी में रिसर्च इंटर्नशिप के लिए चयनित हुई है जहां वे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स और साइबर मैट्रिक्स जैसे अत्याधुनिक विषयों पर शोध करेंगी। अनाहिता शर्मा मथुरा के पत्रकार अनिल शर्मा की पुत्री है, इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए अनिल शर्मा ने कहा अनाहिता ने हमेशा कड़ी मेहनत और लगन से पढ़ाई की है मथुरा से निकलकर स्लोवाकिया पहुंचना आसान नहीं था लेकिन उसकी दृढ़ इच्छाशक्ति ने यह संभव बनाया हम माता-पिता के रूप में गर्व महसूस कर रहे हैं ईश्वर से हम उसके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं मथुरा जिले के समस्त वरिष्ठ साथी पत्रकारों ने अनाहिता को इस सफलता और उज्जवल भविष्य के लिए ढेरों शुभकामनाएं दी।

## चोरी की बाइक सहित हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**टूंडला।** थाना नगला सिंघी पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान एक हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त को चोरी की मोटरसाईकिल सहित गिरफ्तार किया गया। शनिवार को थाना नगला सिंघी पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान किसान इन्टर कालेज के पीछे बहद ग्राम एलई से एक हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त शान्ति नन्दन उर्फ वरनाला पुत्र देवकरन निवासी ठार हाथी थाना क्षेत्र नगला सिंघी को चोरी की स्प्लेंडर मोटरसाईकिल सहित गिरफ्तार किया गया। थाना पुलिस ने गिरफ्तारी बरामदगी के आधार पर थाना पर मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय में पेश किया है।

## संस्कृति विवि के छात्रों ने मनाया एकता दिवस




**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय के जी ब्लाक स्थित सभागार में विद्यार्थियों ने सरदार बल्लभ भाई पटेल को उनकी जयंती पर याद करते हुए एकता दिवस मनाया। इस मौके पर संस्कृति स्टूडेंट काउंसिल ने एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें छात्र दुर्गेश ने प्रथम, छात्रा रानी यादव ने द्वितीय और छात्र पारस गुप्ता ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कैप्स के निदेशक डा. रजानीश त्यागी ने सरदार बल्लभ भाई पटेल के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया। सभागार में मौजूद सभी शिक्षकों ने सरदार पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। भाषण प्रतियोगिता का शुभारंभ छात्र ऋषभ दास के उद्बोधन के साथ हुआ।

छात्र ऋषभ ने कहा कि एक समय हमारा देश बंटवारे की आग में जल रहा था। देश टुकड़ों में बंटा हुआ था। ऐसे समय में सरदार पटेल ने देश की रियासतों को एक सूत्र में बांधकर देश को एक सूत्र में पिरोने का काम किया। छात्रा वंशिका ने कहा कि हम युवाओं के कंधों पर देश की एकता को मजबूत बनाने की जिम्मेदारी है। देश की एकता हमारी सबसे बड़ी ताकत है। छात्र पारस गुप्ता ने कहा कि एकता राष्ट्र शक्ति है। इसमें युवाओं का योगदान बहुत महत्वपूर्ण है।

छात्रा रानी यादव ने अपने संबोधन में कहा कि सरदार पटेल एक स्थापित वकील थे, लेकिन जरूरत पड़ने पर उन्होंने देश हित में राजनीति में उतरने का निर्णय लिया और कई क्रांतिकारी काम किए। छात्रा रीत गुप्ता ने कहा कि हमारा देश एकमात्र ऐसा देश है जिसमें कई सारी भाषाओं और धर्मों के लोग एक साथ मिलकर रहते हैं। कार्यक्रम के अंत में डा. नीलम ने विद्यार्थियों के विचारों की और कार्यक्म को कुशलता के साथ संपन्न कराने के लिए विद्यार्थियों की समिति के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों की प्रशंसा की। निर्णायक मंडल में प्लेसमेंट सेल के आनंद तिवारी और डा. नीलम ने भाषण प्रतियोगिता के विजयी प्रत्याशियों की घोषणा की। विजयी प्रतियोगियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन स्टूडेंट काउंसिल की उपाध्यक्ष अनामिका बेनीवाल ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्टूडेंट काउंसिल के अध्यक्ष यश श्रीवास्तव, छवि शर्मा, आशीष, प्रांजल गुप्ता, गौरांशी गुप्ता, केशव आदि का विशेष भूमिका रही।

# प्राप्त 113 शिकायतो में 16 का मौके पर निस्तारित

● डीएम की अध्यक्षता में तहसील टूंडला में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

**फिरोजाबाद।** डीएम रमेश रंजन की अध्यक्षता और जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में तहसील सभागार टूंडला में समाधान दिवस आयोजित किया गया। बता दें आम जनता की शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने के उद्देश्य से संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन पहले और तीसरे शनिवार को आयोजित किया जाता है, इस दौरान डीएम के समक्ष भूमि विवाद नामांतरण खतौनी सुधार पेंशन, राशन आयुष्मान कार्ड से संबंधित प्रकरण आए, जिसमें जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जो भी मामले समाधान दिवस में आए हैं, उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। सभी उपस्थित अधिकारी यह ध्यान दें, कि जनता को अपनी समस्याओं के समाधान हेतु बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाना पड़े, उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के तौर पर सुनिश्चित करें, डीएम ने निर्देशित किया कि हर ग्राम पंचायत में पंचायत भवन बने हैं, यहां पर आप सब जनता को न केवल सरकारी योजनाओं की जानकारी दें, अपितु छोटे-छोटे विवादों का प्राथमिक स्तर पर भी हल निकालने की कोशिश करें, साथ ही जिलाधिकारी ने कहा कि जहां पर अवैध कब्जे या भूमि विवाद संबंधी मामले हैं, वहां पर राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी के समक्ष केवल सिंह जो नगला नंदा मौजा का निवासी है, उसने शिकायत की कि उसकी भूमि पर राजस्व पुलिस की टीम ने पैमाइश कराकर जो मुद्दी गढ़वायी थी और प्रार्थी को कब्जा दिलाया था, परंतु विपक्षी पार्टी द्वारा अभी तक कब्जा नहीं हटाया गया, उस के बार-बार कहने पर उसके साथ अभद्र व्यवहार और मारपीट व गाली-गलौज भी किया, जिलाधिकारी ने इस पर उप जिलाधिकारी टूंडला को विपक्षियों पर एफआईआर करने के निर्देश दिए, इसी तरह रविंद्र सिंह नामक व्यक्ति जो ग्राम इमलिया पोस्ट पचोखरा का रहने वाला था, उसने जिलाधिकारी से शिकायत की की डॉ0 आशीष नामक व्यक्ति ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास दिलवाने के नाम पर धोखाधड़ी से 70 हजार रूपए ले लिए, परंतु मुझे जब सच्चाई ज्ञात हुई, तब मैंने अपने पैसे मांगे परंतु वह पैसे वापस देने के लिए तैयार नहीं है, इस पर डीएम ने एसएचओ पचोखरा को संपूर्ण मामले की छानबीन कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए, इसी तरह विपिन कुमार नामक व्यक्ति ने श्रीनगर पचोखरा में बन रहे स्वास्थ्य केंद्र को शीघ्र पूर्ण करने की जिलाधिकारी से अपील की, उन्होंने जिलाधिकारी से शिकायत की, कि लगभग एक वर्ष से इस उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कार्य बंद पड़ा है, जिससे यहां उप स्वास्थ्य केंद्र अधूरा पड़ा है, पचोखरा क्षेत्र के लोगों को इससे काफी परेशानी हो रही है, जिलाधिकारी ने संपूर्ण मामले की मुख्य चिकित्सा अधिकारी को जांच करने हेतु निर्देशित किया, जिससे इस जनहित कार्य उप स्वास्थ्य केंद्र को शीघ्र पूरा किया जा सके, इस दौरान जिलाधिकारी के समक्ष 113 शिकायते आईं जिसमें उन्होंने 16 शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया और सभी शिकायतों का शीघ्र निस्तारण करने का आश्वासन दिया, इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राम बदन राम उप जिलाधिकारी टूंडला, परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र त्रिपाठी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष पांडे, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी के एम सिंह तथा सभी जिला स्तरीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## सीडीओ ने सीएम सामूहिक विवाह के संबंध में दिये निर्देश

**फिरोजाबाद।** मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य की अध्यक्षता में 2 नवंबर को आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के संबंध में संबंधित अधिकारियों के साथ एक बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया, इसमें मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि इस आयोजन में 363 जोड़ों का सामूहिक विवाह आयोजित कराया जाएगा, जिसमें 275 हिंदू जोड़े और 88 मुस्लिम जोड़े हैं, का विवाह संपन्न कराया जाएगा, बैठक में सभी सम्बन्धित अधिकारियों को अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिए गए, बैठक में अपर जिलाधिकारी विशु राजा अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोहनलाल गुप्ता, मुख्य विकास अधिकारी डॉ राम बदन राम, सभी उप जिलाधिकारी परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र त्रिपाठी सहित जिला स्तरीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## कलेक्ट्रेट में वकीलों ने बना डाले बिना अनुमति चेंबर, सिटी मजिस्ट्रेट ने हटवाये



**मथुरा।** कलेक्ट्रेट परिसर में वकीलों द्वारा अवैधानिक तरीके से बनाए गए अस्थाई दर्जनों टीन शेड चैंबरों को उखड़वा दिया गया हैं। कलेक्ट्रेट की कैंटीन के समीप रिक्त पड़ी भूमि पर लंबे समय से वकील समुदाय के लोग चेंबर बनाने पर अड़े हुए थे। इस संबंध में तत्कालीन जिलाधिकारी शैलेंद्र सिंह ने शासन से भी पत्राचार किया था जिसमें शासन ने स्पष्ट रूप से उक्त भूमि पर चैंबर निर्माण की अनुमति देने से इनकार कर दिया था।पिछले माह जिला अधिकारी सीपी सिंह ने भी बार एसोसिएशन के पदाधिकरियों से इस भूमि पर चैंबर निर्माण नहीं करने का आग्रह किया था। उसे सब के बावजूद वकीलों के एक तबके ने पुलिस कार्यालय के समीप बनी कैंटीनके पीछे से कलेक्ट्रेट की कैंटीन तक रास्ते पर टीन शेड डालकर दर्जनों चैंबर बना लिए। इसी स्थान पर कलेक्ट्रेट के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के आवास बने हुए हैं। आज जब कलक्ट्रेट कर्मी सुबह पहुंचे तो वहां चैंबर बने देख उनका माथा ठनक गया सभी दौड़े दौड़े नगर मजिस्ट्रेट राकेश कुमार के पास पहुंचे। नगर मजिस्ट्रेट ने मौके पर आकर देखा तो वह भी अचंभित रह गए। उन्होंने मौके पर निर्माण कार्य में लगे मजदूरों को डपटते हुए बैलिंडग कटर से सभी चेंबर के लोहे के पाइप कटवाना शुरू कर दिया। टीन शेड चेंबर का मलबा कलैक्ट्रेट में जमा करा दिया गया है।

## देवोत्थान एकादशी पर परिक्रमा लगाते युवकों को वाहन ने रौंदा, एक की मौत, दो गंभीर

**मथुरा।** थाना जैंत क्षेत्र में आगरा-दिल्ली हाईवे पर तीन वन की परिक्रमा कर रहे 3 युवकों में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई जबकि उसके दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया जबकि घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। शनिवार की सुबह देवोत्थानी एकादशी पर परिक्रमा कर रहे तीन युवक हादसे का शिकार हो गए। आगरा-दिल्ली हाईवे पर केडी डेंटल कॉलेज के समीप अज्ञात वाहन ने तीनों युवकों को रौंद दिया। हादसे के बाद अज्ञात वाहन को चालक मौके से लेकर भाग खड़ा हुआ। हादसे के बाद वहां पहुंचे ग्रामीण ने इसकी सूचना पुलिस को दी। हादसे में थाना गोविंद नगर क्षेत्र की बंगाली कॉलोनी निवासी 22 वर्षीय शिवम शर्मा अपने साथी 24 वर्षीय करण और 22 वर्षीय रोहित के साथ परिक्रमा देने गया था। यह लोग जैसे ही नेशनल हाईवे पर के डी डेंटल कॉलेज के पास पहुंचे तभी अज्ञात वाहन ने इनमें टक्कर मार दी। हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों युवकों को जिला अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टरों ने रोहित को मृत घोषित कर दिया। वहीं करण और शिवम्की हालत देखते हुए आगरा रैफर कर दिया। रोहित के माता पिता न होने के कारण अपने नाना प्रभात दत्ता के पास रहता था। तीनों युवक पोशाक का काम करते थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वहीं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## रंगेश्वर महादेव भक्त मंडल ने मनाया बाबा रंगनाथ का प्राकट्योत्सव

● कृष्ण-बलदेव का वाकयुद्ध, जज बनकर प्राकट्य भयै रंगेश्वर महादेव, किया फैसला

**मथुरा।** कंस वध के बाद भगवान कृष्ण और शेषावतार बलदेव के वाकयुद्ध के जज बने औघड़दानी भगवान रंगेश्वर महादेव का प्राकट्योत्सव बीतीरात रंगेश्वर भक्त मंडल समिति के सदस्यों एवं अमित पुजारी ने श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया। इस दौरान रंगेश्वर महादेव का हैप्पी बर्थ डे समारोह कंस वध होने के बाद मनाया गया। भक्तों ने भगवान का मंत्रोच्चारण के मध्य अभिषेक और मनोहारी श्रृंगार किया। जिसे देखने के लिए दूसरे दिन भी भक्तों का सैलाब उमड़ता रहा।

कंस का वध करने के बाद भगवान श्रीकृष्ण ने कहा कि कंस का वध मैंने किया है, तो बलराम ने कहा कि मैंने वध किया है। इसी बात को लेकर दोनों बहस करने लगे तभी जमीन से भगवान रंगेश्वर महादेव प्रकट हुए और कहा कि कृष्ण तुम छलिया हो तुमने छल से मारा है और बलराम तुम बलिया हो तो तुमने बल से मारा है। यह कहकर दोनों भाइयों को शांत किया। मान्यता है कि कृष्ण और बलदेव ने अपने-अपने रण कौशल से कंस का संहार किया। संहार के बाद बलदेव और कृष्ण दोनों भाइयों में विवाद हो गया। दोनों कंस को मारने का श्रेय लेने लगे। कृष्ण ने कहा मैंने मारा और बलदेव ने कहा मैंने मारा। इस वाकयुद्ध के बीच में रंगनाथ बाबा प्रकट हुए और कृष्ण एवं बलदेव दोनों से कहने लगे रंग है तुम्हारा रंग है। बाबा ने कृष्ण से कहा तुमने छल से कंस को मारा और बलदेव से कहने लगे तुमने बल से कंस को मारा है। इसके बाद कृष्ण बलदेव के बीच का वाकयुद्ध शांत हो गया।

# डीएम-एसएसपी ने सुनीं जनमानस की समस्याएं

● हमारी प्राथमिकता है सभी पात्र लाभार्थियों तक पहुंचे संचालित योजनाओं का लाभ: डीएम

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने संपूर्ण समाधान दिवस/तहसील दिवस में अवसर पर तहसील मांट में आम-जनमानस की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना। जिलाधिकारी ने प्राप्त प्रार्थना-पत्रों के नियमानुसार त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने समस्त विभागीय अधिकारीयों को तहसील दिवस में आने वाले आम-जनमानस/शिकायतकताओं को विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन द्वारा संचालित योजनाएं पात्र लाभार्थियों तक पहुंचे, यह हमारी प्राथमिकता है।




जिलाधिकारी ने समाधान दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों का मौके पर जाकर मुआयना करने तथा क्षेत्रीय जनसमस्याओं को गंभीरता से लेकर उनका गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करके पीड़ित लोगों को राहत पहुँचाने हेतु अधिकारियों को कडे.निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जनता की समस्या का समाधान करना हम सबके लिए सर्वोपरि है। कोई भी फरियादी तहसील दिवस/किसी भी कार्यालय से निराश होकर नहीं जाना चाहिए। पारदर्शिता के आधार पर संबंधित को नियमानुसार न्याय दिया जाए।

उप जिलाधिकारी मांट रितु सिरोही ने अवगत कराया है कि तहसील मांट में 70 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 8 शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया गया। अन्य शिकायतों को जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को अग्रसारित करते हुए ससमय निराकरण के निर्देश दिए गए। तहसील मांट में मुख्य चिकित्सा अधिकारी राधावल्लभ, उप जिलाधिकारी मांट रितु सिरोही, क्षेत्राधिकारी मांट आशीष शर्मा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। उप जिलाधिकारी गोवर्धन प्राजक्ता त्रिपाठी ने अवगत कराया है कि तहसील गोवर्धन में 40 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 05 शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया गया है। उप जिलाधिकारी छाता वैभव गुप्ता ने अवगत कराया है कि तहसील छाता में 62 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 03 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। उप जिलाधिकारी सदर/ ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जे जैन ने अवगत कराया है कि तहसील सदर में 51 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 03 शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया गया है। उप जिलाधिकारी महावन कंचन गुप्ता ने अवगत कराया है कि तहसील महावन में 28 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 04 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

